www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

2 वर्ष सफलता भरे

आरएनआई न. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 13 दिसंबर 2025 | 28 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 347, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# दो साल का हुआ 'अनंत ज्ञान', धूमधाम से मनाई वर्षगांठ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिंदी दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं वेब टीवी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में दो वर्ष का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। दूसरी वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगरोटा बगवां के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मुख्य कार्यालय के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों के कई जागरूक नागरिकों ने हिस्सा लिया और रक्तदान कर इस नेक काम में सहयोग किया। इसका उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए रक्तदाताओं ने अपनी प्रेरक कहानियां साझा कीं और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में मुख्यातिथि हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन जिला हमीरपुर के अध्यक्ष एवं हिमाचल संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा व विशेष अतिथि के तौर पर एसडीएम मुनीष कुमार शर्मा ने रक्तदान के महत्व

**रक्तदान और जागरूकता शिविरों का किया आयोजन**



अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे विशेष अतिथि एसडीएम मुनीष कुमार शर्मा को सम्मानित करते हुए।

पर प्रकाश डालते हुए सभी से समाजसेवा में योगदान देने की अपील की। वहीं, विशेष अतिथि एचआरटीसी कांगड़ा-चंबा के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और अखबार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्षगांठ के अवसर पर अनंत ज्ञान के बिलासपुर, ऊना और सोलन मुख्यालयों पर भी विभिन्न जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। बिलासपुर में स्कूली छात्रों को जीवन के मूल्यों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने अपने बहुमूल्य अनुभवों और विचारों के माध्यम से छात्रों को नैतिकता, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी से परिचित कराया।

वहीं, ऊना और सोलन में चिट्टे के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस विभाग ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और लोगों से अपील की कि वे चिट्टे के खिलाफ एकजुट हों तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, ताकि नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को कानून के तहत न्याय मिले।

अनंत ज्ञान की इस पहल ने न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विश्वसनीयता साबित की है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और लोगों में जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि मीडिया केवल समाचार प्रदान करने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और जनजागरण में भी सक्रिय भूमिका निभा सकता है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जुबीन केस में 3500 पेज की चार्जशीट दाखिल

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने शुक्रवार को गुवाहाटी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। वकीलों के मुताबिक चार्जशीट में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत और 3 अन्य पर जुबीन की हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और सस्पेंड पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। करीब 3,500 पेज की चार्जशीट और उससे जुड़े सबूत चार ट्रंक में भरकर कोर्ट लाए गए। नौ सदस्यीय एसआईटी छह गाड़ियों के काफिले में कोर्ट पहुंची। जुबीन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय हालात में मौत हुई थी। मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश सीमा पर बस हादसे में 9 की मौत

**एजेंसी, जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश राज्य की सीमा पर स्थित मारेडमिल्ली घाटी पर एक यात्री बस पलट गई है। हादसे में 9 यात्रियों की ऑन स्पॉट डेथ हो गई है, जबकि कुछ यात्री घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मामला मारेडमिल्ली थाना क्षेत्र का है। हादसे के समय बस में 40 यात्री सवार थे। घटनास्थल के वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें दिखा कि बस घाटी से गिरकर नीचे घनी झाड़ियों में फंस गई। कई यात्री बस से नीचे सड़क पर गिर गए। सड़क पर मृतकों के शव और लोगों का सामान बिखरा पड़ा था। बताया जा रहा है कि, 12 दिसंबर की सुबह बस अरकू से रायलासीमा चिंतुर जा रही थी। इसमें करीब 40 यात्री सवार थे। इसी बीच घाट में बस अनियंत्रित हुई और नीचे गिर गई। हादसे के बाद उस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने मदद की और घायलों को बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)

### जापान में 6.7 तीव्रता के भूकंप के झटके

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान में शुक्रवार सुबह एक बार फिर धरती हिलने से दहशत फैल गई। जापान में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय समय के अनुसार यह भूकंप सुबह 8:14 बजे आया। भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई। इसी के साथ सुनामी की भी चेतावनी जारी की गई। हालांकि फिर बाद में उसे वापस लिया गया। ताजा जानकारी के अनुसार भूकंप के बाद सुनामी की एडवाइजरी को हटा लिया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक शुक्रवार को देश के उत्तर-पूर्व में रिक्टर स्केल पर भूकंप की 6.7 तीव्रता मापी गई। भूकंप के बाद सुनामी की भी चेतावनी जारी की गई। किसी गंभीर नुकसान या चोट की तुरंत कोई रिपोर्ट नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अनंत ज्ञान ने गगरेट से जगाई चिट्टे के खिलाफ अलख -पेज 2
- अनंत ज्ञान के हेड ऑफिस में लगाया रक्तदान शिविर -पेज 3
- बैजनाथ अस्पताल में पार्किंग अव्यवस्था बनी मरीजों के लिए मुसीबत -पेज 4
- मेडिकल कॉलेज में फर्जी मेल का मामला रैगिंग का नहीं, शिकायत का -पेज 6
- जलवायु परिवर्तन, पहाड़ों की कटिंग ने बढ़ाई घाटी की नाजुकता -पेज 11


# जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपए का बजट मंजूर

## पहली बार डिजिटली होगी जनगणना, एक व्यक्ति पर खर्च होंगे 97 रुपए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 2027 में होने वाली जनगणना के लिए कैबिनेट मीटिंग में 11,718.24 करोड़ रुपए के बजट की मंजूरी दी है। देश में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपए खर्च होंगे। दरअसल, 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए तो 1 व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपए खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपए/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए तो प्रति व्यक्ति 78 रुपए खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह CaaS सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी।



इसके अलावा कैबिनेट ने कोलसे विंडो को मंजूरी दी है। इसके तहत अलग-अलग इंडस्ट्रियल इस्तेमाल और एक्सपोर्ट के लिए कोल लिंकेज की नीलामी, सही पहुंच और रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल पक्का करना है। सरकार ने 2026 सीजन के लिए कोपरा के मिनिमम सपोर्ट प्राइस को भी मंजूरी दी। 2026 सीजन के लिए फेयर एवरेज क्वालिटी मिलिंग कोपरा के लिए एमएसपी 12,027 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। 2026 सीजन के लिए एमएसपी में पिछले सीजन के मुकाबले मिलिंग कोपरा (सूखे नारियल का गोला) के लिए 445 रुपए प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 400 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। (अनंत ज्ञान)

### मनरेगा का नाम बदलेगी सरकार

**केंद्र** सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है।

### इंश्योरेंस सेक्टर में एफआईडी 100%

**केंद्र** सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफआईडी ) की लिमिट 100% करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74% था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने वीरवार को इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को मंजूरी दी थी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी।

# जनजातीय क्षेत्रों में ट्रैवलर वाहनों की खरीद पर मिलेगी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी : सीएम

## सौर ऊर्जा क्षेत्र में सृजित किए जा रहे स्वरोजगार के अवसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला में हिमाचल प्रदेश जनजातीय सलाहकार परिषद की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से अनुसूचित क्षेत्रों में परिवहन क्षेत्र के माध्यम से आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए बस और ट्रैवलर वाहनों की खरीद पर पात्र युवाओं को 40 प्रतिशत तक सब्सिडी तथा सड़क कर पर चार माह की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित करने को विशेष अधिमान दे रही है। जनजातीय इलाकों में सौर ऊर्जा क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए सरकार निजी क्षेत्र में 250 किलोवाट से एक मेगावाट तक की सौर परियोजना स्थापित करने के लिए ब्याज उपदान प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बर्फबारी वाले क्षेत्रों में विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि मार्च-अप्रैल में स्थिति सामान्य होने पर निर्माण कार्य आरंभ कर उन्हें शीघ्र पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पांगी और स्पीति में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए पांगी के धनवास में 1.2 मेगावाट तथा स्पीति के रोंगटोंग में 2 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों को शीघ्र ही कार्यशील किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वनवासी अधिनियम-2006 के तहत सितंबर 2025 तक 1,039 पट्टे वितरित हो चुके हैं। किन्नौर और स्पीति के लोगों की सुविधा के लिए रामपुर में जनजातीय भवन का निर्माण तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, जबकि नूरपुर का भवन जल्द जनता को समर्पित किया जाएगा। पांगी घाटी को प्रदेश का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि स्पीति से शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना भी जनजातीय क्षेत्रों में महिला सम्मान और सामाजिक सुरक्षा का नया अध्याय लिख रही है।



शिमला में हिमाचल प्रदेश जनजातीय सलाहकार परिषद की 50वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### जनजातीय क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति आय अधिक

**कैलाश** मानसरोवर यात्रा को शिपकी-ला मार्ग से आरंभ करने की पहल भी बैठक में एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में उभरी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय केंद्र सरकार के समक्ष गंभीरता से रखा गया है और चीन अधिकृत तिब्बत के साथ परंपरागत व्यापार को पुनर्जीवित करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने इस बात पर खास जोर दिया कि आज हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति आय प्रदेश के अन्य भागों से अधिक है और सामाजिक सूचकांकों में भी ये क्षेत्र अग्रणी हैं। जन्म के समय बेहतर लिंगानुपात इसकी मिसाल है। महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर भी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगुलसरी क्षेत्र में अक्सर बाधित रहने वाली सड़क के स्थान पर नई सड़क का निर्माण किया जाएगा, ताकि किन्नौर जिले को निर्बाध संपर्क सुविधा मिल सके।

### पुतिन की मीटिंग में जबरन घुसे शहबाज

**एजेंसी, मॉस्को।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मीटिंग में जबरन घुस गए। उस वक्त पुतिन तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ मीटिंग कर रहे थे। यह मामला तुर्कमेनिस्तान का है। यहां इंटरनेशनल पीस एंड ट्रस्ट फोरम की मीटिंग हो रही है। यहां पुतिन और शहबाज के बीच मीटिंग होनी थी, लेकिन शहबाज को 40 मिनट तक इंतजार कराने के बाद भी पुतिन उनसे मिलने नहीं पहुंचे। इसके बाद शहबाज थककर वहां से निकल गए और पुतिन-एर्दोगन की चल रही मीटिंग में शामिल होने चले गए। 10 मिनट बाद शहबाज को अकेले वहां से निकलते देखा गया। जब पुतिन वहां से निकले तो उन्होंने एक पत्रकार को देख आंखों से इशारा किया। यह सभी घटनाएं वीडियो में कैद हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में अफसरशाही में फेरबदल

## विश्व मोहन आरटीओ शिमला, राजेश शर्मा को मिल्कफेड का प्रभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को प्रशासनिक ढांचे में महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए तीन अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए। ये आदेश मुख्य सचिव संजय गुप्ता की ओर से जारी किए गए हैं। सरकार के इस निर्णय को विभागीय कामकाज को और सुचारु बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

वर्ष 2019 बैच के एचपीएएस अधिकारी और तकनीकी शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव विश्व मोहन देव चौहान को अब रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर शिमला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही सुरी दास नेगी को अतिरिक्त



कार्यभार से मुक्त कर दिया जाएगा। वहीं, 2012 बैच के एचपीएएस अधिकारी और मिल्कफेड के एमडी डॉ. विकास सूद को सरकार ने एक नई भूमिका में नियुक्त किया है। उन्हें अतिरिक्त सचिव तकनीकी शिक्षा बनाया गया है और इसके साथ ही अतिरिक्त सचिव राजस्व-डीएम का अतिरिक्त चार्ज भी प्रदान किया गया है।

तीसरे अधिकारी आईएफएस राजेश शर्मा हैं, जो वर्तमान में समग्र शिक्षा के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें मिल्कफेड का प्रभार दूसरी बार सौंपा गया है। इससे पहले फरवरी 2023 में भी उन्हें यहां नियुक्त किया गया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर उन्हें हटाकर समग्र शिक्षा विभाग भेज दिया गया था।

### 35 जेई बने एसडीओ

**लोक** निर्माण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना में 35 जूनियर इंजीनियरों को पदोन्नत कर एसडीओ बनाया गया है। पदोन्नति के बाद सभी अधिकारियों को नए स्टेशन पर तैनाती के आदेश दिए गए हैं और उन्हें दस दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्हें इसकी सूचना मुख्यालय को भी देनी होगी।

### चीनी पेशेवरों के लिए वीजा नियमों में बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने कम समय के लिए देश का दौरा करने वाले चीनी पेशेवरों के लिए व्यावसायिक वीजा की जल्द स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किए हैं। यह कदम पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण हो चुके रिश्तों को फिर से मजबूत करने की कोशिशों के बीच उठाया गया है। हालांकि, मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने शुक्रवार को बताया कि सभी चीनी वीजा आवेदकों की मौजूदा जांच प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है कि पहले कम समय के लिए भारत आने वाले चीनी पेशेवरों को छह महीने या उससे ज्यादा की वैधता वाले रोजगार वीजा या 'ई' वीजा जारी किए जाते थे। (अनंत ज्ञान)

# सरकार प्रदूषण रोकने का प्लान बनाए : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, 'हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं।' राहुल ने कहा, 'यह एक अहम मुद्दा है। मुझे पूरा यकीन है कि सरकार और हमारे बीच इस मामले पर एक सहमति होगी। इस सदन में मौजूद हर सदस्य इस बात से सहमत होगा कि प्रदूषण के कारण देश के लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।' इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने पहले दिन से ही अपना रुख साफ कर दिया था कि हम सभी अहम मामलों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। सरकार सभी विपक्षी पार्टी के नेताओं से सुझाव लेने के लिए भी तैयार है। (अनंत ज्ञान)

**रिजिजू बोले हम संसद में चर्चा को तैयार**

# पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 वर्ष की उम्र में निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे। हालांकि मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी हमलों के दौरान उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी। देश में इतने बड़े संकट के बावजूद शिवराज ने एक ही दिन में कई बार ड्रेस बदली। इसके लिए उनकी आलोचना हुई। (अनंत ज्ञान)



**मुंबई हमले की नैतिक जिम्मेदारी लेकर दे दिया था इस्तीफा**

**पेंडेंसी** सुप्रीम कोर्ट में 90 हजार और 25 हाईकोर्ट में 63 लाख मामले लंबित

# देशभर के न्यायालयों में 5.50 करोड़ केस पेंडिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि देशभर की अदालतों में कुल 5.49 करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक लिखित उत्तर में कहा कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में 90,897 मामले, देश के 25 हाईकोर्ट में 63,63,406 मामले और निचली अदालतों में 4,84,57,343 मामले लंबित हैं।

यह आंकड़े 8 दिसंबर तक के हैं। मेघवाल ने बताया कि न्यायिक देरी कई कारणों की वजह से होती है- मामलों की जटिलता, सबूतों की प्रकृति, वकीलों, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों का सहयोग, तथा अदालतों में पर्याप्त ढांचे और स्टाफ की उपलब्धता जैसे कारक लंबित मामलों को बढ़ाते हैं। गौर रहे कि देशभर की अदालतों में करोड़ों मामलों के लंबित होने से दोषियों को सजा और निर्दोष लोगों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। (अनंत ज्ञान)



कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में दी जानकारी

### सीजेआई ने भी 19 दिन पहले जताई थी चिंता

**सीजेआई** सूर्यकांत ने 22 नवंबर को शपथ लेने से दो दिन पहले कहा था कि देश में 5 करोड़ से ज्यादा पेंडिंग केस न्यायपालिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि इन बैकलॉग से निपटना और विवाद सुलझाने के लिए मीडिएशन को बढ़ावा देना, उनकी दो प्रायोरिटी होंगी। सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केस की संख्या 90 हजार को पार कर चुकी है। मेरी पहली और सबसे बड़ी चुनौती ये पेंडिंग केस हैं। मैं इस बात में नहीं जा रहा कि यह कैसे हुआ, कौन जिम्मेदार है। उन्होंने उदाहरण दिया कि दिल्ली के लैंड एक्विजिशन विवाद से जुड़े करीब 1,200 मामले उनके एक फैसले से निपटे थे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि दूसरा मुद्दा मीडिएशन है। यह विवाद सुलझाने के सबसे आसान तरीकों में से एक है और यह सच में गेम चेंजर हो सकता है।

### करूर भगदड़ की निष्पक्ष जांच होना जरूरी : कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में पहले दिए गए अपने निर्देश को बदलने से इनकार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तामिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे। मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की। विजय की पार्टी वीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लुथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस महेश्वरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो।' सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्तूबर के अपने फैसले को याद किया और बताया कि यह कमेटी जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए बनाई गई थी।

# इंडिगो के चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। नागरिक उड्डयन नियामक (डीजीसीए) ने शुक्रवार को एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की देखरेख के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। उधर, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन डीजीसीए के सामने पेश होंगे। इससे पहले वीरवार को पीटर से अधिकारियों ने करीब 2 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल-जवाब किए गए। वहीं, बेंगलुरु एयरपोर्ट से शुक्रवार को इंडिगो की 54 फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें 31 आने वाली (अराइवल) और 23 जाने वाली (डिपार्चर) फ्लाइट शामिल हैं। देश में कम किराए वाली विमान सेवा शुरू करने वाले कैप्टन गोपीनाथ ने कहा कि इंडिगो संकट शायद इसलिए बढ़ा, क्योंकि एयरलाइन संचालकों में घमंड और ओवरकॉन्फिडेंस आ गया था। (अनंत ज्ञान)

**एयरलाइन के सीईओ से डीजीसीए ने दूसरे दिन भी की पूछताछ**

# अनंत ज्ञान ने गगरेट से जगाई चिट्टे के खिलाफ अलख

## गगरेट के एसडीएम सौमिल गौतम और एसएचओ रमेश चंद ने नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की जानकारी पुलिस से साझा करने का किया आह्वान

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**गगरेट।** दैनिक अनंत ज्ञान समाचार-पत्र हिमाचली हितों व सरोकारों के प्रति कितना गंभीर है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण आम जनमानस ने शुक्रवार को द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट में देखने को मिला। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार-पत्र के दो वर्ष पूरे होने पर दैनिक अनंत ज्ञान समाचार-पत्र द्वारा प्रदेश के ज्वलंत मुद्दे हेरोइन (चिट्टे) जैसे घातक नशे के बढ़ते प्रचलन पर द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के सभागार में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके लोगों को इस घातक नशे के प्रति जागरूक किया, जबकि डीएसपी के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे एसएचओ गगरेट रमेश चंद ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत करते हुए नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की जानकारी पुलिस से साझा करने का आह्वान किया।

दैनिक अनंत ज्ञान समाचार-पत्र के जिला प्रभारी राजेश शर्मा ने कहा कि दैनिक अनंत ज्ञान सिर्फ एक समाचार-पत्र ही नहीं बल्कि पहाड़ी प्रदेश की वह रूह है जिसे इस प्रदेश की जवानी की फिक्र है। यही वजह है कि हेरोइन जैसे घातक नशे के विरुद्ध प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई जंग में एक सजग प्रहरी की तरह खड़ा हुआ है। इस अवसर पर द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के उपाध्यक्ष अभिनव पुरी, दैनिक अनंत ज्ञान के स्थानीय पत्रकार सन्नी पुरी, संजीव जसवाल, राकेश कुमार, सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे।



अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गगरेट में आयोजित नशा निवारण विषय पर चिट्टा मुक्त अभियान जागरूकता शिविर में उपस्थित एसडीएम सौमिल गौतम और अन्य गणमान्य ट्रक यूनियन के सदस्यों के साथ।

### एसडीएम ने सराहे अनंत ज्ञान के प्रयास

**जागरूकता** शिविर में एसडीएम सौमिल गौतम ने दैनिक अनंत ज्ञान के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ये लड़ाई सिर्फ शासन या प्रशासन की लड़ाई नहीं है, बल्कि इस लड़ाई में समाज के हर वर्ग को शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दैनिक अनंत ज्ञान ने इस लड़ाई में शामिल होकर साबित किया है कि उसे हिमाचली हितों की फिक्र है। उन्होंने कहा कि चिट्टा ऐसा घातक नशा है जिसका कोई तोड़ नहीं है। बेशक पुलिस सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए शिद्दत से प्रयास कर रही है, लेकिन जब तक डिमांड चेन ध्वस्त नहीं होती तब तक चिट्टे के विरुद्ध इस जंग को नहीं जीता जा सकता। डिमांड चेन तभी तोड़ी जा सकती है जब लोग खुलकर इस लड़ाई में शामिल हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की हिदायत पर उपायुक्त जतिन लाल ने पंचायत स्तर पर चिट्टे के विरुद्ध कमेटियों का गठन कर दिया है जिनकी माह में एक बैठक होगी और गांव की गतिविधियों को लेकर ये फीडबैक देगी। उन्होंने कहा कि यह न देखें कि किसी और घर का चिराग इस लत का आदी हो रहा है ये आग कब आपके घर को घेर ले इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता, इसलिए अभी से सतर्क नागरिक की तरह इसके विरुद्ध मोर्चा खोलें।

### चिट्टे को जड़ से खत्म करने के लिए 112 नंबर भी किया जारी : एसएचओ

**एसएचओ** गगरेट रमेश चंद ने कहा कि चिट्टे के विरुद्ध अगर कोई जानकारी है तो इसे पुलिस के साथ सांझा करें। प्रदेश सरकार ने चिट्टे को जड़ से खत्म करने के लिए अब 112 नंबर भी जारी किया है। चिट्टे की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को नकद ईनाम भी मिलेगा। वहीं प्रेस क्लब गगरेट के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि चिट्टे का नशा महज नशा नहीं बल्कि धीमा जहर है। जो धीरे-धीरे इसका सेवन करने वाले को मौत की आगोश में लेकर जाता है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आह्वान किया कि अपने बच्चों के साथ संवाद करते रहें और बच्चों की आदतों व व्यवहार पर ध्यान रखें, ताकि आपको पता चल सके कि आपका लाडला गलत संगत में तो नहीं जा रहा है। उन्होंने इस आयोजन के लिए दैनिक अनंत ज्ञान का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जाहिर की कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा।


मुख्यातिथि सुशील पुंडीर।


अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेश नड्डा।


प्रधानाचार्य मोनिका वात्सयान।


अनंत ज्ञान के जिला बिलासपुर के प्रभारी अरुण डोगरा।

### अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ पर बिलासपुर में विद्यार्थियों को दिए आगे बढ़ने के टिप्स

# ज्ञान के अलावा जीवन में प्रेरणा, अनुशासन और मानवीय मूल्य भी सिखाती है शिक्षा : सुशील पुंडीर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं वेब टीवी की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बिलासपुर में भव्य जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डीएवी स्कूल, चंगर सेक्टर, बिलासपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवन प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास तथा खेल भावना के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपने अनुभवों व विचारों के माध्यम से बच्चों को वास्तविक जीवन के मूल्यों से परिचित कराया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और प्रेरणा से परिपूर्ण दिखाई दिया, जहां विद्यार्थियों ने न केवल वक्ताओं के विचारों को सुना बल्कि उनसे संवाद स्थापित कर सीखने का अवसर भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में रक्तवीर एवं शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक सुशील पुंडीर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल विद्यालयीन पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में हमें आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध केवल ज्ञान तक सीमित न होकर प्रेरणा, अनुशासन और मानवीय मूल्यों से भी जुड़ा होता है।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किसी भी बच्चे की असली क्षमता तब विकसित होती है, जब उसे सही समय पर सही दिशा दी जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे सीखने की प्रक्रिया को केवल परीक्षा तक न समझें, बल्कि ज्ञान को व्यवहार में लाने की आदत डालें। उन्होंने अनंत ज्ञान के मंच के माध्यम से बच्चों को जीवन-उन्मुख शिक्षा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के समग्र विकास में अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने अनंत ज्ञान की पूरी टीम को दूसरी वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मंच आने वाले समय में भी समाज में सार्थक परिवर्तन का वाहक बनेगा।

स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने स्वास्थ्य जागरूकता पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अच्छी जीवनशैली का आधार सिर्फ व्यायाम या खेल नहीं, बल्कि सही खानपान, समय प्रबंधन, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य भी है। कौशल ने कहा कि छोटी-छोटी आदतें बड़े स्वास्थ्य लाभ देती हैं। उन्होंने अनंत ज्ञान द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूलों में ले जाने की पहल का स्वागत करते हुए संस्था को वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेश नड्डा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में जीवन के संघर्षों और सफलता के मार्ग पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि उनके खेल जीवन में ऐसे कई अवसर आए जब हार, असफलता और निराशा के क्षण सामने आए, लेकिन धैर्य और निरंतर अभ्यास ने उन्हें मजबूत बनाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिंदगी में अनुशासन, लगन, टीमवर्क और लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाता है। नड्डा ने बच्चों को यह संदेश दिया कि सफलता अचानक प्राप्त नहीं होती, इसके लिए लगातार प्रयास और आत्मविश्वास की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करना सबसे बड़ा सामाजिक योगदान है।

स्कूल की प्रधानाचार्य मोनिका वात्सायन ने अनंत ज्ञान की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अनंत ज्ञान की टीम ने जो रिसोर्सपर्सन स्कूल में आज बुलाए हैं, उन्होंने बच्चों के मानसिक, शैक्षिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अनंत ज्ञान प्रबंधन को दूसरी वर्षगांठ पर विशेष बधाई देते हुए कहा कि यह संस्था निरंतर समाज सेवा और शिक्षा क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रही है, जो सराहनीय है।

कार्यक्रम में डीएवी स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा अनंत ज्ञान की टीम का सम्मान भी किया गया। अनंत ज्ञान प्रबंधन ने भी मुख्यातिथि सुशील पुंडीर, स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल, खिलाड़ी सुरेश नड्डा सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का यह सम्मान समारोह सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं वेब टीवी की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह मंच आने वाले समय में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में नई मिसालें कायम करता रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ पर बिलासपुर स्थित डीएवी स्कूल में छात्रों को जीवन के मूल्य समझाने के लिए करवाए गए विशेष कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्यतिथि सुशील पुंडीर के साथ स्कूल शिक्षक, स्टूडेंट्स व अन्य सामूहिक चित्र में।


मुख्यातिथि सुशील पुंडीर को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिला प्रभारी अरुण डोगरा।


विशिष्ट अतिथि का सम्मान करते अनंत ज्ञान के जिला प्रभारी।


डीएवी स्कूल की प्रधानाचार्य को सम्मानित करते हुए जिला प्रभारी।


मंच संचालन करते हुए भूपेश नड्डा।


स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल।

### अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ पर सोलन में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# चिट्टे के नशे का सफाया तभी संभव, जब समाज और सरकार साथ आएं : सुभाष अत्री


अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ पर सोलन में करवाए गए कार्यक्रम में मुख्यातिथि वेरटेक्स आईटीआई सोलन एमडी सुभाष अत्री व अन्य समूहिक चित्र में।

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** अनंत ज्ञान समाचार पत्र और डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ और अनंत ज्ञान समूह के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ के जन्मदिवस के मौके पर सोलन ब्यूरो की तरफ से नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने हिस्सा लेकर अपने विचार साझा किए।

इस मौके पर वेरटेक्स आईटीआई सोलन एमडी सुभाष अत्री बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोलन ब्यूरो प्रभारी मोहन चौहान ने की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने विचार गोष्ठी से समाज में जहर घोल रही नशावृत्ति पर कड़ा प्रहार करते हुए इससे जड़ से उखाड़ने के लिए कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। साथ ही युवाओं बरगलाकर नशे की आदत में धकेल रहे नशा माफियो को मौत की सजा देने की पैरवी की। युवाओं ने नारा लेखन से भी समाज को नशे की खिलाफ एक जुट होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सुभाष अत्री ने अनंत ज्ञान समाचार पत्र के दो वर्ष पूर्ण होने की बधाई दी साथ ही नशे जैसे गंभीर विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आज नशे की गलत आदत से हमारी युवा पीड़िया बर्बाद हो रही है। इस बुराई को मिटाने के लिए अभिभावकों से साथ समाज और सरकार को एक जुट होकर चिट्टे के नशे को जड़ से मिटाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

उन्होंने युवाओं से गलत आदतों में न पड़कर अपने करियर की तरफ ध्यान देना चाहिए। तभी हमारे युवा और देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने विचार गोष्टी और नारा लेखन में अव्वल रहे युवाओं को भी सम्मानित किया। अंत में सोलन प्रभारी मोहन चौहान ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर शशि भास्कर, कुलदीप कश्यप, मनीषा अत्री, विभूति, नेहा, स्मृति,निधिका और शुभम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।


नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर विचार व्यक्त करते सोलन जिले के प्रभारी आर मोहन चौहान।
















अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगांठ पर करवाई गई विचार गोष्ठी और नारा लेखन में अव्वल रहे युवाओं को सम्मानित करते हुए।

# अनंत ज्ञान के हेड ऑफिस में लगाया रक्तदान शिविर

## दूसरी वर्षगांठ पर पहुंचे अतिथियों ने समाचार पत्र की निष्पक्ष पत्रकारिता को सराहा, रक्तदानियों ने किया रक्तदान को प्रेरित

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**नगरोटा बगवां।** दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान ने शुक्रवार को दो वर्ष का सफर पूरा किया। दो वर्ष के सफल व बेहतरीन सफर के पूरा होने पर समाचार पत्र प्रबंधन की ओर से हेड ऑफिस नगरोटा बगवां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के स्टाफ सहित युवाओं ने आगे आकर रक्तदान किया। शिविर में कई गणमान्य लोगों ने शिरकत करते हुए अनंत ज्ञान समाचार पत्र और पूरी टीम की निष्पक्ष पत्रकारिता को सराहा।

रक्तदान शिविर में हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन जिला हमीरपुर के अध्यक्ष व हिमाचल संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा, विशेष अतिथि एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीष कुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डीपीआरओ कांगड़ा विनय कुमार ने शिरकत की। शिविर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की।



मुख्यातिथि डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा को सम्मानित करते सीईओ विशाल धीमान, संपादक समरजीत, डीजीएम संजीव कुमार, जिला प्रभारी राजेश कुमार व साथ हैं अन्य।

### अनंत ज्ञान की अनूठी पहल की सराहना

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र ने दूसरी वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर की महत्वपूर्ण सामाजिक पहल की है। स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से अपना रक्त दान करते हैं, जिससे जरूरतमंद मरीजों (दुर्घटना पीड़ितों, सर्जरी के रोगियों, एनीमिया आदि) की जान बचाई जा सके। रक्तदान यह जीवन बचाने के साथ-साथ दान करने वाले को भी स्वास्थ्य जांच (हीमोग्लोबिन, रक्तचाप) का लाभ देता है और एक नई ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे समुदाय में परोपकार की भावना बढ़ती है।

### एमडी को दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान** समाचार पत्र की दूसरी वर्षगांठ के दिन ही संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. दिलीप धाकड़ का जन्मदिन भी था। रक्तदान शिविर में पहुंचे अतिथियों व लोगों ने संस्थान के प्रबंध निदेशक को भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदानी।













एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा के साथ सीईओ विशाल धीमान, संपादक समरजीत व डीजीएम संजीव कुमार।



रक्तदान शिविर से पूर्व प्रेस परिसर में पूजा-अर्चना करते प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद।



रक्तदान शिविर में उपस्थित टांडा मेडिकल कॉलेज से आई डॉक्टरों की टीम।













### प्रकृति प्रेमी डॉ. सुरेंद्र बोले, रक्तदान महादान के साथ जीवनदान भी

**रक्तदान** शिविर के मुख्यातिथि डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा वर्तमान में मॉडल पीएचसी जंगलबैरी में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान, महादान के साथ जीवनदान भी है। रक्तदान शिविर में दान किया गया रक्त किसी की जान बचाने के काम आता है। डॉ. सुरेंद्र पेशे से डाक्टर हैं और समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। प्रकृति प्रेमी डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि वर्तमान दौर की भागदौड़ की जिंदगी में लोग खुद को व्यायाम करके तंदरुस्त रख सकते हैं। रक्तदान करने आए युवाओं से डॉ. सुरेंद्र ने नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशे से बुरी कोई चीज नहीं, युवाओं को नशे के बजाय अपना ध्यान खेलों और साामजिक कार्यों में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे ने कई घर उजाड़े हैं, युवा नशे के चुंगल में न फंसे, इसके लिए वह समय-समय पर स्कूल व कालेज स्टूडेंट्स को जागरूक करते रहते हैं। गरीबों की मदद को हर समय तत्पर डॉ. सुरेंद्र कहते हैं कि उनसे जो भी मदद मांगता है तो वे हमेशा आगे रहती है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, ऐसे में युवा स्वस्थ होंगे तो देश को सही दिशा में लेकर जाएंगे, ऐसे में युवा संकल्प लें कि नशे का सेवन नहीं करेंगे तथा खुद को सामाजिक कार्यों में लगाएंगे।






### डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने रक्तदान कर बचाई थी गर्भवती महिला की जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सुजानपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने अपने दुर्लभ रक्त समूह एबी-नेगेटिव के साथ वह उदाहरण पेश किया, जो समाज में मानवता और सेवा की असली परिभाषा है। बीते दिन जब डॉ. डोगरा सुजानपुर से नगरोटा बगवां में एक कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे, तभी उन्हें अचानक एक संदेश मिला कि हमीरपुर की एक गर्भवती महिला वनीता को ऑपरेशन के दौरान तुरंत एबी-नेगेटिव रक्त की आवश्यकता थी। यह रक्त समूह अत्यंत दुर्लभ होता है और समय बेहद कम था। स्थिति की गंभीरता समझते ही डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बिना एक पल की देर किए नगरोटा बगवां से हमीरपुर तक की लंबी दूरी तय की और स्वयं रक्तदान कर महिला की जान बचाई। डॉ. डोगरा



का यह साहसिक और निस्वार्थ कदम यह सिद्ध करता है कि इंसानियत अभी भी जिंदा है, जहां पद, व्यस्तता और सम्मान से ऊपर उठकर किसी की जिंदगी को बचाना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस क्रम में साथ ही निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनूप कुमार ने भी रक्तदान दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पवित्र कार्य को अपने कर्म से जीवंत कर, डॉ. सुरिंद्र सिंह डोगरा ने न सिर्फ एक मां को नई जिंदगी दी बल्कि समाज के सामने सेवा और संवेदनशीलता की एक अद्भुत मिसाल भी कायम की। उनका यह योगदान हर नागरिक को प्रेरित करता है कि जब भी जरूरत पड़े, हम एक-दूसरे के लिए खड़े हों, क्योंकि किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ी मानव सेवा है।



कर्नल (डॉ.) धनी राम शांडिल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक कल्याण मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002

संदेश

अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई। आज के इस विशेष दिन पर हार्दिक शुभकामनाएं।


अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी ने अपने दो वर्षों के सफर में समाज के हर वर्ग तक तथ्य आधारित, आवश्यक, सही और सटीक जानकारी पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। आज के इस डिजिटल युग में, जहां पूरी दुनिया एक ग्लोबल विलेज बन चुकी है और सूचना का प्रवाह बेहद तेज है, अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी ने अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया है। आपने खबरों को न केवल तेज़, बल्कि सटीकता और जिम्मेदारी के साथ पाठकों और श्रोताओं तक पहुंचाया है, जिसके लिए समाचार पत्र और टीवी से जुड़ी पूरी टीम बधाई की पात्र है।

आपकी निष्पक्ष पत्रकारिता ने समाज के विभिन्न महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर रोशनी डाली है, शासन और प्रशासन से कठिन सवाल पूछे हैं, और लोकतंत्र के प्रमुख स्तम्भों में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित की है। इससे आमजन सशक्त हुआ है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है।

मुझे विश्वास है कि अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी ख़बरें पहुंचाने के साथ ही वांछित सामाजिक बदलावों को ध्यान में रखते हुए आगे भी काम करता रहेगा। आपकी टीम की मेहनत, समर्पण और पेशेवर रवैये ने इस संस्थान को एक मजबूत पहचान दिलाई है, और मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी पत्रकारिता क्षेत्र में अपने काम से नई पहचान स्थापित करेंगें।

एक बार पुनः अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई। शुभकामनाएं।

(कर्नल (डॉ.) धनी राम शांडिल)



Rajesh Dharmani

TCP, Housing & Tech. Edu. Minister, Himachal Pradesh, Shimla-171002

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी 12 दिसम्बर, 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। अनंत ज्ञान मीडिया हाउस प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है।


प्रेस व मीडिया के तटस्थ, स्वतंत्र, निष्पक्ष व जिम्मेदार होने से ही लोक व लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। सरकार व जनता के मध्य संवाद कायम करने में भी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रेस राष्ट्र के लिए सजग प्रहरी का कार्य करता है तथा नीति-निर्माताओं का सही मार्गदर्शन करता है।

वर्तमान में हिमाचल विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश के लोगों की मेहनत और सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप हिमाचल आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित होगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी सरकार की अभिनव पहलों तथा हिमाचल की बहुरंगी संस्कृति से लोगों को अवगत करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान की दूसरी वर्षगाठ के लिए मेरी शुभकामनाएं।

(राजेश धर्माणी)



विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171 002

सन्देश


यह अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान 12 दिसम्बर, 2025 को अपनी द्वितीय वर्षगांठ मना रहा है।

अनंत ज्ञान समाचार पत्र द्वारा जन-जन तक निष्पक्ष एवं सटीक समाचार पहुंचाने का जो प्रशंसनीय प्रयास किया जा रहा है वह वास्तव में सराहनीय है। समाचार पत्र द्वारा प्रस्तुत समाचार, विश्लेषण एवं सकारात्मक पहलें समाज को जागरूक, संवेदनशील और सूचना समृद्ध बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र भविष्य में भी इसी निष्ठा और पारदर्शी पत्रकारिता के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा।

मेरी ओर से 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र की द्वितीय वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं।

(विक्रमादित्य सिंह)



Himachal Pradesh Congress Committee

0177-2650169 (O)
0177-2657323
94180-42224

VINAY KUMAR, MLA
President

# RAJIV BHAWAN, SHIMLA-171 001 (H.P.)

12/12/2025

दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी को उनकी वर्षगाँठ पर हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाएँ।

समाज से जुड़े मुद्दों को निष्पक्षता, संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जनता तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। अनंत ज्ञान और डिजिटल टीवी ने अपने कार्यकाल में जिस प्रतिबद्धता, पेशेवर क्षमता और सच्ची पत्रकारिता का परिचय दिया है, वह सराहनीय है।


आज के समय में त्वरित और विश्वसनीय सूचना का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। ऐसे दौर में आपके दैनिक समाचार पत्र ने समाज को जागरूक करने, जनहित के प्रश्न उठाने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में प्रभावशाली योगदान दिया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान और डिजिटल टीवी भविष्य में भी इसी निष्ठा, संतुलन और मर्यादा के साथ पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखेंगे तथा जनविश्वास को सशक्त बनाने में निरंतर अग्रसर रहेंगे।

वर्षगाँठ के इस विशेष अवसर पर, मैं संपादकीय टीम, स्टाफ, पाठकों और दर्शकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

आपकी आगे की यात्रा ज्ञान, प्रगति और सफलता से परिपूर्ण हो।

(विनय कुमार)
अध्यक्ष,
प्रदेश कांग्रेस कमेटी



अनिरुद्ध सिंह

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171 002


संदेश

यह हर्ष का विषय है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी 12 दिसम्बर 2025 को दूसरी वर्षगांठ मना रहा है।

अनंत ज्ञान समाचार पत्र निष्पक्ष पत्रकारिता में अपनी अलग पहचान कायम कर रहा है। समय के साथ पत्रकारिता में अपने बदलाव हुए हैं लेकिन इस क्षेत्र का मुख्य ध्येय आम जनता तक तथ्यों पर आधारित जानकारी पहुंचाना है। मीडिया जहां एक ओर सकारात्मक पत्रकारिता के माध्यम से विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित कर रहा है वहीं आमजन की समस्याओं व प्रतिक्रियाओं को सरकार तक पहुंचाने में सेतु का कार्य कर रहा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी सरकार की कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान की दूसरी वर्ष गांठ के लिए मेरी शुभकामनाएं।

(अनिरूद्ध सिंह)



hpscb The Himachal Pradesh State Co-operative Bank Ltd.
Head Office - The Mall Shimla (H.P.) - 171001
(Bank of the State - For the State)

2025 International Year of Cooperatives

Davender Shyam
Chairman

0177-2804489 (O)
94180-06593 (Mob.)

संदेश


यह बड़े हर्ष की बात है कि दैनिक समाचार पत्र "अनंत ज्ञान" तथा डिजिटल टीवी अपने स्थापना दिवस की दूसरी वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर मैं दैनिक समाचार पत्र की समस्त टीम को अपनी हार्दिक शुभकामनायें देता हूं।

भारतीय लोकतंत्र की यह एक बड़ी विशेषता है कि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली में विधायिका, न्यायपालिका के साथ-2 मीडिया भी एक सशक्त स्तंभ के रूप में लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में जाना जाता है। देश की विकास रूपी गाथा को जन-2 तक पहुंचाने में समाचार पत्रों का अहम योगदान रहता है। वैसे तो पत्रकारिता का मूल सिद्धांत है कि समाज में घटित हर उस खबर को जिसका सीधा सरोकार आम जनमानस से होता है, पूरी निष्पक्षता, सत्यता और निर्भीकता के साथ लोगों तक पहुंचाया जाए। साथ ही उसे अपनी विश्वसनीयता को जनता के बीच कायम रखना भी हमेशा एक बड़ी चुनौती रहती है।

समाचार पत्र सूचना के आदान-प्रदान का स्रोत मात्र नहीं है बल्कि हमारे लोक संस्कृति, मेले त्यौहार, सामाजिक जन-चेतना के साथ-2 हर उस बात के संवाहक है जिससे पूरे समाज में आपसी भाईचारे को कायम कर हर उस घटित क्रिया-कलाप की जानकारी जन-2 तक पहुंचाने की जिम्मेवारी भी मीडिया के कंधों पर होती है। वर्तमान परिवेश में जहां आज डिजिटल युग की बात होती है, मीडिया की भूमिका कई गुणा बढ़ जाती है और समाज में फैल रही कुरीतियों पर कुठाराघात कर एक शालीन समाज के निर्माण में उनका योगदान सदैव वांछनीय है।

इस उपलक्ष्य पर मैं आपकी समस्त संपादकीय टीम, पत्रकार बंधुओं के साथ-2 पाठक वर्ग को अपनी हार्दिक शुभकामनायें देता हूं। आपका संजीदगी भरा प्रयास एक बेहतर समाज के सृजन में सहायक होगा।

देविन्द्र श्याम



Surinder Chauhan
Mayor
Municipal Corporation Shimla

Octagan Lodge, Set No.-1, Chhota Shimla-2

Ref. No.
Date: 12/12/2025

संदेश

दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' तथा डिजिटल टीवी के स्थापना दिवस पर मैं समस्त टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

मीडिया किसी भी समाज का दर्पण होता है। जन-सरोकारों, स्थानीय मुद्दों और विकास संबंधी गतिविधियों को निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ जनता तक पहुँचाना अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है। 'अनंत ज्ञान' और डिजिटल टीवी ने इस दिशा में जिस निरंतरता, संवेदनशीलता और विश्वसनीयता के साथ कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है।


शिमला जैसे सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध नगर में सूचनाओं का प्रभावी संप्रेषण न केवल जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि नागरिक सहभागिता को भी सशक्त बनाता है। आपके संस्थान ने स्थानीय समस्याओं, जनहित मुद्दों, स्वच्छता, संवेदनशील सामाजिक विषयों तथा प्रशासन-जन संवाद को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आज के डिजिटल युग में मीडिया की जिम्मेदारियाँ और भी बढ़ जाती हैं। मुझे विश्वास है कि 'अनंत ज्ञान' और डिजिटल टीवी आगामी वर्षों में भी सकारात्मक पत्रकारिता, तथ्यपरक रिपोर्टिंग और समाज उन्मुख दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हुए नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे।

वर्षगाँठ के इस महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं आपकी संपादकीय टीम, पत्रकारों, तकनीकी कर्मियों, पाठकों और दर्शकों को हृदय से शुभकामनाएँ देता हूँ।

आपका यह प्रयास जन-जागरण, विकास और प्रगतिशील विचारधारा को आगे बढ़ाता रहे-इसी कामना के साथ।

(सुरेन्द्र चौहान)
MAYOR
Municipal Corporation Shimla



Uma Kaushal
Dy Mayor
Municipal Corporation Shimla

Office: 0177-2814060
Res: 0177-2811718
Mobile: 98162-63401
E-mail: umakaushal960@gmail.com
Hira Niwas, Tutikandi, Shimla-4

Ref. No.
Date: 12-12-2025

संदेशः

दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और डिजिटल टीवी की वर्षगाँठ पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई प्रेषित करती हूँ।

सूचना और संवाद का माध्यम होने के नाते मीडिया समाज की सोच और दिशा को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जनहित से जुड़े मुद्दों को संजीदगी, निष्पक्षता और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ जनता तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। 'अनंत ज्ञान' और डिजिटल टीवी ने अपने अब तक के सफर में जिस ईमानदार पत्रकारिता, जिम्मेदार रिपोर्टिंग और सकारात्मक दृष्टिकोण का परिचय दिया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।

शिमला जैसे heritage-rich और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण नगर में विश्वसनीय सूचनाएँ न केवल जागरूकता को बढ़ाती हैं, बल्कि नगर के विकास, स्वच्छता, पर्यटन और सामाजिक मुद्दों पर जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करती हैं। आपके संस्थान ने स्थानीय समस्याओं को उजागर करने, सामुदायिक संवाद को मजबूत बनाने और समाज को सही दिशा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

डिजिटल युग में मीडिया की भूमिका व्यापक और चुनौतीपूर्ण दोनों है। ऐसे समय में आपकी टीम द्वारा गुणवत्ता, तथ्यपरकता और सकारात्मक पत्रकारिता को प्राथमिकता देना सराहना योग्य है। मुझे विश्वास है कि 'अनंत ज्ञान' और डिजिटल टीवी आने वाले समय में और भी नवीनता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता के साथ अपने कार्य को आगे बढ़ाएँगे।

वर्षगाँठ के इस विशेष अवसर पर, मैं आपकी संपादकीय टीम, पत्रकारों, तकनीकी स्टाफ, पाठकों और दर्शकों को शुभकामनाएँ देती हूँ।

आपकी आगे की यात्रा समाज में जागरूकता, विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देती रहे-इसी विश्वास के साथ।

(उमा कौशल)

# बैजनाथ सिविल अस्पताल में पार्किंग अव्यवस्था बनी मरीजों के लिए मुसीबत

## अस्पताल परिसर के अंदर का रास्ता भी बदहाल, जहां लोग फिसलकर होते चोटिल

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ के सिविल हॉस्पिटल में उपचार कराने आने वाले मरीजों को अस्पताल की अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हॉस्पिटल आए तो गाड़ी कभी न लाएं हमेशा पैदल ही आएं। यह सुविधाजनक चेतावनी डॉक्टर और हॉस्पिटल स्टाफ के लिए नहीं, बल्कि इस अस्पताल में अपनी बीमारी का इलाज करवाने आने वाले मरीजों के लिए है। अस्पताल परिसर में प्रवेश करते ही स्टाफ की गाड़ियां मुख्य रास्ते को अवरुद्ध किए रहती हैं। ऐसे में मरीजों की गाड़ियां अंदर घुस पाना मुश्किल हो जाता है। यदि किसी तरह वे आगे बढ़ भी जाएं, तो लंबे समय से खराब पड़ा अस्पताल का रोगी वाहन रास्ता पूरी तरह रोक देता है। अस्पताल प्रशासन न तो इस वाहन को हटाने की जहमत उठा रहा है और न ही इसे ठीक करवाने की। अस्पताल परिसर के अंदर का रास्ता भी बदहाल स्थिति में है, जहां से गुजरते हुए स्वस्थ व्यक्ति भी फिसलकर चोटिल हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि कर्मचारियों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था होने के बावजूद वे अपनी गाड़ियां सही स्थान पर लगाने के बजाय मुख्य मार्ग में ही छोड़ देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोगी कल्याण समिति और अस्पताल प्रशासन की बैठकों में इस तरह के महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों पर चर्चा ही नहीं की जाती। जब इस संबंध में स्थानीय विधायक किशोरी लाल से बात की गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि अब मामला उनके संज्ञान में आ गया है और जल्द ही अस्पताल प्रशासन को निर्देश देकर समस्या का समाधान किया जाएगा।




अस्पताल परिसर में प्रवेश करते ही स्टाफ की गाड़ियों से होती काफी परेशानी।

## बैजनाथ के व्यापारियों का एक जनवरी से होगा बीमा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** व्यापार मंडल बैजनाथ के व्यापारियों का 1 जनवरी से 200000 का ग्रुप टर्म इंश्योरेंस किया जाएगा। इसके तहत यदि दुर्घटना की स्थिति में किसी व्यापारी की मौत हो जाती है तो परिवार को आर्थिक सुरक्षा कवच उपलब्ध होगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर ने बताया कि हाल ही में हुई व्यापार मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि पहली जनवरी से व्यापार मंडल के व्यापारियों का टर्म इंश्योरेंस करवाया जाएगा, ताकि दुर्घटना की स्थिति में व्यापारियों के परिवार को आर्थिक राहत प्रदान की जा सके। योजना के अनुसार व्यापारियों से इस मद के लिए अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस वृहद योजना में केवल वे व्यापारी ही शामिल किए जाएंगे जो व्यापार मंडल द्वारा निर्धारित 50 रुपए का मासिक शुल्क प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बैजनाथ बाजार में जगह-जगह वाटर कूलर स्थापित किए जाएंगे ताकि व्यापारी वर्ग और बाहर से आने वाले खरीदारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। अध्यक्ष मनोज कपूर ने कहा कि व्यापारियों के हित में शुरू की जाने वाली इस योजना से निश्चित तौर पर परिजनों को आर्थिक राहत मिलेगी

# बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने बारे किया जागरूक



बाल विवाह की रोकथाम के लिए एनडी मेमोरियल स्कूल कोटली बीड़ में जागरूकता शिविर आयोजित।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**चाइल्ड** हेल्पलाइन कांगड़ा द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एनडी मेमोरियल स्कूल कोटली नजदीक बीड़-बिलिंग में किया गया।

चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा यूनिट से जिला समन्वयक मनमोहन सिंह ने लोगों को बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित कानूनी प्रावधान बताए व बाल विवाह से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया। बच्चों को 1098 की कॉल कनेक्टिविटी और 1098 टोल फ्री नंबर की गतिविधियों की जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने बारे जागरूक किया। साथ ही जो बाल विवाह जैसी कुरीति को अंजाम देते हैं, उनके लिए जो नियम और सजा निर्धारित है उनके बारे में सचेत किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बैजनाथ से पर्यवेक्षक पवना ठाकुर ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी व समस्त प्रतिभागियों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण दिलवाई। बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना मिलने पर पंचायत, सरकार प हेल्पलाइन पर देंगे व बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए भी अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# 21 को 81 बूथों पर बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक: नेत्रा मेती

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में शुक्रवार को पल्स पोलियो अभियान के लिए गठित ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि चिकित्सा खंड गोपालपुर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के उपलक्ष्य में यह अभियान 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक चलाया जाएगा।

अभियान का मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखना है और इसके लिए दो बूंद जिंदगी की थीम निर्धारित की गई है।

एसडीएम ने बैठक के दौरान जानकारी दी कि 21 दिसंबर को चिकित्सा खंड गोपालपुर के अंतर्गत स्थापित 81 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके पश्चात, जो बच्चे किन्हीं कारणों से बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें कवर करने के लिए 22 और 23 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो खुराक पिलाना सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पात्र बच्चा बीमार भी है, तो भी उसे पोलियो की बूंद पिलाई जाएगी ताकि सुरक्षा चक्र में कोई कमी न रहे। एसडीएम ने टीकाकरण टीमों की तैनाती, बूथ प्रबंधन, परिवहन और संचार व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने में हर विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए माइक्रोप्लानिंग और फील्ड स्तर पर समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाना चाहिए। जनता से आह्वान किया कि वे इस अभियान को सफल बनाने में विभाग का सहयोग करें।

**गोपालपुर चिकित्सा खंड में 21 से 23 दिसंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान**

## ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती करेगा स्वास्थ्य विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वास्थ्य विभाग कांगड़ा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं के पद भरे जाने हैं। सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने बताया कि स्वास्थ्य खंड महाकाल में 6 (ग्राम पंचायत स्वर में गांव जुधार, ग्राम पंचायत पोलिंग के गांव अंद्राली माभ और खरी मल्लाह, ग्राम पंचायत लिवाई के गांव लावड़ और रोपड़, पंचायत बड़ाग्रां के गांव रे गूंधा, पंचायत बड़ा भंगाल के गांव बड़ा भंगाल) पद भरे जाने हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 20 दिसंबर शाम 5 बजे तक अपने आवेदन खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। आवेदन करता अपना आधार कार्ड, आठवीं का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, अपनी दो पासपोर्ट साइज फोटो, कैटेगरी प्रमाण पत्र, स्थाई निवासी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ सलंग्न करें। अधिक जानकारी के लिए संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में संपर्क करें।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में प्रदेश के 400 युवा दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

## 45 युवाओं को दिल्ली में मिलेगा पीएम मोदी से मिलने का मौका : वीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। प्रदेश के 400 चयनित युवा 30 और 31 दिसंबर को धर्मशाला के पीपीटी मोड़ स्थित कैंपस में होने वाले अगले चरण में अपनी प्रस्तुति देंगे। इस डायलॉग के जरिए युवाओं को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से अपनी सोच और नेतृत्व कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है।

यह बात केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति सत प्रकाश बंसल ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि खेल मंत्रालय की ओर से इस कार्यक्रम की नोडल एजेंसी केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला को बनाया गया है। वीसी ने बताया कि कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रदेशभर से हजारों युवाओं ने भाग लिया। इसके बाद दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। अब अंतिम चरण में 10 ट्रैक में बांटे गए 400 उम्मीदवार पीपीटी आधारित प्रस्तुतियां देंगे।

प्रत्येक ट्रैक से तीन-तीन युवाओं का चयन किया जाएगा। वीसी ने कहा कि इन चयनित युवाओं को अपने दौर में जाने का अवसर मिलेगा और उनमें से 30 से 45 युवा राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय कार्यक्रम 10 से 12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यहां देशभर से चुने गए युवा अपने विचार साझा करेंगे और विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने तथा उनसे संवाद का अवसर भी मिलेगा। इससे न सिर्फ युवाओं को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की समझ और विचार रखने का अनूठा मंच भी प्राप्त होगा। प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग युवाओं में नेतृत्व कौशल विकसित करने की एक बड़ी पहल है। हिमाचल के युवाओं में उत्साह और ऊर्जा देखते ही बनती है। यह मंच न केवल उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देता है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ने और सीखने का अनमोल मौका प्रदान करता है।

# शाहपुर से मिनी सचिवालय तक मार्ग नो पार्किंग जोन घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 39 मील शाहपुर से अस्पताल रोड शाहपुर तक का मार्ग और रेहलू, मुख्य बाजार शाहपुर से मिनी सचिवालय शाहपुर तक के मार्ग को प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक के लिए नो पार्किंग जोन घोषित किया है। जिलाधीश ने बताया कि यह निर्णय क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए लिया गया है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

# संयुक्त अरब अमीरात में डिलीवरी राइडर्स के साक्षात्कार 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएस ईडीसी) हिमाचल प्रदेश की ओर से संयुक्त अरब अमीरात में डिलीवरी राइडर्स (बाइक राइडर) की रिक्तियों के लिए जेएसडीसी के माध्यम से भर्तियां की जा रही हैं। अतः जिन आवेदकों ने इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, उन सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि 16 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे राजकीय तकनीकी शिक्षण संस्थान (आईटीआई) दाड़ी में अपने ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों सहित पहुंच कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 82880-71000, 01892-224892 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मंडी की जन लहर ने भाजपा के झूठे नैरेटिव को किया ध्वस्त: देवेंद्र जग्गी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंडी में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन में जिस तरह जनता का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा, उसने पूरे प्रदेश में एक नया राजनीतिक संदेश दे दिया है।

धर्मशाला के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने कहा कि मंडी की भीड़ सिर्फ भीड़ नहीं थी, बल्कि पिछले तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार के कामकाज पर जनता की मुहर थी और साथ ही भाजपा को दिया गया एक सख्त संदेश भी। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार कांग्रेस सरकार के खिलाफ भ्रम फैलाती रही है, लेकिन मंडी की ऐतिहासिक उपस्थिति ने भाजपा के इस झूठे प्रचार को पूरी तरह मिटा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की सबसे बड़ी पीड़ा यही है कि तीन साल से जनता उनके झूठ पर भरोसा नहीं कर रहा है। लोगों ने कांग्रेस सरकार के काम को देखा है, इसलिए भाजपा के मनगढ़ंत आरोप अब किसी को प्रभावित नहीं करते। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तीन वर्षों में वह करके दिखाया, जो भाजपा अपने पांच वर्षों में भी नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार ने व्यापक सुधार किया और प्रदेश को आर्थिक संकट से निकालने के लिए साहसिक फैसले लिए।

**भाजपा नेताओं ने केंद्र में हिमाचल का हक रुकवाया**

**जग्गी** ने कहा कि कांग्रेस ने तीन साल में असंभव लगने वाले फैसलों को अमल में उतार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने केंद्र में हिमाचल का हक रुकवाया, राहत पैकेज रोका और राज्य सरकार को आर्थिक रूप से कमजोर दिखाने के लिए लगातार बाधाएं खड़ी कीं। जग्गी ने कहा कि पिछले कुछ समय से भाजपा नेताओं में यह भ्रम पैदा हो गया था कि हिमाचल उनकी झूठी बयानबाजी में फंस जाएगा, लेकिन मंडी में जो दृश्य दिखा, उसने भाजपाई आत्मविश्वास को गहरा झटका दिया है। मंडी की भीड़ ने भाजपा को यह साफ बता दिया है कि जनता सिर्फ धर्म, जाति और जुमलों से नहीं चलती, जनता विकास, राहत, रोजगार और स्थिरता चाहती है। कांग्रेस सरकार को जनता का भरोसा मिला है, जबकि भाजपा को अब सिर्फ निराशा और हताशा दिख रही है। उन्होंने कहा कि मंडी का जनसैलाब 2027 के विधानसभा चुनावों का संकेत भी है। मंडी की रैली भाजपा के लिए चेतावनी है और कांग्रेस के लिए प्रेरणा। हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है, और यह जनसमर्थन और मजबूत होकर सामने आएगा।



# धर्मशाला मैराथन के लिए 20 तक करें पंजीकरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**एथलेटिक** मैदान धर्मशाला में 25 दिसंबर को आयोजित होने वाली धर्मशाला मैराथन ऑनलाइन पंजीकरण 20 दिसंबर तक किया जा सकता है। नगर निगम धर्मशाला के आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि यह आयोजन खेल, स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित यह मैराथन क्षेत्र में एक बड़ा खेल आयोजन बनने जा रहा है।

इस मैराथन को भविष्य में नगर का प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला कैलेंडर इवेंट बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि हर वर्ष 25 दिसंबर को धर्मशाला एक बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का केंद्र बन सके। कार्यक्रम में देश-विदेश से धावकों की भागीदारी की अपेक्षा है, जिससे क्षेत्र में खेल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। फिटनेस प्रेमी, छात्र-छात्राएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी इसमें भाग ले सकते हैं। उन्होंने अपील की कि इस मैराथन में बढ़-चढ़ कर भाग लें। उन्होंने बताया कि पंजीकरण वेबसाइट पर किया जा सकता है। आयुक्त ने बताया कि प्रतिभागियों के लिए कुल 15 लाख रुपए का पुरस्कार पूल रखा गया है, जो इसे क्षेत्र की सबसे प्रतिष्ठित दौड़ बनाता है। फुल मैराथन (42 किमी) के विजेता को एक लाख रुपए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और विजेता को पोडियम पर धर्मशाला मैराथन-2025 के प्रथम विजेता होने का गौरव भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि ओपन कैटेगरी हॉफ मैराथन (21 किलोमीटर) के विजेता को 51 हजार रुपए, 10 किलोमीटर के विजेता को 21 हजार रुपए, 5 किलोमीटर के विजेता को 5 हजार रुपए तथा 3 किलोमीटर के विजेता को 3 हजार रुपए की इनामी राशि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के जुड़ने से यह मैराथन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाएगी, बल्कि धर्मशाला की पहचान को एक प्रमुख खेल नगरी के रूप में भी स्थापित करेगी।

# इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट में प्रिया ने जीता रजत पदक

अनंत ज्ञान, पालमपुर

**शहीद** कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की छात्रा प्रिया कुमारी ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित वार्षिक अंतर महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश एथलेटिक्स मीट 2025 में जेवलिन थ्रो गतिविधि में रजत पदक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने खेल प्राध्यापक डॉ. खुशीराम भगत और प्रिया कुमारी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। भविष्य में ऐसे ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। इस सफलता में खेल समिति की संयोजिका लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा का सहयोग भी सराहनीय रहा। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉक्टर खुशी राम भगत ने खिलाड़ियों की तैयारी और अनुशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की छात्रा प्रिया को दी बधाई।

# टंग स्कूल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवक नवाजे

अनंत ज्ञान योल

**धर्मशाला** तहसील के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टंग में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि धर्मशाला के एसडीएम मोहित रत्न रहे।

उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस युवा शक्ति को समाजसेवा से जोड़ने का एक मजबूत माध्यम है और ऐसे कैंप छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं। प्रिंसिपल भानु कटोच ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

एनएसएस यूनिट की प्रभारी अनूप सिंह तथा मैडम नीलम ने बताया कि सात दिनों के शिविर में स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, ट्रैफिक अवेयरनेस, स्थानीय समस्या समाधान पर वार्ताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिथि व वक्ताओं ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ, स्थानीय समुदाय तथा बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में 16 सप्ताह की विशेष प्रशिक्षण यात्रा संपन्न

# कृषि वानिकी, मशरूम उत्पादन के सीखे गुर

अनंत ज्ञान, पालमपुर

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के निदेशालय प्रसार शिक्षा द्वारा संचालित सीख, अनुशासन और सहयोग से भरी 16 सप्ताह की विशेष प्रशिक्षण यात्रा संपन्न हो गई।

इस कार्यक्रम में भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना के 19 अधिकारियों ने भाग लिया। 25 अगस्त से आरंभ हुआ दीर्घकालिक प्रशिक्षण निदेशालय पुनर्वास महानिदेशक नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था, जिसमें वैज्ञानिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का समन्वय किया गया। कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित किया कि वह देश के रक्षाकर्मियों को ज्ञान-समृद्ध एवं क्षमता-विकास के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. एके पांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि होल्टा कैंप से लेफ्टिनेंट कर्नल गुरप्रीत सिंह विशेष अतिथि रहे। मंच पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. विनोद शर्मा और प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. लव भूषण ने भी वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्य अतिथि डॉ. पांडा ने कहा कि कृषि और रक्षा दोनों ही राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हुए हैं, चाहे वह खाद्य सुरक्षा हो, पर्यावरण संरक्षण या सीमाओं की सुरक्षा। विशेष अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गुरप्रीत सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए वैज्ञानिक रूप से समृद्ध और सुव्यवस्थित प्रशिक्षण की प्रशंसा करते हुए इसे प्रतिभागियों के लिए ज्ञान-विस्तार का महत्वपूर्ण अवसर बताया। कार्यक्रम को शैक्षणिक और व्यावहारिक उपयोगिता को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था। इसमें कृषि वानिकी, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन तथा बकरी पालन जैसे विषयों पर सैद्धांतिक तथा क्षेत्र-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने कृषि वानिकी ब्लॉक, मधुमक्खी पालन इकाइयों, मशरूम उत्पादन केंद्रों तथा बकरी फार्मों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और विषय-विशेषज्ञों से संवाद करते हुए सतत कृषि एवं आजीविका उन्नयन के विभिन्न आयामों को गहराई से समझा। उनकी अनुशासनशीलता, जिज्ञासा और सीखने की उत्सुकता ने विश्वविद्यालय परिसर में एक उत्साहपूर्ण वातावरण बनाया।

समापन समारोह का प्रमुख आकर्षण मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी अधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करना था। इस अवसर पर कई प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि वे केवल प्रमाण पत्र लेकर नहीं बल्कि नई तकनीकों, मूल्यवान जानकारी और पालमपुर में बिताए यादगार पलों के साथ लौट रहे हैं। प्रशिक्षण ने कई अधिकारियों के लिए भविष्य में सामुदायिक सेवा, आजीविका संवर्धन और सतत कृषि पहलों में योगदान के नए रास्ते खोले हैं।



कार्यक्रम में भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना के 19 अधिकारियों ने भाग लिया।

## लंबित बिल जमा नहीं करवाया तो कटेगा विद्युत कनेक्शन

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के तहत आने वाले उन सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपना नवंबर महीने का बिजली बिल या उससे भी अधिक समय से लंबित बिल अभी तक जमा नहीं करवाया है, वे सभी अपना बिजली बिल जल्द विद्युत उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड की ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा करवा दें। बिल जमा न करवाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस संबंध में अलग से कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा।

इसे अंतिम सूचना या नोटिस माना जाएगा। यह भी सूचित किया जाता है कि जो घरेलू उपभोक्ता ईकेवाईसी करवाने से वंचित रह गए हैं, वे उपभोक्ता अपना नया या पुराना पुराना बिजली बिजली बिल बिल और और आधार कार्ड कार्ड लेकर लेकर अपने अपने विद्युत मीटर की ईकेवाईसी विद्युत उपमंडल ढलियारा से करवा सकते हैं, अन्यथा भविष्य में विभाग से मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रह सकते हैं, जिसके लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। यह सूचना सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार संधू विद्युत उपमंडल ढलियारा की ओर से दी गई।

# करियाड़ा नाग मंदिर का 'चमत्कारी स्पर्श', नाजुक हालत में जूझ रही नवजात को मिली नई जिंदगी

शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान

**परागपुर।** नैहरपुखर में जन्मी एक मासूम बच्ची ने पैदा होते ही ऐसी चुनौती सामने रख दी, जिसने परिवार की रूह तक हिला दी। छह साल बाद जन्मी पहली बेटी, लेकिन जैसे ही दुनिया में कदम रखा, हालत इतनी नाजुक कि डॉक्टरों ने बिना देर किए उसे होशियारपुर के निजी अस्पताल रेफर कर दिया।

नवजात को विशेष निगरानी में रखा गया और परिवार की बेचैनी बढ़ती चली गई। इसी चिंता और तनाव के बीच परिजनों ने अपनी अंतिम उम्मीद करियाड़ा नाग मंदिर के आशीर्वाद में खोजी। परिवार ने मंदिर में माथा टेककर बच्ची की सलामती के लिए प्रार्थना की। इसके बाद बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार होना शुरू हो गया।

परिवार का कहना है कि मंदिर में अरदास करने के कुछ ही समय बाद बच्ची की हालत में धीरे-धीरे सुधार दिखने लगा। डॉक्टर भी नवजात की रिकवरी को सकारात्मक बताते हुए आश्चर्य जता रहे हैं। स्थानीय लोग इस घटना को आस्था, दुआ और आधुनिक चिकित्सा, तीनों की संयुक्त ताकत बताते हैं। उनका कहना है कि नाग मंदिर में गहरी श्रद्धा रखने वाले कई लोग वर्षों से कठिन समय में यहां प्रार्थना करने आते हैं और उन्हें मानसिक संबल मिलता है।

यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि जब विज्ञान अपनी भूमिका निभाए और उम्मीद तथा विश्वास साथ खड़े हों, तो सबसे कठिन हालात भी रास्ता छोड़ देते हैं। करियाड़ा क्षेत्र में आज चर्चा सिर्फ एक ही मासूम की जिंदगी को थाम लेने वाली वो दुआ, वो विश्वास, और वो अदृश्य शक्ति जो इंसान को टूटने नहीं देती।



**सलामती की प्रार्थना के बाद बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार**

# टी-20 मैच को पुलिस का ट्रैफिक प्लान तैयार

## पार्किंग स्थल चिन्हित, साई ग्राउंड में पार्क होंगे वीआईपी वाहन

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 14 दिसंबर को खेले जाने वाले भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। मैच के दौरान सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए जिला पुलिस ने ट्रैफिक व पार्किंग प्लान तैयार किया है। बड़ी संख्या में आने वाले दर्शकों और सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखते हुए वाहनों की आवाजाही के लिए विशेष रूट निर्धारित किए गए हैं। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थल चिन्हित किए गए हैं, वीआईपी वाहन साई ग्राउंड में पार्क होंगे। वहीं दर्शकों की सुविधा के लिए चलाई जाने वाली शटल बसों को जोरावर स्टेडियम में पार्क किया जाएगा, जबकि दोपहिया वाहनों को फुटबाल ग्राउंड में पार्क करवाया जाएगा।

**जोरावर स्टेडियम में पार्क होंगी शटल बसें, दोपहिया वाहन फुटबाल स्टेडियम में**

### खिलाड़ियों के आगमन पर 20 मिनट बंद रहेगा मार्ग

**सैनिक** वेलफेयर बोर्ड से स्टेडियम-आईटीआई दाड़ी रोड को सभी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रखा जाएगा। इसमें मात्र छोटे वाहनों को आईटीआई से फुटबाल मैदान चरान तक वीवीआईपी वाहनों को साई ग्राउंड तक प्रवेश दिया जाएगा, जबकि खिलाड़ियों की आवाजाही के समय 20 मिनट तक सड़क को ट्रैफिक के लिए पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि मैच को लेकर ट्रैफिक प्लान जारी किया है।

### किसी भी दिशा में जा सकेंगी एंबुलेंस

**ट्रैफिक** प्लान के अनुसार, आपातकालीन वाहनों और एंबुलेंस को किसी भी समय सभी दिशाओं में चलने की अनुमति होगी, जबकि निर्धारित क्षेत्र में कहीं भी अवैध या खाली खड़े वाहन नहीं रहने दिए जाएंगे। भारी वाहनों (रूट बसों व आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) की आवाजाही धर्मशाला और मैक्लोडगंज में मैच से आठ घंटे पहले प्रतिबंधित रहेगी तथा ये वाहन मैच समाप्त होने के दो घंटे बाद ही शहरों में प्रवेश या निकास कर सकेंगे। वोल्वो बसों को मैच के दिन केवल आवश्यक स्थिति में ही धर्मशाला-गगल के लिए सकोह पर चलने दिया जाएगा, जबकि उन्हें वैकल्पिक मार्गों घरोह-चड़ी-चंबी रोड़ में भेजा जाएगा, जिससे वह कांगड़ा व पठानकोट की तरफ आवाजाही कर सकेंगे।

### यहां हो सकेगी पार्किंग

**मैच** के दिन विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग साई ग्राउंड में होगी, जबकि पास धारकों और सामान्य पार्किंग की व्यवस्था फुटबाल ग्राउंड में रहेगी। मीडिया वाहनों के लिए ब्वॉयज स्कूल ग्राउंड तथा छोटे वाहनों के लिए बीएड कॉलेज पार्किंग निर्धारित है। दोपहिया वाहनों की पार्किंग डिग्री कॉलेज और प्रयास भवन परिसर में रहेगी। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने दर्शकों से निर्धारित रूटों का पालन कर यातायात व सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की।

### कचहरी से शहीद स्मारक तक नहीं होगी अस्थायी पार्किंग

कचहरी चौक से वार मेमोरियल के बीच कहीं भी अस्थायी पार्किंग नहीं की जाएगी। यातायत में बदलाव और वन-वे व्यवस्था के तहत मटौर से चैतडू होकर बगली तथा गग्गल से धर्मशाला वाई सकोह आने वाले वाहन यातायात चैतडू चौक से शीला चौक होते हुए ढगवार की तरफ मोड़ा जाएगा। धर्मशाला में प्रवेश केवल शीला चौक -दाड़ी मार्ग से होगा। सकोह से धर्मशाला और आगे मैक्लोडगंज आने वाले छोटे वाहनों को एक-तरफा कुनाल पत्थरी रोड़ सर्किट हाउस से कैंची मोड़ धर्मशाला मार्ग से चलने दिया जाएगा। एजुकेशन बोर्ड और वार मेमोरियल की ओर से आने वाली छोटे वाहनों को चीलगाड़ी रोड सर्किट हाउस-कैंची मोड़ से मुख्य मार्ग में प्रवेश मिलेगा। कैंची मोड़ से वाहन एक-तरफा रेड क्रॉस चौक, वार मेमोरियल, एजुकेशन बोर्ड, सकोह की ओर ही जा सकेंगे। कैंची मोड़ से सर्किट हाउस रोड पर नीचे की ओर जाने वाले वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। ट्रैफिक प्लान में मौजूदा परिवर्तनों के अनुसार धर्मशाला से खनियारा जाने वाले वाहन फव्वारा चौक-खनियारा रोड से आगे जा सकेंगे, जबकि खनियारा से धर्मशाला आने वाला ट्रैफिक दाडनू होकर श्याम नगर अंबेडकर चौक-चरान चौक की ओर लाया जाएगा। धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाली गाड़ियां खड़ा डंडा रोड और कैंट रोड होते हुए फव्वारा चौक से गुजरेंगी। मैक्लोडगंज से धर्मशाला का मार्ग टेम्पल रोड-किरपू मोड़-लाइब्रेरी फव्वारा चौक तय किया गया है।

# टी-20 मैच से पहले एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में मॉकड्रिल

## विभिन्न एजेंसियों, एनसीसी कैडेट्स तथा आपदा मित्रों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



टी-20 मैच के दृष्टिगत एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में मॉकड्रिल का आयोजन किया।

**एचपीसीए** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले आगामी टी-20 क्रिकेट मैच के दृष्टिगत एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह टी-20 मैच भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच खेना जाना है।

इसके चलते देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य अतिथि भी इस दौरान धर्मशाला का दौरा करेंगे। इसी संभावित भीड़ और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आगजनी एवं भगदड़ की स्थिति पर आधारित एक मॉकड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा किया गया। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। मॉकड्रिल में सभी संबद्ध विभागों एवं एजेंसियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉकड्रिल में फायर सर्विस विभाग, होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, जिला पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एंबुलेंस सेवाएं, अन्य सहायक एजेंसियां शामिल हुईं। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स तथा आपदा मित्रों ने भी मॉकड्रिल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने स्टेडियम में आग लगने की स्थिति, घायल व्यक्तियों की निकासी, भीड़ नियंत्रण, प्राथमिक उपचार और स्टेडियम के विभिन्न द्वारों से सुरक्षित निकास प्रक्रियाओं का अभ्यास किया। मॉकड्रिल के दौरान टीमों के बीच समन्वय, प्रतिक्रिया क्षमता, संसाधनों के त्वरित उपयोग एवं वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने की तत्परता का सफल प्रदर्शन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की गई, ताकि मैच के दौरान किसी भी आपदा या आकस्मिक स्थिति में सुरक्षा और व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

# ऑफलाइन टिकटों को उमड़ी भारी भीड़



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर खेले जाने वाले भारत-साउथ अफ्रीका के टी-20 मैच के लिए धर्मशाला स्टेडियम के बाहर स्थापित काउंटर में सस्ते टिकट 1500 व 1750 रुपए की टिकटों की बिक्री की गई। हालांकि, 1500 वाली टिकटें कुछ ही समय में समाप्त कर दी गई, जबकि उसके बाद 1750 रुपए वाली ही टिकटें प्रदान की गई। इस बार दर्शकों को मोबाइल में ही ऑनलाइन ही टिकट प्रदान किए गए हैं। इसके आधार पर ही स्टेडियम में प्रवेश प्रदान किया जाएगा।



भारत और साउथ अफ्रीका मैच की टिकट के लिए उमड़ी भीड़।

### काउंटर पर सुबह नौ बजे से ही लगनी शुरू हो गई थीं कतारें

**टिकट** कांउटर पर शुक्रवार को सुबह नौ बजे से ही युवाओं की कतारें लगने शुरू हो गई थी। इसके बाद सुबह 10 से 11 बजे तक युवाओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई। 11 बजे के बाद युवाओं व क्रिकेट प्रेमियों को टिकटें बेची गई। इस दौरान लंबी लाइनों में लगने से कई युवाओं को मायूस भी होना पड़ा। काउंटर में टिकट खरीदने के लिए बाहरी राज्यों से भी लोग पहुंच गए थे। वहीं, एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में शनिवार को भी भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 मैच को टिकटों की बिक्री की जाएगी। इसके अलावा मैच को लेकर ऑनलाइन टिकट बुकिंग की प्रकिया जारी है, जिसमें पांच हजार, सात हजार, नौ हजार, 12 हजार 500 व 20 हजार की टिकट उपलब्ध है। उधर, एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि स्थानीय युवाओं व क्रिकेट प्रेमियों के लिए शुक्रवार व शनिवार को ऑफलाइन टिकट कांउटर खोला गया है। उन्होंने बताया कि दर्शक निर्धारित दो टिकटें एक आईडी में प्राप्त कर पा रहे हैं।

# बीड़-बिलिंग में नए एडवेंचर गेम 'गो कारटिंग' का शुभारंभ



बीड़-बिलिंग में एडवेंचर गेम 'गो कारटिंग' का शुभारंभ करती समाजसेवी मीना चौहान।

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल**

**बैजनाथ।** बीड़-बिलिंग में एक और नया एडवेंचर गेम गो कारटिंग का शुभारंभ शिक्षाविद एवं समाजसेवी मीना चौहान ने किया।

बीड़ बिलिंग घाटी में गो कारटिंग के रोमांचक और मनोरंजात्मक गतिविधियों से बीड़-बिलिंग क्षेत्र में गो कारटिंग की सुविधा मिलने से पर्यटक एक नए एडवेंचरस स्पोर्ट का लुत्फ उठा सकेंगे। निदेशक गौरव चौहान ने कहा कि हिमाचल में इस प्रकार का नया प्रोजेक्ट लेकर आए हैं, जिसका शुक्रवार को शुभारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें हमारे पास 9 कार्ट्स है और जो सभी फ्री पौलुशन और इको फ्रेंडली है और यह 300 मीटर का ट्रैक रहेगा। इसमें 6 कार्ट्स के वयस्कों लिए, 2 कार्ट्स किड्स के लिए तथा 1 कपल के लिए है और आने वाले समय में हम इसमें और कुछ एडिशन करने जा रहे हैं, जिसमें हम क्रिकेट एरीना, फुटबान एरेना, स्विमिंग पूल और एडवेंचर एक्टिविटीज से संबंधित और भी एक्टिविटीज को हम इसमें ऐड ऑन करेंगे।

## भाटिलू में दो युवकों से 48 ग्राम चरस बरामद

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना पुलिस ने गश्त के दौरान भाटलू में दो बाइक सवार युवकों से 48 ग्राम चरस बरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम गश्त कर रही थी तथा पुलिस की टीम ने भाटलू में नाका लगाया हुआ था। इस दौरान दो युवकों से 48 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी युवकों की पहचान शुभम खरवाल (29) पुत्र कर्मचंद निवासी गांव व डाकघर मूंढ़ी तहसील थुरल जिला कांगड़ा तथा विक्की राणा (29) पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गांव चौगान डाकघर डरोह तहसील पालमपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों युवक बाइक पर सवार थे तथा चेकिंग के दौरान बाइक की सीट के नीचे रखे संतरी रंग के बैग में 48 ग्राम चरस पाई गई। थाना प्रभारी ने कहा कि दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा आगामी छानबीन जारी है।

## सालगिरह मुबारक



तलवाड़ (लंबागांव) के सुरेंद्र कुमार और सोनी देवी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## भाजपा मंडल ढलियारा ने घोषित की सोशल मीडिया कार्यकारिणी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** भाजपा संगठनात्मक जिला देहरा के तहत मंडल के ढलियारा के सोशल मीडिया संयोजक रविंद्र शर्मा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया टीम कार्यकारिणी की घोषणा की है। रविंद्र शर्मा ने बताया कि सह संयोजक पद पर देहरा निवासी गोपी शर्मा, बढलठोर निवासी अनमोल गुलेरिया, बह धौंटा निवासी रजत ठाकुर और नांगल बीहन निवासी अंकित कुमार को नियुक्ति मिली है।

## हिंदी के प्रयोग के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डा की ओर से अधिकारियों व कर्मचारियों की एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। विमानपत्तन निदेशक अमित सकलानी और मुख्य अतिथि डॉ. अनीश धीमान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. अनीश धीमान, सहायक प्रोफेसर हिमाचल विश्वविद्यालय ने 'हिंदी की वर्तमान दशा और दिशा' विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने हिंदी के साहित्यिक इतिहास का परिचय देते हुए उसे आज की परिस्थिति से जोड़ा। दूसरे सत्र में प्रशासकीय कार्यों में हिंदी प्रयोग का व्यवहारिक अभ्यास करवाया गया। इस दौरान ऐसे पत्राचार में हिंदी के प्रयोग के दौरान आने वाली विभिन्न व्यवहारिक समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनका समाधान करने का सफल प्रयास किया गया। तीसरे सत्र में दीपिका जैन, वरिष्ठ अधीक्षक (राजभाषा) ने 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति की विभिन्न बैठकें तथा उनका महत्व' विषय पर व्याख्यान दिया तथा चौथे सत्र में उन्होंने प्रशासनिक पत्राचार में हिंदी के प्रयोग का व्यवहारिक अभ्यास करवाया और समस्याओं का समाधान भी किया।

# फिजियोथैरेपिस्ट कैंप में की बच्चों की जांच



झुंगा देवी स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए खंडस्तरीय फिजियोथैरेपिस्ट कैंप का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**समग्र** शिक्षा अभियान खंड लंबागांव के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक पाठशाला झुंगा देवी में दिव्यांग बच्चों के लिए खंड स्तरीय फिजियोथैरेपिस्ट कैंप का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. कोमल ने बच्चों की जांच की व साथ आए हुए अभिभावकों को उचित निदान नियम बताए।

इस अवसर पर सोहित, साहिल, ईशा, आयान चौधरी, कृष्णा, समर, अभिषेक, अंश सहित 19 बच्चों व अभिभावकों ने भाग लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजेश डोगरा व विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में राजकीय उच्च विद्यालय झुंगा देवी के मुख्य अध्यापक संजय कुमार के साथ तहसील कल्याण अधिकारी ने इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों से संबंधित विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ विस्तृत चर्चा की, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ इन बच्चों तक पहुंच सके। इस कार्यक्रम का संचालन खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी लंबागांव स्वर्ण सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

## गंदड़ स्कूल में 180 छात्रों के स्वास्थ्य का किया परीक्षण

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंदड़ में शुक्रवार को सिविल अस्पताल थुरल और आयुर्वेदिक विभाग की संयुक्त टीम ने टीबी मुक्त हिमाचल अभियान के तहत एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया। प्रधानाचार्य मनोज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम, एक्स-रे तकनीशियन अंतरिक्ष, हेल्थ सुपरवाइजर अनूप चौहान, अल्का और आशा वर्कर राधा ने छात्रों व स्टाफ के एक्स-रे किए और आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। आयुष विभाग से डॉ. विकास राणा और सुनील ने 12 वर्ष से अधिक आयु की छात्राओं की रक्त अल्पता (अनीमिया) की जांच कर जागरूकता भी दी। शिविर में कुल 180 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## नड्डा का प्रवास करेगा प्रदेश भाजपा में नई ऊर्जा का संचार: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आगामी दो दिवसीय प्रदेश प्रवास को लेकर गहरा उत्साह और आशा व्यक्त की है। उन्होंने इस प्रवास को हिमाचल प्रदेश भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत तथा गतिशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कपूर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के अभूतपूर्व योगदानों के लिए हिमाचल प्रदेश की जनता की ओर से हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि उनके प्रयास हिमाचल के विकास की आधारशिला हैं। त्रिलोक ने इस बात पर जोर दिया कि नड्डा की दूरदृष्टि और दृढ़संकल्प के कारण ही हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा हुआ है।

उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की तथ्यात्मक उपलब्धियों को रेखांकित किया। चंबा और नाहन मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज प्रदेश के चार जगह मातृ-शिशु केंद्र को मिली केंद्र की सहायता उनकी सोच का परिणाम है, जिसने क्षेत्रीय स्वास्थ्य असमानता को दूर किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दो दिवसीय प्रवास के दौरान संगठन और कार्यकर्ता दोनों में नई ऊर्जा का संचार होगा। उनका मार्गदर्शन हिमाचल भाजपा के नए कार्यालय को नई शक्ति और दिशा प्रदान करेगा, जिससे पार्टी राज्य में जनसेवा के कार्यों को और प्रभावी ढंग से कर सकेगी। त्रिलोक ने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास को सफल बनाने और उनके मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर प्रदेश की सेवा में और अधिक तत्परता से जुट जाएं।

### वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा की बैठक में लिया फैसला

# नयना देवी और आनंदपुर साहिब यात्रा 7 जनवरी को

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक नैहरनपुखर स्थित देवी माता मंदिर परिसर में जगदीश चंद आजाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंच के वरिष्ठ पदाधिकारियों वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेश उप्पल, महासचिव ओंकार सिपहिया, कोषाध्यक्ष कैप्टन दिलबाग, प्रेस सचिव सुनील वैद सहित स्थानीय सदस्य और विशेष आमंत्रितों ने भाग लेकर लिया।

**कार्यकारिणी का विस्तार और जरूरतमंद विधवा को मासिक सहायता मंजूर**

वहीं, मंच की गतिविधियों को नई दिशा देने पर मंथन किया गया। बैठक में निर्णय लिया कि मंच द्वारा श्री नयना देवी एवं श्री आनंदपुर साहिब का पवित्र स्थल भ्रमण 7 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया 25 दिसंबर तक 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगी। इसके साथ ही मंच ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चार नए सदस्यों को शामिल करने पर सहमति बनाई, ताकि संगठन की गतिविधियों में और मजबूती आए। मानवीय पहल को आगे बढ़ाते हुए कार्यकारिणी ने वार्ड नंबर 1 देहरा की सपना देवी (विधवा, स्व. सुमिंदर कुमार) को 1000 रुपए मासिक अनुदान देने को मंजूरी दी। मंच के इस संवेदनशील निर्णय की उपस्थित सदस्यों ने सराहना की। बैठक ने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ नागरिक मंच न केवल सामाजिक सहयोग का केंद्र है, बल्कि सामुदायिक जिम्मेदारी निभाने का जीवंत उदाहरण भी।

# तारागढ़ पुलिस ने अवैध माइनिंग में लगी पोकलेन, जेसीबी व टिप्पर किए जब्त



'जिसका खेत उसकी रेत' की आड़ में की जा रही अवैध माइनिंग।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट जिले के तहत तारागढ़ पुलिस ने 'जिसका खेत उसकी रेत' की आड़ में अवैध रूप से माइनिंग करने का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान रूप सिंह, शिंदा निवासी डमटाल, सुशील गोदारा, अशोक कुमार और 13 अन्य अज्ञात लोगों के रूप में हुई है।

तारागढ़ थाना प्रभारी अंग्रेज सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी गश्त के दौरान सहारनपुर गांव जा रही थी तभी उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग 'जिसका खेत उसकी रेत' की आड़ में अवैध रूप से माइनिंग और रेत चोरी कर रहे हैं। इस संबंध में माइनिंग विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। जब मौके पर देखा तो कुछ लोग पोकलेन और जेसीबी से रावी नदी से रेत निकालकर ट्रकों और टिपरों पर लोड कर रहे थे। पुलिस को देखकर ये लोग पोकलेन, जेसीबी मशीनें और ट्रक टिप्पर छोड़कर मौके से भाग गए। इस मौके पर माइनिंग अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और मशीनरी को अपने कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी रूप सिंह के खिलाफ पहले भी गैर-कानूनी माइनिंग के दो केस दर्ज हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए रेड की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## किसानों को खेती के तरीकों और कीट प्रबंधन की दी जानकारी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एमडीपी पालमपुर में आयोजित 201वें मशरूम प्रशिक्षण सत्र का शुक्रवार को संपन्न हो गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडी जिले के 10 विकास खंडों से कुल 50 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपनिदेशक बागवानी कांगड़ा, डॉ. अलक्ष पठानिया थे। उन्होंने किसानों को मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों को अपनाने और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती किसानों की आय को दोगुना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है और यह कृषि विविधीकरण के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को विभिन्न प्रकार के मशरूम जैसे कि बटन, ऑयस्टर और मिल्की मशरूम की उन्नत खेती के तरीकों, बीज उत्पादन, रोग और कीट प्रबंधन, तथा कटाई उपरांत प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। एमडीपी पालमपुर के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था ताकि वे तुरंत अपने खेतों में इन तकनीकों को लागू कर सकें।

**पालमपुर में 201वां मशरूम प्रशिक्षण सत्र संपन्न**

### निर्देश | विधायक ने किया निर्णाणाधीन नए बस स्टैंड बैजनाथ के कार्य का निरीक्षण

# निर्माण कार्य को तय समय में करें पूरा: किशोरी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



विधायक किशोरी लाल और एचआरटीसी के डीएम पंकज चड्ढा बैजनाथ बस स्टैंड में निर्मित मंदिर को जनता को समर्पित करते हुए।

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने शुक्रवार को निर्माणाधीन बस अड्डे के परिसर में नवनिर्मित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर मंदिर को जनता को समर्पित किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि नया बस अड्डा बैजनाथ क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजना है, जो स्थानीय लोगों के साथ-साथ आने-जाने वाले यात्रियों को भी गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान करेगा। पूजा-अर्चना के उपरांत विधायक किशोरी लाल ने बस अड्डे में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

**कहा- लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त**

उन्होंने अधिकारियों और निर्माण कार्य से संबंधित प्रतिनिधियों से कार्य में आ रही बाधाओं की जानकारी ली। विधायक ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराना है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों एवं श्रमिकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि बस अड्डे का निर्धारित समय के भीतर जनता को समर्पित किया जा सके। कार्यक्रम में एचआरटीसी कांगड़ा-चंबा के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में फर्जी मेल का मामला रैगिंग का नहीं, टीचर की शिकायत का

## प्रिंसिपल बोले– दो बार आई फर्जी मेल अब, फॉरेंसिक जांच के लिए पुलिस में होगी शिकायत

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



- छात्रों ने नहीं की कोई शिकायत, फर्जी मेल ने खड़ा किया बवाल
- मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने दिखाई सख्ती, मामला पुलिस के हवाले

**हमीरपुर।** फर्जी मेल अकाउंट से मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को आई हड़कंप मचाने वाली शिकायत का मामला रैगिंग का नहीं, शिक्षक के खिलाफ शिकायत का है। अब मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल इस मेल की फॉरेंसिक जांच से सत्यता को जानने के लिए पुलिस को शिकायत करेंगे।

यह मेल दो मर्तबा कॉलेज प्रशासन को आई है। इस मेल से हो-हल्ला और हड़कंप तो इसकी भीतरी व्यवस्था में खूब मचना ही था। मामला पिछले सप्ताह का है। तब कहा गया कि रैगिंग को लेकर शिकायत आई है, लेकिन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रामेश भारती का कहना है कि रैगिंग का उसमें कोई जिक्र नहीं है। मसला कॉलेज के एक टीचर की शिकायत का है। जिसमें कहा गया है कि वह बेवजह से उन्हें तंग करता है, लेकिन इस सारे मामले को लेकर 15 सदस्यीय एक टीम बनाई गई थी और सभी स्टूडेंट्स से इस संबंध में पूछताछ हुई है। उनके लिखित बयान भी लिए गए हैं।

ऐसा बिल्कुल भी नहीं पाया गया, कि किसी स्टूडेंट ने यह शिकायत की हो। अब क्योंकि शिकायत में किसी का नाम नहीं है। इसलिए अब इस अंदरूनी तौर पर तैयार की गई जांच के आधार पर जब किसी स्टूडेंट ने शिकायत ही नहीं की, तो फिर यह मेल फेक लग रही है।

गौरतलब यह है कि इससे पहले सुजानपुर में सैनिक स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग का एक मामला दर्ज किया गया है। उसके बाद चंबा से भी रैगिंग की एक शिकायत मीडिया की सुर्खियां बनीं

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

और इसी दरमियान मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में जब इस तरह की कोई मेल पहुंची, तो हड़कंप तो मचना ही था। मगर अब मेडिकल कॉलेज प्रशासन की जो प्रारंभिक जांच हुई है, उसमें रैगिंग का कोई जिक्र नहीं पाया गया है।

प्रिंसिपल रामेश भारती का कहना है कि फर्जी अकाउंट से जो मेल आई है, स्टूडेंट्स ने तो भेजी नहीं। क्योंकि उनके बयान दर्ज हो गए हैं। अब पुलिस की फोरेंसिक जांच से ही पता चल पाएगा कि इस तरह की फर्जी मेल करने वाला व्यक्ति है कौन? जिस टीचर के खिलाफ शिकायत की गई है, वह अपने स्तर पर अलग से शिकायत करेगा।

# सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान: अनुराग सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान बोलते हुए तमिलनाडु में डीएमके सरकार के हिंदुओं और सनातन धर्म के खिलाफ बढ़ते भेदभाव के माहौल पर गंभीर चिंता जताई। अनुराग ने मदुरै की उस शर्मनाक घटना को पुरजोर तरीके से उठाया, जहां हिंदू भक्तों पर तमिलनाडु पुलिस ने सिर्फ इसलिए बेरहमी से लाठीचार्ज किया क्योंकि वे भगवान मुरुगन के छह घरों में से एक, पवित्र थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम जलाने की मांग कर रहे थे।



अनुराग ने कहा कि डीएमके राज में तमिलनाडु राज्य बदकिस्मती से सनातन धर्म के खिलाफ एक सिंबल बन गया है। तमिलनाडु सरकार के मंत्री खुलेआम सनातन धर्म के खिलाफ गलत बयान देते हैं। जब माननीय प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की, तो इसी डीएमके सरकार ने इसका कड़ा विरोध किया। मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच के थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने की इजाज़त देने के साफ निर्देशों के बाद भी, राज्य सरकार ने जानबूझकर कोर्ट के आदेश को नज़रअंदाज़ किया। सदियों पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए इकट्ठा हुए शांतिप्रिय हिंदू भक्तों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। यह सिर्फ धार्मिक भावनाओं पर हमला नहीं है, बल्कि कोर्ट की खुली अवमानना और संविधान के आर्टिकल 25 के तहत मिले धर्म की आज़ादी के बुनियादी अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रश्न उठाया कि हिंदुओं के साथ उनके ही देश में इतना खुला भेदभाव क्यों किया जा रहा है? क्या तमिलनाडु में अब अपने धर्म का पालन करना जुर्म है? अनुराग ने तमिलनाडु के सीएम व DMK सरकार से देश भर के करोड़ों हिंदू भक्तों से तुरंत माफ़ी मांगने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से तमिलनाडु में हिंदू परंपराओं पर हो रहे सुनियोजित अत्याचार का संज्ञान लें।

## बधाई संदेश



यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**-विजय नड्डा, क्षेत्र संगठन मंत्री, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र।**

## बधाई संदेश



यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**-ई. रोहित दूबे, मुख्य अभियंता, जल शक्ति विभाग।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र और डिजिटल चैनल के दो वर्ष पूरे होने मेरी ओर बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान यू हीं लगातार उन्नति करता रही यही कामना है। अनंत ज्ञान ने दो वर्षों में लोगों के दिलों में एक अलग छाप छोड़ी है और लोगों को जागरूक किया है। मैं एक बार फिर से अनंत ज्ञान की टीम को शुभकामनाएं देतो हूं।
**-राकेश शर्मा, कमिश्नर, नगर निगम, हमीरपुर।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र और डिजिटल प्लेटफार्म लोगों को जानकारी और मुद्दों को उठाने का मंच बन गया है। मैं अपनी ओर से अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। आने वाले समय में भी अनंत ज्ञान बेहतर तरीके से कार्य करे यही शुभकामना है।
**-जोगिंदर ठाकुर, उपाध्यक्ष, राजपूत महासभा हमीरपुर।**

# न्यूज ब्रीफ

## मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सा शिविर कल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** रोटरी क्लब हमीरपुर द्वारा स्वर्गीय मास्टर रामनाथ शर्मा की याद में रोटरी कम्युनिटी कॉप्स बाड़ा के सौजन्य से 14 दिसंबर को मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन कुलदेवी मंदिर झोरधार, नजदीक बाड़ा किया जा रहा है। इस शिविर में सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रेम ठाकुर, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक कुमार शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ विशेषज्ञ डॉक्टर शोभा ठाकुर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश ठाकुर व डॉक्टर अभिषेक ठाकुर, दंत चिकित्सक डॉ. आरके मल्होत्रा व डा. रूपं कालिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल वर्मा तथा चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज शर्मा विशेष रूप से अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। रोटरी क्लब हमीरपुर के प्रधान डॉक्टर भगवती प्रसाद शर्मा व स्वर्गीय मास्टर रामनाथ शर्मा ट्रस्ट के समन्वयक का राजीव शर्मा तथा रोटरी कम्युनिटी कॉप्स के अध्यक्ष रवींद्र गोइ ने सभी क्षेत्रवासियों से इस मुफ्त चिकित्सा शिविर का भरपूर फायदा उठाने का आह्वान किया है।

## धनेटा के कई गांवों में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 13 दिसंबर को लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव सुकड़ियाह, जोल मनसाई, कश्मीर, भिहाड़े और अन्य गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुशील कुमार शर्मा ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## सलासी, झनियारी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर में 14 दिसंबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत तथा पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव झनियारी, खैंदा, हिमुडा कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विकासनगर, जटेहड़ी, सलासी, जसकोट और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## हमीरपुर कॉलेज के धावकों ने मारी बाजी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के धावकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। पुरुष टीम ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, हैमर थ्रो, हाई जंप, लॉन्ग जंप और रिले दौड़ में पदक जीते। वहीं महिला टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता ट्रॉफी हासिल की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने विजेताओं, उनके कोचों और शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार वर्मा सहित टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी। प्रतियोगिता में लगभग 45 महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## बच्चे देश का भविष्य : विचित्र सिंह अटवाल

**अनंत ज्ञान, रंगस।** जोलसप्पड़ सीनियर सेकंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त रेंज ऑफिसर विचित्र सिंह अटवाल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और सुरक्षित वातावरण देने से ही समाज अधिक सशक्त बन सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल रत्न जरियाल ने की, जबकि कर्नल मनोहर सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई और छात्रों ने विज्ञान, गणित, कला, संगीत व नृत्य सहित विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को सम्मानित किया और स्कूल के लिए 11,000 रुपये प्रदान किए। समारोह में स्थानीय लोगों ने भी स्कूल विकास के लिए उदारतापूर्वक योगदान दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मेधावी छात्रों के सम्मान ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## ऊर्जा संरक्षण दिवस पर छात्र किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाडी में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने विद्यार्थियों को अनावश्यक बिजली बल्ब, लाइट, पंखे, एसी व अन्य विद्युत उपकरण बंद रखने की सलाह देते हुए ऊर्जा के बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग का महत्व बताया। कक्षा आठवीं की प्रियांशी और अक्षिता ने ऊर्जा संरक्षण पर भाषण प्रस्तुत किया, जबकि शिक्षक अभिनय ने भी बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऊर्जा की खपत कम कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा।

## तनाव कम करने के लिए योग आवश्यक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई शिक्षण महाविद्यालय कल्लर जलाड़ी में ध्यान और मानसिक सुदृढ़ता पर आधारित सहज योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तनाव कम करना, मानसिक एकाग्रता बढ़ाना और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता फैलाना था। विशेषज्ञ प्रशिक्षक सुनील चौधरी, भरत चौधरी और वंदना शर्मा ने छात्रों को माइंडफुलनेस मेडिटेशन, श्वास-प्रश्वास नियंत्रण और डीप रिलैक्सेशन जैसी तकनीकों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से तनाव कम होता है, स्मरण शक्ति बढ़ती है और निर्णय क्षमता में सुधार आता है। कॉलेज प्रबंधक अधिकारी राजेश कपिल ने विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्यवर्धक और प्रेरणादायक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।

## हिम अकादमी स्कूल में भरतनाट्यम कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर ने स्पीक मैके के सहयोग से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भरतनाट्यम 2025' का आयोजन किया। कार्यक्रम का संयोजन पारुल सौंधी के मार्गदर्शन में हुआ। प्रसिद्ध भरतनाट्यम कलाकार अरूपा लाहिड़ी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत टीम में आदर्श नायर (स्वर), रतुल एस. कुमार (मृदंगम) और सौम्या कन्नन (वायलिन) ने मधुर धुनों से प्रस्तुति का सौंदर्य बढ़ाया। हीरा नगर और विकास नगर कैंपस के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और संवाद सत्र में भरतनाट्यम के मूल पदों, भावों और मुद्राओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन ने कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

## प्रशिक्षुओं ने किए शक्तिपीठों में शैक्षणिक दर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजराजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा, द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने शक्तिपीठ ज्वाला जी, माता बज्रेश्वरी और चामुंडा माता के दर्शन किए। भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण ज्ञानार्जन के साथ शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। यह भ्रमण कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह द्वारा निःशुल्क आयोजित किया गया। बीएड, डीएलएड और बीए के प्रशिक्षु इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में समन्वयक अजय कुमार, कॉलेज कमेटी के सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर और स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए मुकदमे करने में व्यस्त: भाजपा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राज्य सरकार हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा को व्यक्तिगत प्रतिशोध की भावना से लगातार प्रताड़ित कर रही है। मंडल अध्यक्ष पाल शर्मा ने बताया की ये सब मुकदमे इसलिए किए जा रहे हैं क्योंकि विधायक आशीष शर्मा ने विधानसभा में सरकार के भ्रष्टाचार के मामले उजागर किए चाहे वो एचआरटीसी का जो 2 करोड़ की जमीन 6.5 करोड़ की बेची गई। चाहे इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री ने अपने खाते में चार लाख लिए और अपने भाई के खाते में 12 लाख डाले। चाहे मुख्यमंत्री ने देहरा विधानसभा क्षेत्र में कैश फॉर वोट दिया। महिला मंडलों के खाते में 50000 रुपए डाले। यह मुद्दा विधायक आशीष शर्मा ने विधानसभा में उठाया, शायद इसी लिए उनको और उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री सुक्खू और उनका प्रशासन आपदा-ग्रस्त प्रदेश में बहाली कार्य करने की बजाय आशीष शर्मा के खिलाफ झूठे मुकदमे गढ़ने में व्यस्त है। भाजपा मंडल हमीरपुर ने प्रश्न उठाया कि क्या अब जीएसटी और इनकम टैक्स के मामले भी पुलिस विभाग ही संभालेगा। मंडल हमीरपुर ने कहा की अब सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए चाहे कोई पत्रकार हो चाहे कोई बुद्धिजीवी हो उन पर मुकदमे करने में व्यस्त है। मुख्यमंत्री सुक्खू के कुछ सलाहकार उन्हें प्रतिशोधात्मक राजनीति की गलत राह पर ले जा रहे हैं, जो उनके राजनीतिक भविष्य के लिए घातक सिद्ध होगी।

# सांसद अनुराग का नादौन को एक और तोहफा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।**

सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए 46 ऊर्जा लाइटें स्वीकृत की गई हैं। जो कि नादौन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों बड़ा क्षेत्र के लिए 5 मन के लिए 10 कलूर के लिए 6 करौर के लिए 3 वसारल के लिए 5 बदारण के लिए पांच हथोल के लिए तीन प्लासी के लिए एक गोइस के लिए तीन गाहलियां के लिए पांच स्वीकृत की गई है। पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने बताया कि सांसद को नादौन विधानसभा क्षेत्र कि किसी भी समस्या के बारे में जब जब अवगत कराया अनुराग ठाकुर ने पूरी तत्परता के साथ उन समस्याओं का समाधान किया है। इसके लिए विजय अग्निहोत्री मंडल नादौन के अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, महामंत्री सुरेंद्र शर्मा, सुरेश उपाध्यक्ष, प्यार सिंह व मंडल मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू सहित मंडल कार्यकारिणी ने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का धन्यवाद किया।

# मंडी संकल्प रैली रही पूरी तरह विफल: भाजपा

## राकेश ठाकुर ने असफलताओं को छिपाने के लिए मनाए जश्न की निंदा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा आयोजित मंडी संकल्प रैली को पूर्णत: असफल बताया है। जिला भाजपा ने इसे जनता के बीच अपनी विफलताओं को छुपाने का एक असफल प्रयास करार देते हुए, इस तरह के जश्न मनाने की कड़ी निंदा की है।

जिला भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा भाजपा वाली केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी जबरन भीड़ के रूप में रैली स्थल तक ले जाया गया। कांग्रेस नेताओं द्वारा जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ बंद होने के डर से बुलाया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सीधा उल्लंघन है।

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने फिर एक बार जनता के सामने तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में दूध ₹100 प्रति किलोग्राम खरीदने की गारंटी दी थी,



भारतीय जनता पार्टी के जिला हमीरपुर अध्यक्ष राकेश ठाकुर व अन्य।

परंतु अब मुख्यमंत्री स्वयं कह रहे हैं कि सरकार स्थानीय उत्पादकों से मात्र ₹51 प्रति किलोग्राम पर दूध खरीद रही है। यह जनता के साथ बड़ा छल है।

इसके अलावा कांग्रेस ने प्रति वर्ष 1 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन अब तक तीन वर्षों में कितनी नौकरियां दी गईं, इसका कोई श्वेत-पत्र सीएम सुक्खू प्रस्तुत नहीं कर पाए। ठाकुर ने कहा कि यह सभी गारंटियों की असलियत को उजागर करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री तो अपने भाषण के साथ-साथ अपने द्वारा दी गई गारंटियों के अनुपालन के आंकड़े भी जनता के सामने रखने चाहिए थे।

उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोतरी, स्टार्टअप सहायता, महिला सुरक्षा और रोजगार सृजन जैसी गारंटियों पर सरकार की नाकामी के मुद्दे पूरे प्रदेश भर में चर्चा का विषय बने हुए हैं, जिन पर मुख्यमंत्री एक भी संतोषजनक आंकड़ा पेश नहीं कर सके।

# प्रिंसिपल पदोन्नति से घटेगा डिमोशन का खतरा: संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से प्रवक्ता तथा हेडमास्टर से प्रिंसिपल प्रमोशन की लंबित फाइलें तत्काल क्लीयर करने की मांग की है। संघ ने कहा कि करीब 268 प्रवक्ताओं को प्रिंसिपल पद पर पदोन्नति दी जानी है। हाल ही में टीजीटी व प्रमोटी प्रवक्ता से हेडमास्टर बने 235 शिक्षकों के कारण प्रवक्ता कैडर में 132 पद खाली हुए हैं। यदि शीघ्र प्रिंसिपल प्रमोशन कर दिए जाएं, तो प्रवक्ता कैडर में प्रस्तावित 592 डिमोशन की स्थिति स्वत: समाप्त हो जाएगी और पात्र टीजीटी को भी प्रवक्ता प्रमोशन का मौका मिल सकेगा। महासचिव विजय हीर ने विभिन्न विषयों में रिक्तियों, प्रमोशन आवेदनों और प्रस्तावित डिमोशन का विस्तृत ब्यौरा देते हुए कहा कि हाईकोर्ट में स्टे के कारण कई शिक्षक असमंजस में हैं। उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल प्रमोशन के बाद पर्याप्त पद उपलब्ध होंगे, जिससे डिमोशन की आवश्यकता नहीं बचेगी। साथ ही जेबीटी व सीएंडवी से टीजीटी प्रमोशन के लिए भी अब 102 पद उपलब्ध हो गए हैं।

# तकनीकी विश्वविद्यालय में आज तक नहीं हो पाई स्थायी कुलपति की नियुक्ति: कान्हा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष कान्हा ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू) की अव्यवस्थाओं पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का प्रमुख केंद्र होते हुए भी प्रदेश का अकेला तकनीकी विश्वविद्यालय आज बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। सरकार की अनदेखी के कारण विश्वविद्यालय अस्तित्व बचाने की कगार पर खड़ा है।



कृष कान्हा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में आज तक स्थायी कुलपति की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिससे न केवल अकादमिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि प्रशासनिक कामकाज भी बुरी तरह चरमराया हुआ है। वहीं, स्थाई प्राध्यापकों की नियुक्ति वर्षों से लंबित है। अतिथि शिक्षक यदि बीच सत्र में कार्य छोड़ दें तो छात्र पूरा वर्ष संबंधित विषय के शिक्षक से वंचित रह जाते हैं, जो तकनीकी शिक्षा के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

उन्होंने बताया कि एचपीटीयू पूरी तरह सेल्फ फाइनेंस मॉडल पर संचालित हो रहा है, जबकि तकनीकी विश्वविद्यालय जैसे संस्थान के लिए यह मॉडल बिल्कुल उपयुक्त नहीं है। सरकार तथा केंद्र से कोई आर्थिक सहयोग न मिलना विश्वविद्यालय की दिक्कतों को और बढ़ा रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि तकनीकी विवि होने के बावजूद नियमित प्रैक्टिकल क्लासेस नहीं लग पा रही हैं। यहां तक कि विश्वविद्यालय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एडमिशन जैसी मूलभूत प्रक्रिया भी ठीक से संचालित नहीं कर पा रहा, जिससे तकनीकी संसाधनों के विकास का आकलन सहज हो जाता है। कृष कान्हा ने कहा कि एबीवीपी की मांग पर कैंटीन का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन प्रशासन उसका उद्घाटन तक नहीं कर पाया, जिससे छात्र सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत स्थाई नियुक्तियां नहीं कीं और विवि की अव्यवस्थाओं को दूर नहीं किया, तो विद्यार्थी परिषद व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# सुजानपुर व टौणी देवी में खुलेंगे ऑनलाइन कोचिंग सेंटर: कैप्टन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** टौणी देवी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया और उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नशा उन्मूलन पर आधारित नाटक, गीत और संकल्प संदेश विशेष आकर्षण रहे। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सुनकर विधायक ने स्टाफ व विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज से चिट्टे जैसे नशे को खत्म करने का संकल्प मजबूत होना चाहिए और इस लड़ाई में जीत निश्चित है। कैप्टन ने घोषणा की कि बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु सुजानपुर और टौणी देवी में ऑनलाइन कोचिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने 11,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी और विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

# ग्राहक सेवा सुधार पर दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के शिमला जोन के जोनल प्रबंधक राजेश कुमार ने हमीरपुर मंडल का दौरा कर जिला हमीरपुर और ऊना की शाखाओं में ग्राहक सेवा की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने शाखा प्रबंधकों से फीडबैक लिया और कुमार पैलेस में बैठक कर बैंक की चुनौतियों, ग्राहकों की प्रतिक्रिया और सेवा सुधार के उपायों पर चर्चा की। राजेश कुमार ने टीम वर्क, समयबद्ध सेवा और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग और पीएनबी वन ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। शाखा प्रबंधकों ने अनुभव साझा किए और सुझाव दिए। मंडल प्रमुख नीरज कुमार आनंद ने कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देने का मार्गदर्शन दिया।

# गलोड़ की 15 पंचायतों को दिया शव वाहन

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** समाज कल्याण समिति पल्लवी ने गलोड़ तहसील के लिए एक शव वाहन दान किया, जिसका उपयोग गलोड़ क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोग मुफ्त कर सकेंगे। कई क्षेत्रों में शव दाह केंद्र गांव से दूर होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए समिति के सदस्यों जगदीश शर्मा, ब्रह्मदेव और बलदेव ने वाहन दान किया। समिति के सजाज सेवी राजकुमार ने बताया कि शव वाहन क्षेत्रवासियों के लिए पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। गलोड़ के सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री और अन्य लोगों ने दानदाताओं का धन्यवाद किया और उनकी पहल की सराहना की।

# वरिष्ठ पेंशनरों को किया जाएगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ, हमीरपुर खंड इकाई की बैठक एवं वरिष्ठ पेंशनर्ज सम्मान समारोह 15 दिसम्बर, को प्रातः साढ़े दस बजे शिव मंदिर परिसर, मेन बाजार हमीरपुर में खंड प्रधान देव राज पटियाल की अध्यक्षता में एवं संघ प्रदेशाध्यक्ष के.सी.गौतम व मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है। खंड इकाई द्वारा 80 वर्ष आयु वर्ग के वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित करने का विशेष कार्यक्रम रखा गया है। सम्मानित किए जाने वाले पेंशनरों को खंड इकाई पदाधिकारी स्वयं व्यक्तिगत रूप से सूचित करेंगे। इसके अलावा बैठक में पेंशनरों की मांगों व समस्याओं पर मंथन किया जाएगा।

# अटल जन्मोत्सव की रूपरेखा तैयार की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अटल प्रेम सेवा संस्था ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को विशेष रूप से मनाने का निर्णय लिया है। दरोगण में आयोजित बैठक में अध्यक्ष विजय बहल की अध्यक्षता में यह तय किया गया कि वाजपेयी जी के सम्मान में जनसेवा आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संस्था के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे और उत्सव की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, महासचिव पवन शर्मा, सचिव अनिल शामा, हरनाम सिंह, महिला मंडल दरकोटी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# संस्कार युक्त शिक्षा से बनेगा नशा मुक्त समाज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** होली हार्ट पब्लिक स्कूल डिडवी टिक्कर में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेन्द्र अत्री ने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने छात्रों को सही और गलत के निर्णय करने, उच्च लक्ष्य बनाने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अत्री ने शिक्षा के साथ-साथ खेल, संस्कृति और समाज सेवा में भाग लेने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक प्रवेश ठाकुर, प्रिंसिपल अर्चना कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष कैप्टन प्रकाश चंद, शिक्षक, कर्मचारी और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# विदेश में रोजगार के लिए साक्षात्कार 17 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के माध्यम से युवाओं को संयुक्त अरब अमीरात में रोजगार का अवसर मिलेगा। भर्ती प्रतिनिधि कंपनी जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। पदों के लिए 20 से 37 वर्ष तक के दसवीं पास और अंग्रेजी का बेसिक ज्ञान रखने वाले युवा पात्र हैं। उम्मीदवारों के पास गियर वाली बाइक का ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट होना चाहिए। चयनित युवाओं को 2,500 दिरहम मासिक वेतन के अलावा कमीशन और टिप सहित 70,000 से 1,00,000 रुपये तक कमाई का अवसर मिलेगा। कार्य 6 दिन प्रति सप्ताह, प्रतिदिन 10 घंटे की शिफ्ट में होगी। चयनित उम्मीदवारों को औपचारिकताएं पूरी करने हेतु 35,400 रुपये शुल्क और अन्य आवश्यक शुल्क अदा करने होंगे।

# आईटीआई रैल के बोरवेल का पानी दूषित, छात्रों में फैला पीलिया, लैब रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** आईटीआई रैल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों में फैले पीलिया की वजह बोरवेल का पानी ही है। जल शक्ति विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए पानी अलग अलग सैंपल दोनों विभागों ने अपनी अपनी लैब में जांच के लिए भेजे थे जिनकी रिपोर्ट आ गई हैं। दोनों लैब की रिपोर्ट में बोरवेल के पानी को सस्पिशियस बताया है जो पीने योग्य नहीं है। विभागों ने बोरवेल के अलावा आईटीआई के बॉयज,गर्ल्स हॉस्टल की पानी की टंकियों तथा आईटीआई की मेने टंकी के पानी के सैंपल लिए थे सभी सैंपल की रिपोर्ट सस्पिशियस आई है। रिपोर्ट अनुसार पानी पीने योग्य नहीं है। आईटीआई रैल के भवन के साथ ही करीब 25 वर्ष पहले बोरवेल लगाया गया था। जिसके ऑपरेशन सहित रखरखाव का कार्य आईटीआई संस्थान ही करता है। इस बोरवेल के करीब 8 मीटर की दूसरी पर आईटीआई रैल का सेप्टिक टैंक है। संस्थान इसी बोरवेल का पानी इस्तेमाल करता है। हालांकि जल शक्ति विभाग की पेयजल उठाऊ योजना के कनेक्शन भी आईटीआई परिसर में हैं।

इस बोरवेल से कुछ दूरी पर बने संस्थान के सेप्टिक टैंक का गंदा पानी बोरवेल के पानी से मिश्रित होकर दूषित हो गया है। और इस पानी को पीने से संस्थान के हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों के अलावा डे स्कालर विद्यार्थी भी बीमार हो गए थे।

बोरवेल करीब 25 साल पहले किया गया है उसके ऑप्शन सहित देखरेख का जिम्मा काफी अर्सा से आईटीआई रैल का ही है। बोरवेल व उससे संस्थान की टंकियों में सप्लाई किए जाने वाले पानी के सैंपल जल शक्ति विभाग की लैब में भेजे थे उनकी रिपोर्ट में पानी में बैक्टीरिया पाए गए हैं।

> **आईटीआई** रैल के बोरवेल सहित ब्वॉयज व गर्ल्स हॉस्टल सहित मेन टंकी के पानी की सैंपल लिए थे जिन्हें क्षेत्रीय अस्पताल हमीरपुर की लैब में जांच के लिए भेजा था। सभी पानी के सैंपल की रिपोर्ट सस्पिशियस आई है। जो बच्चे पीलिया से पीड़ित थे उन सभी की स्थिति में सुधार है। कोई नया केस नहीं आया है। स्थिति नियंत्रण में है।
> **-डॉ. राजेश भारद्वाज, बीएमओ, नादौन।**

> **संस्थान** प्रशासन को इस बोरवेल का पानी इस्तेमाल ने करने को कहा गया है। संस्थान में जल शक्ति विभाग की पेयजल उठाऊ योजना से पानी सप्लाई किया जा रहा है। योजना का पानी सही है उसे पीने के लिए इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।
> **-अमित चौधरी, एसडीओ, जल शक्ति विभाग, नादौन।**

# 16 को होने वाले चिट्टा विरोधी मेगा वॉकथॉन के रूट में आंशिक बदलाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टा विरोधी अभियान के तहत 16 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले मेगा वॉकथॉन के रूट में आंशिक बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में यह वॉकथॉन शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान से आरंभ होकर नादौन चौक, गांधी चैक, मुख्य बाजार, भोटा चैक और हथली खड्ड पुल से गुजरता हुआ दोसड़का स्थित पुलिस मैदान में समाप्त होगा। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिला के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दोनों मैदानों और रूट पर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हजारों विद्यार्थी और आम लोग इस मार्च में भाग लेंगे। ब्वायज स्कूल के मैदान में सुबह 9 बजे प्रतिभागियों का स्वागत होगा, जहां पुलिस के आर्केस्ट्रा 'हॉरमनी ऑफ पाइन्स' के कलाकार उनका उत्साह बढ़ाएंगे। मैदान में पानी, शौचालय और एंबुलेंस जैसी सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही प्रतिभागियों को चिट्टा के विरोध की शपथ दिलाई जाएगी और पैदल मार्च शुरू होगा। गांधी चौक और भोटा चौक पर पुलिस और होमगार्ड बैंड प्रदर्शन करेंगे। पुलिस मैदान में सभी प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री संदेश देंगे।

## बधाई संदेश



**दैनिक** समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और डिजिटल टीवी को दो साल पूरे होने पर मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं। पिछले दो वर्ष में संस्थान ने निष्पक्ष, तथ्य-आधारित और सारगर्भित रिपोर्टिंग के माध्यम से लोगों का विश्वास जीता है। आज के दौर में पत्रकारिता की विश्वसनीयता ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है और 'अनंत ज्ञान' ने इसे सशक्त रूप से सिद्ध किया है।

-मुकेश रेपसवाल, उपायुक्त, चंबा

## बधाई संदेश



**दैनिक** समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं। 'अनंत ज्ञान' की दो साल की पत्रकारिता निष्ठा और समाजहित के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। जितने कम समय में अनंत ज्ञान ने अपनी जगह बनाई है, वह सराहनीय है। उम्मीद है कि आने वाले समय में यह मंच सच की आवाज को और भी बुलंद करेगा तथा क्षेत्र की समस्याओं और मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा। -सुरजीत भरमौरी, निदेशक, एचआरटीसी बोर्ड

## बधाई संदेश



**यह** अत्यंत हर्ष का विषय है दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' अपना दो साल का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है। 'अनंत ज्ञान' ने संतुलित और विश्वसनीय खबरों के लिए जो पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। पत्रकारिता में निष्पक्ष दृष्टिकोण और जनसरोकारों को प्राथमिकता देना ही इसकी वास्तविक ताकत है, जिसे यह संस्थान निरंतर निभा रहा है। मेरी ओर से पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

-जीवन कुमार, जिला योजना अधिकारी, चंबा

## बधाई संदेश



**दैनिक** समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और डिजिटल टीवी को दो साल पूरे होने पर मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं। 'अनंत ज्ञान' ने दो वर्ष में जिम्मेदार पत्रकारिता का उत्कृष्ट मानक प्रस्तुत किया है। सत्य, निष्पक्षता और जनहित के प्रति इसकी प्रतिबद्धता इसे चंबा जिले का एक सशक्त मीडिया मंच बनाती है। समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी ढेरों शुभकामनाएं।

-सुशील कुमार, अधीक्षक, उपायुक्त कार्यालय, चंबा

# आपदा प्रभावित मुचका गांव के लोगों के पुनर्वास के लिए करें वैकल्पिक व्यवस्था

## उपायुक्त ने चमेरा चरण-III के परियोजना प्रभावितों के पुनर्वास मामलों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चमेरा चरण-III के परियोजना प्रभावितों के पुनर्वास मामलों की समीक्षा करते डीसी।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज एनएचपीसी की चमेरा चरण-III विद्युत परियोजना के अंतर्गत परियोजना प्रभावित परिवारों के राहत एवं पुनर्वास संबंधी मामलों की समीक्षा हेतु निगरानी समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठके में उपायुक्त ने परियोजना प्रभावितों को रोजगार उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति के अंतर्गत कामगार श्रेणी के रिक्त पदों के लिए सभी व्यक्तियों की सूची संबंधित ग्राम पंचायत प्रधानों से तत्काल प्राप्त की जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को रोजगार का अवसर सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने एनएचपीसी अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिक्त पदों को भरने से पूर्व उनका विस्तृत विवरण तथा पदों के मापदंडों की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जो संविदा कर्मचारी अगले 6 महीने या एक वर्ष के भीतर रिटायर होने वाली है उनकी सूची भी जल्द प्रेषित करें। उपायुक्त ने भूस्खलन प्रभावित मुचका गांव के प्रभावित परिवारों के पुनर्वास पर गंभीरता व्यक्त करते हुए उपमंडल अधिकारी (नागरिक) चंबा को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक पुनर्वास स्थल चिन्हित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने एनएचपीसी अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि प्रावधान है, तो प्रभावित परिवारों के दिव्यांग, विकलांग, अक्षम व विधवा औरतों को प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन उपलब्ध करवाई जाए।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि परियोजना क्षेत्रों में छोटे कूड़ा निष्पादन संयंत्र स्थापित किए जाएं और साथ लगती पंचायतों से एकत्रित ठोस कचरे को इन संयंत्रों में वैज्ञानिक तरीके से निपटाया जाए, जिससे स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा और पर्यावरणीय प्रदूषण में कमी आएगी। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि समुदाय स्वास्थ्य केंद्र होली या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गरोला में आवश्यकतानुसार चिकित्सक उपलब्ध करवाए जाएं ताकि स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

बैठक में चमेरा चरण-III, कुठेड हाइड्रो प्रोजेक्ट और होली-बजोली परियोजना के प्रबंधकों ने पर्यावरण प्रबंधन से जुड़े विषयों कैचमेंट एरिया, ट्रीटमेंट प्लान, क्षतिपूरक वनीकरण, ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट, पर्यावरण मॉनिटरिंग, जैव-विविधता संरक्षण, मत्स्य प्रबंधन, क्वारी साइट पुनर्स्थापन, आपदा प्रबंधन, डंपिंग साइट एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# चंबा-सलूनी बॉर्डर के पास खाई में गिरी कार; एक की मौत, 3 घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा**



अनियंत्रित होकर गिरी कार क्षतिग्रस्त।

चंबा-सलूनी के बॉर्डर एरिया जम्मू कश्मीर के भद्रवाह-थेनाला में सड़क कार हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे में तीन लोग घायल हुए है। घायलों को मेडिकल कॉलेज चंबा में इलाज के लिए भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक थेनाला, भद्रवाह में एचपी 01सी 1927 नंबर की आल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक और घायल चंबा के भजोत्रा पंचायत,तहसील सलूणी के रहने वाले थे। थेनाला सड़क हादसे में रिंकू राम पुत्र नंदु राम की दु:खद मृत्यु हो गई है। हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हैं जिनको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा भेजा गया है। जानकारी के अनुसार एचपी 01सी 1927 नंबर की आल्टो टैक्सी जम्मू के भद्रवाह से तेलका की ओर वापस आ रही थी। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर करीब 200 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के वक्त कर में चार लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके दुर्घटना के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जेसीसी बैठक न बुलाने पर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ चम्बा की विभिन्न इकाइयों और पेंशनर संगठनों की संयुक्त बैठक सोमवार को लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस चम्बा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अशोक कुमार शर्मा ने की, जबकि हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. डी. के. सोनी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में बिजली बोर्ड, परिवहन एवं कॉरपोरेट पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार साझा किए और मासिक बैठकों को त्रैमासिक स्तर पर आयोजित करने तथा 17 दिसंबर को प्रस्तावित 'पेंशनर दिवस' को एक मंच पर मनाने का निर्णय लिया। नई सदस्यताओं के तहत डिप्टी रेंजर राजिंदर चोपड़ा, अधीक्षक ग्रेड-1 नरेश खन्ना और रीता जोशी का स्वागत किया गया। पेंशनरों ने जेसीसी बैठक न बुलाए जाने पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि सरकार को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। बैठक में आंदोलन के दौरान बस किराए का भुगतान संगठन के खाते से करने का निर्णय भी लिया गया।

### बाहरी मजदूर व कारोबारी करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में सार्वजनिक सुरक्षा और प्रशासन को सुचारु रखने के लिए चंबा पुलिस ने बाहरी राज्यों और जिलों से आने वाले मजदूरों, दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडरों के लिए अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया लागू कर दी है। आदेश के अनुसार, प्रत्येक थाना और चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र में आने वाले बाहरी व्यक्तियों का 'पर्चा अजनबी' भरकर उनके गृह क्षेत्र के थानों में सत्यापन कराएंगे और रिकॉर्ड संधारित करेंगे। पंजीकरण छह माह के लिए वैध होगा और नवीनीकरण अनिवार्य होगा। बाहरी व्यक्तियों से स्थानीय संपर्क व्यक्ति का नाम और मोबाइल नंबर भी दर्ज करना आवश्यक होगा। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में हॉकर्स और स्ट्रीट वेंडरों को सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा न करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने पर अस्थायी पहचान पर्ची भी जारी की जा सकेगी।

### होली-उतराला सड़क को मिली हरी झंडी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** लंबे समय से प्रतीक्षित होली-उतराला सड़क के निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रगति सामने आई है। पांगी-भरमौर क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज द्वारा लगातार उठाई जा रही इस मांग पर माननीय मुख्यमंत्री ने जनजातीय सलाहकार परिषद् की बैठक में अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने और सड़क परियोजना को विधायक प्राथमिकता बजट से वित्तपोषित करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। इस निर्णय के बाद न सिर्फ पांगी और भरमौर के लोगों की बहुप्रतीक्षित आशा पूरी होने जा रही है, बल्कि यह सड़क भविष्य में क्षेत्र के विकास, पर्यटन विस्तार और आवागमन सुविधा को नई दिशा देगी। सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को बड़ा राहत मिलेगी। विधायक डॉ. जनक राज ने इस उपलब्धि को जनता से साझा करते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि यह सड़क स्थानीय लोगों की सुविधा, सुरक्षा और विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आभार व्यक्त किया

### नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत 12 दिसंबर 2025 को शकुंतला मेमोरियल बी.एससी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे' पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 141 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 125 छात्राएँ और 16 शिक्षण एवं अशिक्षण स्टाफ शामिल थे। शिविर में सहायक विधिक सहायता अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर ने नि:शुल्क विधिक सहायता, डीएलएसए, एसएलएसए, एनएलएसए की भूमिकाओं और पीएमजेएवाई, आयुष्मान भारत, जेएसवाई, पीएमएमवीवाई जैसी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। सीएमओ कार्यालय और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य, पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण उपायों पर मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों ने शिविर को अत्यंत उपयोगी बताया।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत दिए दो लाख

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख में आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत संजय कुमारी, पत्नी स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह, को दो लाख रुपये का भुगतान किया गया। शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने बताया कि स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह ने 7 नवंबर ,1996 को बैंक में खाता खुलवाया था और 6 अगस्त 2021 को योजना में नामांकन कराया था। 31 अगस्त 2025 को उनका आकस्मिक निधन हो गया। नामित पत्नी संजय कुमारी ने निर्धारित दस्तावेज जमा कर क्लेम राशि प्राप्त की। शिविर में बैंक के निरीक्षक चैन सिंह, सहायक प्रबंधक मोहित डोबरियाल, अवतार सिंह, अनिल, धनीराम और सचिन उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया।

### आग नियंत्रण व बचाव तकनीक की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चम्बा में प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता की देखरेख में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायरमैन लेखराज व फायरमैन सुरेश कुमार ने अस्पताल के डाक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, प्रशिक्षु डॉक्टरों और सुरक्षाकर्मियों को आगजनी की स्थिति में मरीजों और स्वयं की सुरक्षा के लिए बचाव तकनीक सिखाई। कर्मचारियों को ए, बी, सी और डी श्रेणी की आग और उनके नियंत्रण के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य ने कहा कि यह ड्रिल अप्रिय घटनाओं से निपटने की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण है। सयुक्त निदेशक केशव राम, विभागाध्यक्ष व अन्य स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### पूर्व लोकसभा अध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। महाराष्ट्र के लातूर में आज सुबह हुए उनके निधन को मुख्यमंत्री ने देश की राजनीति की एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने कहा कि शिवराज पाटिल एक उच्च कोटि के सांसद, संवेदनशील जनसेवक और दूरदृष्टि वाले नेता थे, जिन्होंने विभिन्न संवैधानिक पदों पर रहते हुए राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिवराज पाटिल का जीवन संघर्ष, सादगी और सेवा की मिसाल रहा है।

# राज्यसभा सांसद महाजन के जन्मदिन पर युवाओं ने महादान का दिया संदेश



राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर में उमड़ी भीड़।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ऐतिहासिक चौगान नंबर 5 में शुक्रवार को राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के जन्मदिन के अवसर पर विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे और उन्होंने समाज सेवा और रक्तदान के महत्व पर जोर दिया।

युवा वर्ग ने कहा कि हर्ष महाजन न केवल चंबा की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, बल्कि समाज सेवा में भी उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक सम्मान मिलता है। युवाओं ने कहा कि हर्ष महाजन ने हमेशा चंबा की जनता के कल्याण और विकास के लिए निरंतर कार्य किया है और उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में नई पहल हुई हैं। रक्तदान शिविर में सदर चंबा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर और उनकी धर्मपत्नी नीलम नैय्यर, विनायक रैना, एडवोकेट जय सिंह, सीमा, विनीत बिज, महिंदर हांडा, प्रताप सिंह, दीपक हांडा और चंद्र प्रकाश जैसे गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का सफल आयोजन रोहित हांडा, अभिषेक हांडा, मुजेब खान, अभिराज ठाकुर और तनुजा कालिया की मेहनत और समर्पण का परिणाम रहा। हर्ष महाजन की प्रेरणा ने युवाओं को सक्रिय रूप से सेवा के कार्यों में जोड़ने का काम किया और समाज में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद को और मजबूत किया।

# क्रीड़ा भारती चंबा के भूपिंद्र शर्मा बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्रीड़ा भारती हिमाचल प्रदेश ने बुधवार रात वर्चुअल बैठक में चम्बा जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। संगठन ने कहा कि नई टीम जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने, युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष हरि सिंह ठाकुर और प्रांत मंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल मंत्र 'स्वस्थ युवा—सशक्त राष्ट्र' और आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी गांव-गांव तक खेल गतिविधियों को पहुँचाने में नेतृत्व करेगी। सर्वसम्मति से घोषित कार्यकारिणी में भूपिंदर शर्मा अध्यक्ष, वेद प्रकाश और अभिषेक ठाकुर उपाध्यक्ष, मोहित शर्मा मंत्री और कुलदीप सिंह एवं आशीष ठाकुर सह मंत्री चुने गए। निखिल ठाकुर कोषाध्यक्ष, अखिल ठाकुर जिला संयोजक, सुनीता ठाकुर महिला प्रमुख, अनामिका शर्मा सह महिला प्रमुख, शुभम ठाकुर आईटी प्रमुख, अंकित शर्मा सह आईटी प्रमुख, रोहित पठानिया मलखम प्रमुख, कंनबीर कृष्ण शर्मा मलखम सह प्रमुख और व्यास देव क्रीड़ा केंद्र प्रमुख नियुक्त हुए। नई टीम ने संकल्प लिया कि जिले के हर क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देते हुए युवाओं के सर्वांगीण विकास में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। बैठक में जिले के खेल प्रेमी और संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# चंबा में खुशक हवाओं ने बढ़ाया वायरल का खतरा, अस्पतालों में मरीजों की उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिला इन दिनों लगातार बारिश से महरूम है और आसमान में जमे बादलों के बावजूद बूंदें जमीन को छू नहीं रहीं। मौसम का ये अचानक बदलता मिज़ाज अब सिर्फ फसलों के लिए ही नहीं, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरे की घंटी बन गया है। खेतों में सूखे की मार साफ झलक रही है, और दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज समेत जिला के अस्पतालों में वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम और खांसी से पीड़ित लोगों की लम्बी कतारें दिखाई देने लगी हैं।

मेडिकल कॉलेज चंबा के प्रिंसिपल डॉ. पंकज गुप्ता ने स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि वातावरण में नमी की कमी वायरस के तेज़ी से फैलने का सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने बताया कि जब हवा सूखी हो जाती है, तो वायरल संक्रमण अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं तथा लोगों में तेजी से फैलते हैं। 'ऐसे मौसम में लापरवाही बेहद खतरनाक साबित हो सकती है,' उन्होंने चेतावनी दी।

डॉ. गुप्ता ने नागरिकों को सलाह देते हुए कहा कि यदि किसी को वायरल संक्रमण के लक्षण हैं तो उनसे उचित दूरी बनाए रखें। सुबह-शाम की ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का प्रयोग करें और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान्य वायरल संक्रमण 1-2 दिनों में स्वत: ठीक हो जाता है, लेकिन यदि लक्षण 2-4 दिनों से अधिक बने रहें, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है। उन्होंने जनता से अपील की कि बीमारी को हल्के में न लें, समय पर उपचार ही संक्रमण की श्रृंखला को रोक सकता है। खेतों से लेकर अस्पतालों तक, चंबा इन दिनों मौसम की मार झेल रहा है, और ऐसे में सावधानी ही बचाव का सबसे बड़ा हथियार बनी हुई है।

## 556 ग्राम चरस बरामद, 200 मीटर कॉपर केबल चोरी

**अनंत ज्ञान, चंबा** जिला पुलिस चंबा ने शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण मामलों में अभियोग दर्ज कर कड़ा कदम उठाया। पहला मामला मादक पदार्थ तस्करी का है। थाना चुवाड़ी में धारा 20, 25, 29 एनडीपीएस अधिनियम के तहत विपन कुमार व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ 556 ग्राम चरस बरामद करने के बाद मामला दर्ज किया गया। पुलिस इस मामले में लगातार सुराग जुटा रही है। दूसरा मामला चोरी का है। थाना भरमौर में सुरेश कुमार की शिकायत पर अंजेलिक्यू-पीसी कंसोर्टियम की बैराज साइट एडिट-1 से लगभग 200 मीटर कॉपर केबल चोरी होने के बाद धारा 303(2) क्चहृस् के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच तेज़ कर दी है और सुराग जुटा रही है।

# जियोडेटिक एसेट्स रजिस्टर व मैप का विमोचन

## हिमाचल की आपदा-प्रबंधन व वैज्ञानिक योजना के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



अतिरिक्त मुख्य सचिव केके पंत जियोडेटिक एसेट्स रजिस्टर और मैप का विमोचन करते हुए।

प्रदेश के भू-स्थानिक विकास में एक अहम कदम बढ़ाते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व केके पंत ने आज भू-स्थानिक निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के निदेशक गौरव कुमार सिंह द्वारा तैयार किए गए जियोडेटिक एसेट्स रजिस्टर और जियोडेटिक मैप का औपचारिक विमोचन किया। यह दस्तावेज हिमाचल की भौगोलिक संरचना, संवेदनशील भूस्थितियों और आपदा जोखिमों को देखते हुए आने वाले समय में योजनाओं के लिए आधार-स्तंभ सिद्ध होगा।

इस रजिस्टर में प्रदेश की जियोडेटिक अधोसंरचना को छह मुख्य श्रेणियों में संजोया गया है, जिनमें सतत संचालन संदर्भ स्टेशन, ग्रेट ट्रिग्नोमैट्रिक सर्वे स्टेशन, ग्राउंड कंट्रोल प्वाइंट्स, मैग्नेटिक रेफ्रेंस स्टेशन, ग्रैविटी रेफ्रेंस स्टेशन और लेवलिंग बेंचमार्क शामिल हैं। यह सभी बिंदु प्रदेश की भौगोलिक सटीकता, मापन तकनीकों और वैज्ञानिक आकलन के लिए अनिवार्य आधार माने जाते हैं।

केके पंत ने कहा कि यह रजिस्टर और मैप प्रभावी आपदा न्यूनीकरण रणनीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हिमाचल प्रदेश पर्वतीय ढलानों, भू-स्खलन क्षेत्रों और मौसमीय जोखिमों की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है, ऐसे में हर स्थान का वैज्ञानिक रिकॉर्ड भविष्य की सुरक्षा योजनाओं को मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण अनुकूल अधोसंरचना के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने में भी यह दस्तावेज मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार राजस्व प्रशासन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ा रही है। गांवों के नक्शों को भू-नक्शा पोर्टल पर अपलोड करना, स्वामित्व परियोजना में डिजिटल मानचित्रण और राजस्व सेवाओं को पारदर्शी व त्वरित बनाने के प्रयास इसी दिशा के प्रमुख कदम हैं। जियोडेटिक रजिस्टर के जुड़ने से यह व्यवस्था और अधिक वैज्ञानिक तथा व्यवस्थित बन सकेगी। इस अवसर पर विशेष सचिव डी.सी. राणा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शिक्षक हत्याकांड के आरोपी को उम्रकैद और 25 हजार जुर्माना

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय किन्नौर स्थित रामपुर की अदालत ने शुक्रवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी सेस राम पुत्र समतू राम गांव टीपरी डाकघर धार तहसील आनी जिला कुल्लू को उम्र कैद की सजा सुनाई है। फैसले की जानकारी देते हुए उप-जिला न्यायवादी कमल चन्देल ने बताया कि वर्ष 2019 में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुजा सूद की अदालत ने आरोपी सेस राम को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। उसके बाद आरोपी ने उच्च न्यायलय में अपील दायर की थी। उच्च न्यायलय ने फैसले में कुछ खामियां पाई तथा केस फाईल को इसी न्यायलय को दोबारा फैसले के लिए भेज दिया। यह मामला 2016 का था। जिसमें आरोपी द्वारा एक अध्यापक को अपने घर में बुलाकर तथा शराब पिलाने के बाद दराट से उसके सिर को धड़ से अलग कर दिया था तथा डेड बॉडी को बोरु में पैक करके झाड़ियों में छिपा दिया था।

# उपायुक्त ने ऐतिहासिक रंग महल के रखरखाव कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने आज ऐतिहासिक रंग महल का दौरा कर वहां चल रहे रखरखाव कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों के साथ रंग महल के संरक्षण, सौंदर्यवर्धन तथा रखरखाव को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में पड़े अनुपयोगी एवं पुराने कबाड़ की शीघ्र नीलामी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सभी कार्य भवन की पारंपरिक वास्तुकला शैली, सौंदर्य एवं कलात्मक स्वरूप के अनुरूप ही पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भवन में संरक्षित पुरातन एवं ऐतिहासिक सामग्रियों जैसे प्राचीन चित्रकला, पेंटिंग्स, नक्काशीदार लकड़ी, भित्तिचित्रों के अवशेष एवं अन्य कलात्मक धरोहर आदि को सुरक्षित रखने तथा उनके संरक्षण और प्रदर्शनी के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भवन की दीवारों पर स्थानीय इतिहास, संस्कृति और लोक कथाओं से जुड़े नवीन भित्तिचित्र बनवाकर रंग महल को एक सांस्कृतिक आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। भवन में सिलन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित विभाग को व्यवस्थित जल निकासी सुनिश्चित करने तथा रंग महल के आसपास आवश्यक नालियों के निर्माण कार्य के निर्देश दिए ताकि वर्षा और रिसाव से भवन को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। साथ में उपायुक्त ने रंग महल के प्रांगण के सौंदर्यीकरण पर भी कार्य करने को कहा। उपायुक्त ने रंग महल में स्थित हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं के साथ संवाद किया।

उन्होंने प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार की जा रही हस्तशिल्प सामग्रियों जैसे चंबा रुमाल, शॉल, साड़ियाँ आदि की गुणवत्ता एवं निर्माण प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा , जिला श्रम अधिकारी अनुराग शर्मा, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण दिनेश कुमार, अर्थ शास्त्री परियोजना विनोद कुमार, सहायक अभियंता उपेंद्र कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**हलचल** कांग्रेस सम्मेलन के बाद नड्डा के शिमला आगमन से बढ़ी सियासी सरगर्मी

# राजनीतिक फिजाओं में फिर हलचल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** पहाड़ों की खामोश वादियों में अकसर हवा बदलते ही मौसम बदलने का संकेत देती है, मगर इस बार ठंडी हवाओं ने अपने दामन में सियासत की एक ताज़ा सरगर्मी भी समेट रखी है। कांग्रेस सरकार के जश्न की रौशनी अभी पूरी तरह छंटी भी नहीं थी कि अगले ही रोज़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का शिमला आगमन राजनीतिक गलियारों में नई हलचल का पैगाम बन गया। सत्ता की खुशियों और विपक्ष की तैयारियों के बीच जो नयी लकीर खिंची है, उसने हिमाचल की राजनीति को एक अलग ही रंग दे दिया है।

भाजपा संगठन ने नड्डा के प्रवास को लेकर सभी इंतजाम मुकम्मल कर दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल लगातार समीक्षाएं करते रहे हैं और कार्यकर्ताओं को हर व्यवस्था समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। 13 दिसंबर की सुबह नड्डा शिमला के टुटू स्थित मझठाई के पास बनने वाले नए प्रदेश कार्यालय भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास करेंगे। इस आयोजन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी तय मानी जा रही है।

कार्यक्रम संयोजक संजीव कटवाल ने बताया कि बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद नड्डा का यह पहला हिमाचल दौरा है, इसलिए उत्साह भी असाधारण है। पीटरहॉफ मैदान में होने वाला अभिनंदन समारोह केवल स्वागत भर नहीं होगा, बल्कि संगठन में नयी ऊर्जा का संचार करने वाला अवसर बनकर उभरेगा। पीटरहॉफ मैदान में शिमला संसदीय क्षेत्र के 17 विधानसभा क्षेत्रों के अलावा रामपुर और आनी सहित कुल 21 क्षेत्रों से कार्यकर्ता जुटेंगे। नड्डा का यह संबोधन केवल उत्साहवर्धन तक सीमित न रहकर, राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक 2027 के विधानसभा चुनावों की शुरुआती पृष्ठभूमि भी तैयार कर सकता है। कांग्रेस सरकार के जश्न के ठीक दूसरे दिन भाजपा का यह शक्ति प्रदर्शन अपने भीतर कई अनकहे संदेश समेटे हुए है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने तीन सालों में जनता के भरोसे को ठेस पहुंचाई है।

उन्होंने कहा कि मंडी में आयोजित सरकारी रैली विरोधाभासों से घिरी रही और सरकार हर वक्त भाजपा पर तंज कसने में ही मशगूल रही। बिंदल ने इसे सरकार का तू-तू मैं-मैं कार्यक्रम बताते हुए कहा कि जनता अब नये संकल्पों पर यकीन करने को तैयार नहीं है, क्योंकि पुराने वादों पर कोई ठोस काम नजर नहीं आता। ऐसे वातावरण में नड्डा का आगमन भाजपा कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार करेगा।

### सियासी शतरंज की बिसात पर नई चालें

**कांग्रेस** सम्मेलन के तुरंत बाद भाजपा की यह सक्रियता हिमाचल की राजनीति में एक दिलचस्प मोड़ लेकर आई है। जहां सरकार अपनी उपलब्धियों का परचम लहरा रही है, वहीं विपक्ष शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में मैदान सजा रहा है। नड्डा का यह प्रवास केवल शिलान्यास या औपचारिक बैठकों तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली रणनीतियों और सियासी समीकरणों की एक झलक भी देता है। राजनीतिक मौसम इस वक्त जिस करवट बैठता दिखाई दे रहा है, वह साफ इशारा करता है कि हिमाचल की सियासत अब और भी दिलचस्प, धारदार और प्रतिस्पर्धी होने वाली है।

- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का दो दिवसीय प्रवास व तैयारियां पूरी
- नए प्रदेश कार्यालय भवन का होगा शिलान्यास

### ललित को कंधे पर उठाकर युवाओं ने भरी हुंकार

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** मंडी जिले में प्रदेश सरकार के 3 साल पूरे होने पर आयोजित जन संकल्प सम्मेलन में एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर का स्वागत उनके चाहने वालों ने कंधे पर उठाकर किया और आगामी चुनावों की हुंकार भरी। इस तस्वीर के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक युवक को ट्रोल किया गया, जिसमें लोगों ने उसे आउटसोर्स कार्यकर्ता बताया। ट्रोल किए गए युवक ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि निजी जिंदगी में किसी को दखल देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने ललित ठाकुर को अपना आदर्श बताया और कहा कि जब नेता पार्टी बदल सकते हैं, तो आम लोग क्यों नहीं। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट दिनभर चर्चा का विषय बनी और लोगों की अनेकों प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

### 17 को मनाया जाएगा पेंशनर दिवस

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पेंशनर कल्याण संघ रामपुर की विशेष बैठक अध्यक्ष सुदामा राम मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें 17 दिसंबर को पद्म छात्र स्कूल के सभागार में होने वाले पेंशनर दिवस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि देकर हुई और महासचिव कृष्ण कुमार ने संचालन किया। कार्यक्रम में एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि तथा बीडीओ राजेंद्र नेगी विशेष अतिथि होंगे, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनरों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस, जो 17 दिसम्बर को घुमारवीं में आयोजित होगा।

### हरिपुर में जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारत सरकार के 'अपनी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत चंबा जिले की ग्राम पंचायत हरिपुर में आज अज्ञात जमा राशियों (अनक्लेम्ड अमाउंट) के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन अग्रणी बैंक चम्बा द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक शिमला, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से किया गया। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक और नाबार्ड के अधिकारी भी शामिल हुए।

संपत्ति समझदार मनुष्य की सेविका है, किंतु मूर्ख के लिए वह जालिम है।
–हरिभाऊ

## संपादकीय

### क्रिकेट से पर्यटन

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) स्टेडियम धर्मशाला में रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले टी–20 मैच को लेकर उत्साह चरम पर है। लंबे समय बाद यहां कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला हो रहा है, इसलिए स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि देश–विदेश से क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला का रुख कर रहे हैं। यह उत्साह कोई नई बात नहीं है। जब भी धर्मशाला में मैच आयोजित होता है, तो केवल धर्मशाला और मैक्लोडगंज ही नहीं, बल्कि जिया, चामुंडा, पालमपुर, बैजनाथ से लेकर पूरे कांगड़ा क्षेत्र में एक अलग ही रौनक छा जाती है। ऐसा लगता है मानो पूरा जिला क्रिकेट के रंग में रंग गया हो।

धर्मशाला में होने वाले मैचों का सबसे अधिक आनंद हिमाचल के लोग उठाते हैं, क्योंकि यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल नजदीक से देखने के अवसर विरले ही मिलते हैं। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और जम्मू–कश्मीर से भी बड़ी संख्या में दर्शक यहां आते हैं। कुछ लोग तो केवल मैच देखने आते हैं, जबकि कई ऐसे भी होते हैं जो धर्मशाला घूमने के साथ–साथ क्रिकेट का लुत्फ भी उठाना चाहते हैं और इसके लिए वे महीनों पहले से ही योजना बनाना शुरू कर देते हैं। साथ ही साथ लगते मंदिरों में दर्शन करने जाते हैं।

धर्मशाला की खूबसूरती में एचपीसीए स्टेडियम चार–चांद लगाता है। दुनिया के सबसे सुंदर क्रिकेट मैदानों में इस स्टेडियम का नाम शुमार है। सामने धौलाधार की बर्फीली चोटियां, साफ नीला आसमान, हरी घास और शांत वातावरण से यहां का दृश्य बेहद आकर्षक होता है। यही कारण है कि दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए धर्मशाला मैच देखना एक अनुभव से कम नहीं है।

धर्मशाला में आयोजित हर बड़े मैच का स्थानीय कारोबार पर गहरा असर पड़ता है। होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, शॉपिंग पॉइंट, कैफे और छोटे विक्रेताओं की कमाई कई गुना बढ़ जाती है। पर्यटक सिर्फ मैच देखने नहीं आते, बल्कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय व्यंजन, बौद्ध संस्कृति, मठों और ट्रैकिंग पॉइंट्स का भी भरपूर आनंद लेते हैं। पर्यटन बढ़ने से हजारों लोगों को रोजगार मिलता है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। यही वह कारण था जिसके चलते धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने का विचार आया था, ताकि पर्यटन को पंख लगें और प्रदेश को आर्थिक फायदा मिले।

शुरुआती समय में धर्मशाला स्टेडियम को लगातार अंतरराष्ट्रीय मैच मिलते रहे। दुनिया का क्रिकेट समुदाय यहां खेलने के लिए उत्सुक था, क्योंकि ऐसा वातावरण किसी अन्य मैदान में नहीं मिलता, लेकिन समय बीतने के साथ–साथ कांग्रेस और भाजपा के बीच इस स्टेडियम को लेकर खींचतान शुरू हो गई। राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप का दौर चलता रहा, और स्टेडियम विवादों की श्रेणी में आ गया। राजनीति का प्रभाव इतना गहरा था कि जहां पहले लगातार मैच मिलते थे, वहीं अब मुश्किल से कुछ मैच ही आयोजित हो पाते हैं।

जब अनुराग ठाकुर एचपीसीए के अध्यक्ष थे, तब इस स्टेडियम ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई। आईपीएल से लेकर कई बड़े टूर्नामेंट यहां आयोजित हुए, जिससे प्रदेश की कमाई में भी काफी बढ़ोतरी हुई, लेकिन जैसे ही अनुराग ठाकुर राष्ट्रीय राजनीति में आगे बढ़ते गए, उनकी सक्रियता क्रिकेट प्रशासन में कम होती गई। समय के साथ एचपीसीए की कार्यशैली में भी बदलाव आया और स्टेडियम धीरे–धीरे उपेक्षा का शिकार होता गया। जिसके लिए कभी हजारों लोग उमड़ते थे, वह स्टेडियम अब कई बार खाली बैठा दिखाई देता है।

जिस उद्देश्य से यह स्टेडियम बनाया गया था–पर्यटन को बढ़ावा देने और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को संबल देने का, वह उद्देश्य अब अधूरा दिखाई देता है। यह आवश्यक है कि इस स्टेडियम की क्षमता का अधिकतम उपयोग किया जाए। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह एचपीसीए से तालमेल बनाकर इस स्टेडियम को एक राजस्व उत्पन्न करने वाली मशीन की तरह विकसित करे।

राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों को मिलकर सोचना होगा कि इस स्टेडियम को फिर से सक्रिय कैसे किया जाए। केवल राजनीतिक बयानबाजी से न तो प्रदेश का भला होगा और न ही इस अंतरराष्ट्रीय धरोहर का। यदि दोनों दल मिलकर प्रयास करें तो धर्मशाला को हर वर्ष कई अंतरराष्ट्रीय मैच मिल सकते हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पर्यटन उद्योग नई ऊंचाइयों को छूएगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार, दोनों की भूमिका अहम है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

### इंजीनियर से सीएम और रक्षा मंत्री तक

**मनोहर** परीकर की राजनीतिक यात्रा भारतीय राजनीति में एक मिसाल मानी जाती है। एक साधारण वैज्ञानिक पृष्ठभूमि से निकलकर वे न केवल गोवा के चार बार मुख्यमंत्री बने, बल्कि देश के रक्षा मंत्री के रूप में भी अपनी तेज सोच और निर्णायक नेतृत्व का परिचय देकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना गए। परीकर की विशेषता यह थी कि वे किसी भी परिस्थिति में अत्यंत सरल और जमीन से जुड़े रहते थे। चाहे मुख्यमंत्री हों या रक्षा मंत्री, वे अक्सर साधारण कपड़ों में, बिना किसी दिखावे के अपने कार्यों में जुटे मिलते थे।



मनोहर परीकर
जन्म : 13 दिसंबर,1955
मृत्यु : 17 मार्च, 2019

रक्षा मंत्रालय में रहते हुए परीकर ने कई महत्वपूर्ण रणनीतिक फैसलों में अहम भूमिका निभाई। सीमाओं पर बढ़ती चुनौतियों के बीच रक्षा ढांचे को मजबूत करना, सैन्य आधुनिकीकरण को गति देना और सैनिकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाना–ये सभी उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां थीं। वन रैंक वन पेंशन के समाधान में उनकी निर्णायक भूमिका को देश आज भी याद करता है।

गोवा में उनके प्रशासन को पारदर्शिता, तेजी और जनसंपर्क पर आधारित माना जाता है। वे छोटे–से–छोटे मुद्दे पर भी व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते थे। कई बार वे अचानक सरकारी दफ्तरों का निरीक्षण कर लेते थे ताकि जनता को मिलने वाली सेवाओं में सुधार हो सके। उनकी यह शैली प्रशासनिक व्यवस्था को सक्रिय बनाए रखने में बेहद प्रभावी साबित हुई। बीमारी के कठिन दौर में भी उनका कार्य के प्रति समर्पण कम नहीं हुआ। वे कई बार इलाज के बीच ही बैठकों में शामिल होते और राज्य के हित में निर्णय लेते रहे। 17 मार्च 2019 को उनके देहांत के साथ भारत ने एक ऐसा नेता खो दिया जो ईमानदारी, कठोर परिश्रम और सादगी का जीवंत प्रतीक था। ■



कविता

### पराभौतिक

डॉ. राजीव डोगरा, हिंदी अध्यापक
गांव जनयानकड़, कांगड़ा (हि.प्र.)

**मृत्यु** तुम करो न भक्षण मेरा, मैंने भी देखना है
काल बड़ा है या काली।
भाग्यविधाता लिखो न भाग्य, मैंने भी देखना है
कर्म बड़ा है या कर्मदाता।
समय बदलो न अपना पहिया, मैंने भी देखना है
भविष्यवक्ता बड़ा है या भविष्यकर्ता।
प्रेतराज चलो न करोड़ों प्रेतों के साथ, मैंने भी देखना है
तंत्र बड़ा है या प्रेम मंत्र।
देवराज इंद्र करो तप जरा भंग, मैंने भी देखना है
योगाग्नि बड़ी है या कामाग्नि।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# परंपरा से प्रदर्शन तक : बदलता विवाह संस्कार

भारत में विवाह सिर्फ एक सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव भी माना जाता है। पुराने समय में शादियां घरों के आंगन, चौपाल और मंदिरों में सादगी से हुआ करती थी।

रिश्तेदार मिलजुल कर काम करते थे, भोजन साधारण होता था और संगीत भी पारंपरिक, परंतु समय के साथ यह उत्सव अपनी सरलता और पवित्रता से भटककर एक ऐसे दिखावे में बदलता जा रहा है, जहां प्यार, विश्वास और रिश्तों की महत्ता से अधिक महत्व अंधाधुंध खर्च को दिया जाने लगा है। जैसे–जैसे आधुनिकता ने जगह बनाई, शादियां धीरे–धीरे एक चमक–दमक भरे आयोजनों में बदलने लगी। आज शादियों में जिस प्रकार का अंधाधुध खर्च देखने को मिलता है, वह केवल आर्थिक बोझ नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता, मानसिक दबाव और अनावश्यक प्रतिस्पर्धा को भी जन्म देता है।



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर (हि.प्र)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

समाज में एक ऐसा विशेष वर्ग बन गया है, जिसे लगता है कि शादी जितनी भव्य होगी, परिवार की प्रतिष्ठा उतनी ही बढ़ेगी। लाखों रुपए के वेडिंग वेन्यू, महंगी ब्रांडेड पोशाकें, अनगिनत व्यंजन वाली दावतें, डेस्टिनेशन वेडिंग का फैशन। यह सभी ऐसी चीजें हैं, जिन पर लोग बिना सोचे समझे खर्च कर देते हैं। इस दिखावे की प्रवृत्ति का असर उन परिवारों पर सबसे ज्यादा पड़ता है, जिनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होती, लेकिन समाज में कमतर आंके जाने के डर से वे कर्ज लेकर भारी खर्च कर बैठते हैं। ऐसे परिवारों के लिए शादी के खर्चे कई बार जीवनभर की बचत को निगल जाते हैं। निम्न मध्यम वर्ग के लोग जो पाई–पाई जोड़कर अपना जीवनयापन कर रहे होते हैं वे कई वर्षों तक इस कर्ज में डूबे रहते हैं। इससे आर्थिक असंतुलन बढ़ता है। मानसिक तनाव और वैवाहिक जीवन पर भी दबाव बढ़ता है। अक्सर एक शादी का बोझ पूरे परिवार की आर्थिक स्थिरता को हिला कर रख देता है।

जब माता–पिता शादी में अधिक खर्च करते हैं, वे इसे बेटी के भविष्य और सम्मान से जोड़ लेते हैं। यह सोच न केवल गलत है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में बाधक भी है। माता–पिता शादी में अधिक धन लुटाने के बजाय बेटी को सुशिक्षित करने में ज्यादा खर्च करें, जिससे बेटी स्वावलंबी बनेगी। उसका भविष्य सुरक्षित रहेगा। समाज में उसकी अलग पहचान होगी, और वह अपने जीवन में आने वाली हर चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम होगी।

अंधाधुंध खर्च सिर्फ आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी चिंता का कारण है। विवाह में अत्यधिक बिजली का उपयोग, भोजन की बर्बादी, सजावट या खाने के लिए प्रयोग होने वाला प्लास्टिक कचरा। दिखावे की यह चकाचौंध प्रकृति पर भी भारी पड़ती है। भोजन की इतनी बर्बादी होती है कि उससे कई लोगों के घर एक सप्ताह तक का खाना चल सकता है, परंतु शादी में वह सीधे कूड़ेदान में चला जाता है।



भारत जैसे सांस्कृतिक देश में विवाह केवल दो लोगों का मिलन नहीं होता, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो परंपराओं का संगम होता है। हमारे यहां शादी की सबसे बड़ी सुंदरता इसकी पारंपरिकता और रीति रिवाजों में छिपी होती है। शादी रीति–रिवाजों और पारंपरिक तरीके से ही हो, ताकि वह सिर्फ एक आयोजन न होकर हमारे संस्कारों का उत्सव बनें। शादी जीवन का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि इसे भव्यता के बोझ में बदला जाए। इसका समाधान सादगी, समझदारी और सामाजिक जागरूकता में छिपा है–शादी के लिए जितनी क्षमता हो उतना ही खर्च करें। यह समझें कि शादी में दिखावा नहीं, रिश्ते मायने रखते हैं। छोटे आयोजन के साथ भी शादी सुंदर और यादगार हो सकती है। मेन्यू छोटा रखें, बचा हुआ भोजन जरूरतमंदों को भी दिया जा सकता है। सजावट में प्राकृतिक और पुन: उपयोग होने वाली चीजें ही इस्तेमाल करें।

पारंपरिक शादी का असली सौंदर्य उसकी सादगी में होता है। यहां प्रतियोगिता नहीं होती, बल्कि संस्कार होते हैं। यहां ट्रेंड्स नहीं, परिवार की परंपराएं होती हैं। यहां महंगे कपड़े और सजावट नहीं, बल्कि आत्मीयता और अपनापन होता है। पारंपरिक विवाह हमें सिखाता है, कि शादी की भव्यता खर्चे में नहीं, बल्कि भावनाओं में होती है। यदि शादियां रीति–रिवाज के साथ नहीं होगी तो हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारे लोकगीतों, पारंपरिक वेशभूषा, घरेलू रस्मों, संस्कारों से दूर होती चली जाएंगी।

पारंपरिक शादी हमारी संस्कृति को जीवित रखने का भी एक माध्यम है। जब बच्चे–युवा घर में होने वाली रस्मों को देखते हैं तो वे भी उन मानवीय मूल्यों को आत्मीयता से अपनाते हैं। शादी जीवन का सबसे सुंदर व भावनात्मक क्षण होता है। यह वह समय है जब दो परिवार एक–दूसरे से जुड़ते हैं, जिसमें प्यार, विश्वास व सम्मान की नींव रखी जाती है, लेकिन यदि हम इस पवित्र बंधन को अनावश्यक दिखावे में बदल देंगे तो यह परंपरा बोझ बन जाएगी।

हमें अपनी सोच को बदलकर यह स्वीकार करना होगा कि वास्तविक संपत्ति शादी की भव्यता नहीं बल्कि उसकी सादगी, रिश्तों की गर्माहट और भावनाओं की पवित्रता ही वास्तविक संपत्ति है। समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब लोग खर्च की अंधी दौड़ छोड़कर विवेक और सरलता की राह चुनेंगे। इसीलिए आवश्यक है, कि हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें और विवाह को सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सव समझें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# योग : एक प्राचीन परंपरा से आधुनिक आवश्यकता तक !

योग भारत की उस प्राचीन धरोहर का हिस्सा है जिसने हजारों वर्षों से विश्व को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का मार्ग दिखाया है। इसकी उत्पत्ति लगभग 5000 वर्ष पूर्व मानी जाती है, जिसके प्रारंभिक संकेत हमें सिंधु–सरस्वती सभ्यता की मुहरों में दिखाई देते हैं। वैदिक ग्रंथों, उपनिषदों, भगवद्गीता और महर्षि पतंजलि के योगसूत्र में योग को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया गया है।



सरगम
मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता एवं योग प्रशिक्षक, पालमपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विशेष रूप से पतंजलि का अष्टांग योग–यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि–योग को एक वैज्ञानिक, अनुशासित और समग्र जीवन–शैली के रूप में परिभाषित करता है। इस प्रकार योग केवल व्यायाम या शारीरिक क्रिया नहीं है, बल्कि मन, शरीर, श्वास और चेतना के बीच संतुलन स्थापित करने वाली गहन प्रक्रिया है। वर्तमान समय में योग की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है। तेज रफ्तार जीवन, बढ़ता तनाव, प्रतिस्पर्धा, अनियमित दिनचर्या और तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता ने मनुष्य को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर बना दिया है। आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां–जैसे मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, चिंता, अवसाद और पीठ–कंधे के दर्द धीरे–धीरे आम होती जा रही हैं।

ऐसे वातावरण में योग शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता बढ़ाता है और ध्यान मन को स्थिर, शांत और केंद्रित करता है। यह शरीर की कोशिकाओं तक ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाकर, तंत्रिका तंत्र को संतुलित करके और हार्मोनल गतिविधियों को नियंत्रित करके संपूर्ण स्वास्थ्य को प्राकृतिक रूप से सुधारता है।



इसलिए योग आज केवल फिटनेस का विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यक स्वास्थ्य पद्धति बन चुका है।

योग की विशेषता यह है कि यह व्यक्ति को आत्म–जागरूक बनाता है। यह हमें यह समझने में सहायता करता है कि शरीर किस प्रकार प्रतिक्रिया करता है, मन किस दिशा में भटकता है और श्वास कैसे भावनाओं को प्रभावित करती है। नियमित योगाभ्यास आंतरिक शांति, सकारात्मक दृष्टिकोण, धैर्य और जीवन के प्रति संतुलित दृष्टि विकसित करता है। आधुनिक मनोविज्ञान भी स्वीकार करता है कि माइंडफुलनेस, गहरी श्वास और ध्यान जैसी प्रक्रियाएं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं और योग इन सभी तत्वों को एकीकृत रूप में प्रदान करता है। इसलिए योग केवल रोगों से बचाव का माध्यम नहीं है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को उन्नत करने का एक सहज और सुरक्षित मार्ग है। योग आज विश्वभर में एक प्रभावी स्वास्थ्य–पद्धति और जीवन–दर्शन के रूप में स्थापित हो चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने प्रमाणित किया है कि योग तनाव कम करने, दर्द प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य सुधार, बेहतर नींद, भावनात्मक संतुलन और रिकवरी प्रक्रियाओं में अत्यंत उपयोगी है। 2015 से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के बाद योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और सम्मान प्राप्त हुआ है। वर्तमान समय में समाज नशे, अवसाद, हिंसा, तनाव, अकेलेपन और असंतुलित जीवनशैली जैसी गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे में योग एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी समाधान के रूप में सामने आता है।

यह न केवल शरीर को सुदृढ़ और लचीला बनाता है, बल्कि मन को स्थिरता, भावनाओं को संतुलन और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है। अत: नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान, शांत और उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पारंपरिक खेलों से आनभिज्ञ किशोर अब नशे की ओर आकर्षित

एक समय था जब गांव–गांव तक शिक्षा का विस्तार नहीं होने के कारण साक्षरता की दर भी न के बराबर थी। उस समय दूर नगरों में स्कूल होते थे। इसलिए गांव की अपेक्ष शहरी क्षेत्रों में कुछ ही पढ़े–लिखे लोग होते थे। भले ही लोग अनपढ़ थे, लेकिन नशाखोरी से कोसों दूर थे।



रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार
बिलासपुर (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्कूल भी मीलों दूर थे। इसलिए बच्चों को सुनसान जंगली रास्तों से दूर पढ़ने जाना पड़ता था। इससे उनका काफी समय आने–जाने में ही व्यतीत हो जाता था।

लड़के जैसे–तैसे बड़ी मुश्किल से पांच–सात जमात पास करने के बाद अपने मां–बाप के साथ खेतीबाड़ी एवं पशुपालन के काम में हाथ बंटाते, लेकिन लड़कियों को उनके अभिभावक पढ़ाई के लिए दूर भेजने से कतराते थे। उन्हें गांव में ही किसी महिला के पास दो–तीन महीने कढ़ाई–बुनाई का छोटा–मोटा काम सिखाया जाता तथा उस के बाद उनका रिश्ता तय कर दिया जाता। पढ़ने की जिद्द करने वाली इक्का–दुक्का लड़कियां ही स्कूल जा पाती थी।

ग्रामीण क्षेत्र का ऐसा कोई विरला ही लड़का होता था जो उच्च शिक्षा के लिए दूर शहर में पढ़ने जाता था। इसके लिए अभिभावकों को काफी खर्च उठाना पड़ता था। धनाभाव के कारण अधिकतर युवाओं को उच्च शिक्षा से बंचित रहना पड़ता था। इसलिए सरकारी नौकरियों में ग्रामीण युवाओं की संख्या नाममात्र ही होती थी। शहर के बाशिंदों के पास खेती योग्य जमीन नहीं होती थी। इसलिए अपनी आजीविका चलाने के लिए लड़के व्यापार या सरकारी नौकरी करते थे। उस समय खेतीबाड़ी को सबसे उत्तम माना जाता था। बुजुर्गों में यह कहावत– 'उत्तम खेती, मध्यम व्यपार, नखिद चाकरी करे गवार।' व्यापार को दूसरे स्थान पर माना जाता था जबकि सरकारी नौकरी तीसरे पायदान पर मानते थे। अब परिस्थितियां इसके विपरीत हो गई है। पहले शहर की कुछ पढ़ी लिखी लड़कियां भी सरकारी नौकरी करती थी। ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में साधन–संपन्न लोग रहते थे। उनका जीवन स्तर भी ग्रामीणों से भिन्न था। शहर और गांव की जीवन शैली में काफी अंतर था। समय के साथ ही सरकार ने लोकहित के कार्य शुरू किए। पहले पंचायत स्तर तक प्राथमिक स्कूल खोले जबकि दो–तीन पंचायतों के केंद्र बिंदु में मिडल तथा आठ–दस पंचायतों पर हाई स्कूल हो गए। स्कूलों में सह–शिक्षा का प्रचलन शुरू हुआ। भले ही शुरू में प्राइमरी स्कूलों में भी लड़कियों की संख्या बहुत ही कम रही। धीरे–धीरे इसमें सुधार हुआ।



शिक्षा का गांव–गांव तक विस्तार एवं प्रसार होने के बाद कुछ अभिभावक सात–आठ साल की आयु में अपने बच्चों को स्कूल में दाखिल करवाते थे। उस समय ग्राम पंचायत में भी जन्म तिथि का कोई पुख्ता प्रमाण नहीं होता था। इसलिए स्कूल में भी बच्चे की अनुमानित जन्म तिथि दर्ज करवाई जाती थी। यदि वह बैल जोतते किसी किसान को देखता या दुकानदार को सामान बेचते देखता।

घर आने पर उनकी नकल शुरू कर देता। घर का छोटा–छोटा सामान इकट्ठा करके उसके मोल–भाव करना शुरु कर देता। उसका मन बहलाने के लिए यदि ऐसे खेल या खिलौने न हो तो बच्चा रोने लगता। उसे चुप कराने के लिए उसे गोद लेना पड़ता अथवा कोई और खिलौना उसके हाथ मे थमा दिया जाता। अन्यथा उसे दूध पिलाना पड़ता है। मां के आंचल में बच्चे को नींद बहुत अच्छी आती।

नींद से उठने के बाद बच्चे को छोटे टब में नहलाया जाता, जहां पानी से खेलने में उसका खूब मनोरंजन होता। रोने पर उसे घोघड़, कुत्ता या बिल्ली का नाम लेकर डराया जाता, जिससे बुराई से डरने का संस्कार विकसित होता। उस समय युवा नशाखोरी से दूर रहते और खेल व घरेलू कार्यों से उनका शारीरिक व मानसिक विकास होता था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मैकाले की शिक्षा नीति और गुरुकुल प्रणाली पर प्रभाव

मैकाले कोई इंडोलॉजिस्ट नहीं था और न ही वह कोई शिक्षाविद् या प्रसिद्ध बुद्धिजीवी थे, फिर भी उनके द्वारा थोपे गए नीतिगत बदलावों ने भारत के सामाजिक और शैक्षिक ढांचे को लंबे समय तक प्रभावित किया।



पंकज जगन्नाथ
स्वतंत्र टिप्पणीकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उन्होंने हिंदू समाज में आत्महीनता की मानसिकता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भारतियों में अपनी सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत के प्रति अवमानना और नकारात्मक दृष्टिकोण पनपा। संस्कृत और पारंपरिक ज्ञान को पुराने और अप्रासंगिक बताया गया, जबकि अंग्रेजी भाषा और पश्चिमी शिक्षा की प्रशंसा की गई। मैकाले का उद्देश्य केवल भाषा बदलना नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से भारतीय समाज में पश्चिमी संस्कृति को प्राथमिकता देना और परंपरागत ज्ञान के प्रति घृणा का बीज बोना था। इससे भारतीय समाज में सांस्कृतिक गुलामी की वह भावना विकसित हुई, जिसमें पश्चिमी आदर्शों और मूल्यांकनों को आंख बंद करके अपनाया जाने लगा। इस नीति के चलते पारंपरिक गुरुकुल शिक्षा धीरे–धीरे हाशिए पर चली गई और उनका महत्व कम हो गया। गुरुकुल प्रणाली, जो पीढ़ियों से भारतीय शिक्षा का आधार रही थी, केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह बच्चों में नैतिक मूल्य, जीवन कौशल, आध्यात्मिक अभ्यास और सांस्कृतिक परंपराओं का समन्वित विकास करती थी।

इसमें संस्कृत, वेद, आयुर्वेद, दर्शन, कला और योग जैसे विषय शामिल थे, जो छात्र को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि चरित्र और व्यक्तित्व में संतुलन प्रदान करते थे। मैकाले की थोपे गए पश्चिमी दृष्टिकोण ने इस समग्र शिक्षा को तोड़ दिया और छात्रों को केवल परीक्षा–उन्मुख पढ़ाई और rote learning तक सीमित कर दिया।



परिणामस्वरूप शिक्षित अभिजात वर्ग पश्चिमी संस्कृति की ओर झुक गया और पारंपरिक मूल्यों और शिक्षा प्रणालियों से दूरी बनाने लगा।

अंग्रेजी शिक्षा का प्रभाव समाज में विभाजन भी पैदा करने लगा। अंग्रेजी में शिक्षित वर्ग को प्रशासनिक और आर्थिक अवसर अधिक मिले, जबकि वे लोग जो पारंपरिक शिक्षा या स्थानीय भाषाओं में कुशल थे, वे हाशिए पर चले गए। इससे सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बढ़ीं और ज्ञान का वितरण असंतुलित हो गया। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी शिक्षा प्रणाली ने रचनात्मकता और स्थानीय समस्याओं के लिए समाधान खोजने की क्षमता को भी सीमित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद गुरुकुल और विश्वविद्यालय, जो ज्ञान और संस्कृति के प्रसार के केंद्र थे, धीरे–धीरे महत्व खो बैठे।

प्राचीन भारत में तक्षशिला, नालंदा, वि, मशिला, वल्लभी, ओदंतपुरी, मिथिला, तेलहारा, शारदापीठ, पुष्पगिरि, सोमपुरा और बिक्रमपुर जैसे विश्वविद्यालय थे, जो शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक समृद्ध थे। इनमें गणित, विज्ञान, खगोल, चिकित्सा, दर्शन और कला का उच्च स्तर का अध्ययन होता था।

तक्षशिला के विद्वान पाणिनी और आचार्य चाणक्य जैसे शिक्षकों ने संस्कृत व्याकरण और अर्थशास्त्र में ऐसे योगदान दिए, जो आज भी विश्व में मान्यता प्राप्त हैं। 1830 के दशक में बंगाल और बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1,00,000 स्कूल थे और मद्रास प्रेजिडेंसी के गवर्नर थॉमस मुनरो ने अपने अवलोकनों में पाया कि लगभग हर गांव में स्कूल था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सलापड़ में पेयजल आपूर्ति दूसरे माह भी ठप

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना की सलापड़ कॉलोनी समेत पावर विंग क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति लगातार दूसरे महीने ठप है। पाइपलाइन में सिल्ट और लकड़ी के टुकड़े फंसने के कारण पानी का नियमित प्रवाह बाधित है। प्रभावितों का कहना है कि प्राइवेट टैंकरों से आपूर्ति की जा रही है, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे रोजमर्रा की परेशानी बनी हुई है। इस तकनीकी विफलता के लिए केंद्र सरकार की नीतियों और परियोजना प्रबंधन की सुस्त कार्यशैली को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। पी सी चौहान, रेजीडेंट इंजीनियर डैहर पावर हाउस ने बताया कि पाइपलाइन सुधार का कार्य जारी है और जल्द ही आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### विधायक प्रकाश राणा के सहयोग पर जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एक्स सर्विसमैन लीग इकाई लडभड़ोल की मासिक बैठक शुक्रवार को उत्साहपूर्वक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रवीण शर्मा ने की। बैठक में क्षेत्र के कई सेवानिवृत्त सैनिकों ने भाग लिया। अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने विधायक प्रकाश राणा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके प्रयासों से सांसद कंगना रनौत द्वारा लीग के लिए स्वीकृत 3 लाख रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। पूरी इकाई ने इसके लिए दोनों जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। प्रवीण शर्मा ने विधायक प्रकाश राणा के उस निर्णय की भी सराहना की, जिसमें उन्होंने प्रदेश के आर्थिक संकट समाप्त होने तक वेतन न लेने की घोषणा की है। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि विधायक द्वारा 3.30 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि ब्लॉक कार्यालय में स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन विधायक निधि से धन जारी न होने के कारण अभी तक लीग को प्राप्त नहीं हुई। लीग ने सरकार से इसे शीघ्र जारी करने की मांग की।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र नवाजे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में सीनियर विंग का वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि लक्ष्मी नारायणन ने दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। इस वर्ष की थीम विजन टू लिगेसी रही। जिसके अनुरूप विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य, नाटक, योग प्रदर्शन, संगीत प्रस्तुति तथा वैज्ञानिक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। सभी कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय ने शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और बच्चों की प्रतिभा को खूब सराहा। कार्यक्रम में विशेष मुख्य अतिथि श्री पंडित ब्रह्मदास ठाकुर, एसडीओ वीरेंद्र गुप्ता, दलेल सिंह, पवन कुमार, शांता देवी, बालम ठाकुर, संतोष ठाकुर रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

### राज्यस्तरीय सीनियर खो-खो चैंपियनशिप आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ 13 और 14 दिसंबर को सुंदरनगर में 18वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला व पुरुष खो-खो प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। बीबीएमबी कॉलोनी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के खेल मैदान में होने वाली इस चैंपियनशिप में प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 360 खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन का शुभारंभ जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा करेंगे, जबकि समापन समारोह में एससी-एसटी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष लाल सिंह कौशल विजेताओं को सम्मानित करेंगे। संघ अध्यक्ष अभिषेक व महासचिव एलआर वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता दो ग्राउंड-मैट और मिट्टी-पर आयोजित होगी तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन भी यहीं से किया जाएगा। खास बात यह है कि पहली बार हिमाचल पुलिस की महिला व पुरुष टीमें भी हिस्सा लेंगी।

### एल्युमिनी ऐसोसिएशन ने दिए हीटिंग सिस्टम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एल्युमिनी ऐसोसिएशन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी द्वारा प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार को 30,000 रुपए के हैवल के हीटिंग सिस्टम छात्रों की सुविधा के लिए सौंपे। ऐसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हेमराज राणा ने बताया कि कॉलेज लाइब्रेरी में छात्र-छात्राएं सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक पढ़ाई करते हैं। सर्दियों के मौसम में छात्रों के हित में यह एक छोटी सी पहल एसोसिएशन की तरफ से की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसोसिएशन कॉलेज के सर्वांगीण विकास में कॉलेज प्रशासन के साथ हरसंभव सहयोग करने के लिए संकल्पित है। प्राचार्य ने इस सहयोग के लिए ऐसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ऐसोसिएशन की उपाध्यक्ष डॉ. तारा सेन, सदस्य प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, प्रोफेसर रत्न ठाकुर, प्रोफेसर नीतू पटरानियां, प्रोफेसर राधिका जंवाल व अधिकृत खुशहाल उपस्थित रहे।

### अमृता सेवा संस्था ने नवाजी शख्सियतें



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अमृता सेवा समिति मंडी इकाई सरकाघाट ने एक साधारण तरीके से अजय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरौन में प्रेरणा स्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता पाठशाला की प्रधानाचार्य लता पठानिया ने की। कार्यक्रम में अमृता सेवा संस्था की ओर से सुरेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए पाठशाला के अध्यक्ष हाकम चंद पठानिया तथा पूर्व बीडीसी अध्यक्ष धर्मपुर एवं भाजपा मंडल टिहरा के अध्यक्ष विनोद ठाकुर तथा समाज सेवी राहुल शर्मा को उनके द्वारा की जा रही समाज सेवा, सहयोग और जनहित के कार्यों में अपनी निस्वार्थ भावना समर्पण और उत्कृष्ट कार्य कुशलता का भावनात्मक योगदान देने के लिए अमृत सेवा समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को नशे एवं सोशल मीडिया के प्रभावों तथा दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया, और योगिक क्रियाओं का भी आयोजन किया गया।

### छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की राजकीय उच्च पाठशाला कशमैला में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा शक्ति यूथ क्लब कशमैला के प्रधान नरेंद्र पाल (काकु) रहे। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने तथा समाज सेवा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान एनएसएस प्रभारी कमलेश कुमार, महिला प्रभारी समारोह मीना कुमारी एवं उप प्रधानाचार्य बृज लाल ठाकुर सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस विशेष शिविर में कुल 13 स्वयंसेवियों ने भाग लिया, जिनमें 6 बालिकाएं और 7 बालक शामिल थे। शिविर के दौरान छात्रों ने स्वच्छता, जागरूकता, अनुशासन और सामुदायिक सेवाओं से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### मुल्थान कॉलेज में जन संवाद कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय महाविद्यालय मुल्थान के प्रांगण में 13 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा एक महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक मंच एवं जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अनुराग पराशर, संयुक्त निदेशक एवं सलाहकार, विद्युत आपूर्ति एवं सूचना प्रबंधन पर मार्गदर्शन देंगे तथा उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाओं व संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे। इस मंच में कम वोल्टेज, अनियमित आपूर्ति, बिलिंग त्रुटियाँ, लाइन-सुरक्षा, मरम्मत सहित सभी शिकायतें प्रत्यक्ष सुनी जाएँगी और उनके निवारण हेतु दिशानिर्देश व कार्ययोजनाएँ सांझा की जाएँगी। साथ ही बिजली चोरी रोकथाम, ऊर्जा संरक्षण, उपभोक्ता जागरूकता और विद्युत संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग पर भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी ताकि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था अधिक सुरक्षित व स्थिर बन सके। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे आरंभ होगा। डॉ. अनमोल सिंह ने छोटाभंगाल व चौहार घाटी के सभी जनसाधारण, प्रतिनिधिगण, अभिभावक, विद्यार्थी और हितधारकों से अपील की है कि वे इस महत्त्वपूर्ण जनसंवाद कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाएं।

# ऊहल पेयजल योजना की मुख्य पाइप लाइन की बदलेगी अलाइनमेंट : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री ने सकोर गांव के समीप मुख्य पाइप लाइन का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मुख्य पाइप लाइन का निरीक्षण करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी शहर के लिए ऊहल नदी से निर्मित पेयजल आपूर्ति योजना के तहत सकोर गांव के समीप पाइप लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को इस मुख्य पाइप लाइन के स्थिरिकरण के लिए स्थायी समाधान करने तथा शहर के लोगों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ऊहल नदी से मंडी शहर की मुख्य पेयजल योजना के तहत हाल की जल त्रासदी में पहाड़ दरकने से 28 कि.मी लाइन कई जगह बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही थी। इसके समाधान के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी की विशेषज्ञ टीम से निरीक्षण करवाया गया और उनके सुझावों पर लाइन का रिलाइनमेंट कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन वाले हिस्से को बाइपास करते हुए 450 मि.मी. की 970 मीटर नई ग्रैविटी मेन पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी और बार-बार की मरम्मत लागत घटेगी, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था और मजबूत बनेगी। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि इस बार की बरसात में सकोर गांव के पास भारी भूस्खलन से यह मुख्य पाइप लाइन बार-बार क्षतिग्रस्त होती रही है। यहां लगभग 300 मीटर के क्षेत्र में पहाड़ी से भूस्खलन के कारण सड़क का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है जिससे मुख्य पाइप लाइन को स्थिर रखना चुनौतिपूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस लाइन के बाइपास करने के लिए 450 मिली मीटर व्यास की पाइप लाइन बिछाना प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 970 मीटर है। रियागड़ी से लेकर मंडी तक इस योजना के तहत 16 एमएलडी पानी की आपूर्ति प्रतिदिन की जाती है।

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सबसे बेहतर उपाय करने पर बल देते हुए कहा कि यह योजना मंडी शहर की लगभग 50 हजार से अधिक की आबादी को पेयजल उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि लोगों को निर्बाध पानी की आपूर्ति हर मौसम में जारी रखी जाए। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता उपेंद्र वैद्य ने प्रस्तावित कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मौके पर मिल्क फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष चेतराम ठाकुर, एसडीएम मंडी रूपिंद्र कौर सहित जल शक्ति विभाग के उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे।

## बास्केटबाल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में सरकाघाट व महिला वर्ग में मंडी विजेता



बास्केटबाल प्रतियोगिता के समापन पर विधायक चंद्रशेखर को सम्मानित करते हुए।

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 3 दिवसीय अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धर्मपुर विस क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि युवाओं में व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित करते हैं। बेटियों द्वारा दिखाए गए प्रदर्शन पर उन्होंने विशेष गर्व व्यक्त किया।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 09 टीमों के लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल में राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट ने आरजीएम कुल्लू को 96-84 से हराकर खिताब जीता, जबकि तीसरा स्थान एमएलएसएम सुंदरनगर ने हासिल किया। महिला वर्ग के फाइनल में राजकीय महाविद्यालय मंडी ने सुंदरनगर को पराजित किया और सरकाघाट ने बंजार को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेता और उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए तथा खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कॉलेज कैंटीन भवन और प्रदेश के पहले महिला बास्केटबॉल छात्रावास का उद्घाटन किया।

### माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल भट्ठा में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

## पारंपरिक वेशभूषा व लोकनृत्यों से मोहा मन



माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल भट्ठा में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के भट्ठा स्थित मांउट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय सृजन उत्सव का शुभारंभ राजकीय राजस्व प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक आईएएस सतीश कुमार शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में एचएएस संजय कुमार, बस्सी प्रोजेक्ट की आवासीय अभियंता इंजीनियर दिप्ती भट्ट, रोटेरियन रामलाल वालिया और अजय ठाकुर विशेष अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। पहले दिन नर्सरी से चौथी कक्षा तक के लगभग 960 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने देश की पारंपरिक संस्कृति और सभ्यता पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं और पारंपरिक वेशभूषा में हिंदी व पहाड़ी लोक नृत्य कर अभिभावकों व अतिथियों का मनोरंजन किया।

मुख्यातिथि आईएएस सतीश कुमार शर्मा ने कहा कि सृजन कार्यक्रम नन्हें विद्यार्थियों की रचनात्मकता और नवीनता का उत्सव है, जो बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उन्हें आत्मविश्वास देता है। उन्होंने स्कूल द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्रशंसा करते हुए स्कूल प्रबंधन को बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है और यहां के विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रबंध निदेशक मनोज ठाकुर, कॉर्डिनेटर प्रियंका भारद्वाज, चेयरमैन आरसी गुलेरिया, वाइस चेयरमैन कैप्टन लेखराज शर्मा, प्रबंधन समिति के सदस्य गुलदेव सिंह, सागर सिंह और पीसी राठौर ने मुख्यातिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के पहले दिन नर्सरी से चौथी कक्षा तक के तीन सौ से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद, अनुशासन और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया।

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि शनिवार को सृजन कार्यक्रम के दूसरे दिन विंग कमांडर कुणाल शर्मा और डीएसपी संदीप शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे और पांचवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। वरिष्ठ विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेंगी।

## जनरल जोरावर सिंह शौर्य, रणनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा व डोगरा शक्ति का प्रतीक : आचार्य ललित अवस्थी



सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में जनरल जोरावर सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग द्वारा शुक्रवार को अमृत महोत्सव सभागार, स्वामी विवेकानंद भवन में जनरल जोरावर सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय था- 'जनरल जोरावर सिंह: सैन्य नेतृत्व, रणनीति और भारतीय सीमाओं की सुरक्षा में योगदान।

मुख्य अतिथि कुलगुरु आचार्य (डॉ.) ललित कुमार अवस्थी ने जनरल जोरावर सिंह को शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने उनके हिमालयी अभियानों और रणनीतिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके प्रयास भारतीय सैन्य इतिहास में प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम का आरंभ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया।

मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर (डॉ.) विजय सागर धीमान (जम्मू) ने आभासी माध्यम से जनरल जोरावर सिंह के लद्दाख, बाल्तिस्तान और तिब्बत अभियानों, दुर्गम हिमालयी संरचनाओं में उनके नेतृत्व कौशल और सामरिक दृष्टि का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कुलगुरु और अतिथियों ने डॉ. चेतन चौहान की नवीन पुस्तक पेस्टीसाइड गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी इन इंडियन एग्रीकल्चर: पॉलिसीज, प्रैक्टिस एंड एम्पेक्ट्स का विमोचन किया। इसके बाद इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने अर्ध सहस्राब्दी: मंडी का इतिहास, विरासत एवं गौरव विषय पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. पवन चांद, डॉ.जगदीप वर्मा, डॉ. चेतन चौहान, रुपेश्वरी शर्मा, हरिप्रिया शर्मा, बलदेव शर्मा, विनोद वहल, अनिल शर्मा, जगदीश कपूर, डॉ. पवन वैद्य, सहित मंडी के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक समापन विकेश कुमार द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। राष्ट्रगान एवं चाय-पान के उपरांत कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## उचित मूल्य की छह दुकानों के नए आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी ने जिला में उचित मूल्य की दुकानों के नए आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है और छह स्थानों के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

इच्छुक आवेदक निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुरूप 31 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिन स्थानों पर दुकानों का नया आवंटन प्रस्तावित है, उनमें दरबाथू-2 ग्राम पंचायत नलसर विकास खंड बल्ह, पिपली ग्राम पंचायत पिपली भराड़ी विकास खंड धर्मपुर, दुमण ग्राम पंचायत लंगेहड़ विकास खंड धर्मपुर, निशार ग्राम पंचायत रैंस विकास खंड बालीचैकी, रेहुकलधार ग्राम पंचायत भटवाड़ी विकास खंड बालीचैकी तथा बाहण-गधीमण ग्राम पंचायत भन्थल विकास खंड करसोग शामिल हैं।

आवेदन केवल उन्हीं व्यक्तियों से स्वीकार किए जाएंगे जो हिमाचल प्रदेश आवश्यक वस्तुएं वितरण का विनियमन आदेश 2019 के अनुरूप निर्धारित पात्रता शर्तों पर खरे उतरते हों। संयुक्त परिवार में माता, पिता, पुत्र, पुत्री, पत्नी, पति और भाई एक ही परिवार की श्रेणी में माने जाएंगे तथा ऐसे परिवार में एक से अधिक सदस्य को दुकान आवंटित नहीं की जाएगी। पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, ब्लाक समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, नगर परिषद तथा नगर पंचायत के सदस्य और विधानसभा के निर्वाचित सदस्य तथा उनके परिवारजन भी आवंटन प्रक्रिया के लिए पात्र नहीं होंगे।

विभाग ने दुकानों के आवंटन के लिए प्राथमिकता क्रम भी निर्धारित किया है। पहली प्राथमिकता सार्वजनिक संस्थाओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और सहकारी सभाओं को दी जाएगी। दूसरी प्राथमिकता पूर्व सैनिकों, विधवाओं और शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को मिलेगी, बशर्ते उनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी सेवा में न हो और न ही राजनीतिक या निर्वाचित पद पर कार्यरत हो। तीसरी प्राथमिकता हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम को दी जाएगी। सभी इच्छुक आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रूप से अपलोड करते हुए अपना आवेदन 31 दिसम्बर तक विभागीय पोर्टल httpsÑ//emerginghimachal.hp.gov.in/backoffice/site/login पर जमा करना होगा। अनिवार्य दस्तावेजों में शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र, पंचायत सचिव या नगर परिषद अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, बैंक विवरण तथा 18 से 45 वर्ष के बीच आयु का प्रमाण शामिल है। दस्तावेज अधूरे होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## थुजी गांव के दीपक वायुसेना में चयनित, क्षेत्र में खुशी की लहर

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट पंचायत के थुजी गांव के दीपक ठाकुर, जो गरीब परिवार से संबंध रखते हैं और पिता बिहारीलाल तथा माता राजकली के सुपुत्र हैं, ने मेहनत व लगन से यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण के साथ कोई मंजिल दूर नहीं रहती। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में



महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे हैं और मात्र 18 वर्ष की आयु में 8 दिसंबर को अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायुसेना - वाई ग्रुप (अग्निवीर वायु) में चयनित हुए हैं। दीपक ने प्रदेश स्तर पर कटऑफ क्लियर कर हिमाचल प्रदेश में नौवां तथा देशभर के 20123 उम्मीदवारों में 33वां स्थान हासिल किया है। जिला मंडी से केवल उन्हीं का चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर बरोट पंचायत के प्रधान डॉ. रमेश ठाकुर, उपप्रधान अनिल कुमार, चौकादार अशोक कुमार, बीडीसी सदस्य कृष्ण कुमार, गंगू राम, प्रदीप कुमार आदि ने दीपक एवं उनके माता-पिता को बधाई संदेश भेजा है। उनकी सफलता ने न केवल उनके परिवार और गांव का नाम रोशन किया है, बल्कि समूची चौहार घाटी के बच्चों को प्रेरणा भी प्रदान की है।

## चौंतड़ा के सार्जेंट राहुल ने एयरफोर्स शूटिंग चैंपियनशिप में चमकाया नाम

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**



**जोगिंद्रनगर।** गुजरात में संपन्न हुई एयरफोर्स शूटिंग चैंपियनशिप में हिमाचल के जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के चौंतड़ा के सैंथल गांव से संबंध रखने वाले भारतीय वायु सेना के सार्जेंट राहुल खनोडिया ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। दिल्ली में तैनात सार्जेंट राहुल ने बेहतरीन एकाग्रता और कौशल का परिचय देते हुए गोल्ड और सिल्वर—दो प्रतिष्ठित पदक हासिल किए।चैंपियनशिप में उन्होंने पिस्टल शूटिंग के टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता, जबकि राइफ़ल 3 पोजीशन इवेंट में शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपनी दक्षता साबित की। पूरे प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें ओवरऑल सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। राहुल ने बताया कि यद्यपि उनका मुख्य इवेंट 50 मीटर राइफ़ल 3 पोजीशन है, लेकिन वह पिस्टल शूटिंग में भी उतने ही निपुण हैं।

सार्जेंट राहुल पिछले चार वर्षों से पेशेवर शूटिंग में सक्रिय हैं और उनका सपना ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और भारतीय वायु सेना को देते हुए कहा कि उनके सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई।भविष्य की योजनाओं पर उन्होंने बताया कि वह अगले वर्ष शूटिंग कोच का डिप्लोमा करने जा रहे हैं, ताकि आगे चलकर वह देश के लिए नए और प्रतिभाशाली निशानेबाज तैयार कर सकें। सार्जेंट राहुल खनोडिया की इस उपलब्धि से चौंतड़ा, सैंथल गांव और पूरे जोगिंद्रनगर क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

## 80 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

संधोल अस्पताल के नवनिर्मित भवन में भव्य रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर प्रेस क्लब संधोल द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा संधोल के सौजन्य से आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे आरंभ हुए इस शिविर में लोगों ने अत्यंत उत्साह और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभाई। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि उपनिरीक्षक संजीव जमवाल, प्रभारी पुलिस चौकी संधोल किया। उन्होंने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है, इसलिए समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान का संकल्प लेना चाहिए। प्रेस क्लब संधोल के अध्यक्ष नीलम कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि क्लब का मुख्य उद्देश्य केवल समाचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी प्रेस क्लब संधोल समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि जनहित से जुड़े कार्यों में निरंतर बढ़ोतरी हो सके।

शिविर में लगभग 80 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। युवाओं, कर्मचारियों, समाजसेवियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, और स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर एसबीआई संधोल के प्रबंधक, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश जमवाल, पूर्व महापंचायत अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रेम चंद गुलेरिया, नेरी पंचायत के प्रधान जितेंद्र जमवाल, गोवेला पंचायत के प्रधान पंकज कुमार, तथा उपप्रधान अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और ऐसी पहल को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

**बैठक** आपदा के दौरान निर्बाध खाद्य आपूर्ति बनाए रखने के लिए प्रशासन की प्रशंसा की

## खाद्यान्न के सैंपल एकत्र करने के लक्ष्यों में करें वृद्धि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल।

राज्य खाद्य आयोग हिमाचल के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल की अध्यक्षता में आज जिला मंडी में खाद्य सुरक्षा, पोषण कार्यक्रमों और उचित मूल्य दुकानों की कार्यप्रणाली को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अनेक दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ. कत्याल ने नागरिक आपूर्ति के माध्यम से उपलब्ध करवाए जा रहे खाद्यान्न के सैंपल एकत्र करने के लक्ष्यों में वृद्धि करने को कहा, ताकि उपभोक्ता को उच्च गुणवत्ता का खाद्यान्न मिल सके।

उन्होंने मिड-डे मील की गुणवत्ता की नियमित जांच, विद्यालयों के मासिक निरीक्षण तथा भोजन बनाने वाली कार्यकर्ताओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष ने महिला आश्रमों और वृद्धा आश्रमों में उपलब्ध करवाए जा रहे खाद्य पदार्थों व पोषण की गुणवत्ता की जांच करने तथा आश्रित महिलाओं व बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच का नियमित रिकॉर्ड बनाने के आदेश दिए। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि मंडी जिले के सभी आश्रमों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य कार्ड पहले ही बन चुके हैं।

बैठक में कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग और खाद्य विभाग मिलकर खाद्य सुरक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को मजबूत करें, जिसमें आशा वर्कर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। खाद्य विक्रेताओं को भी नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

डॉ. कत्याल ने जिला प्रशासन की आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन ने कठिन परिस्थितियों में भी हर प्रभावित परिवार तक खाद्य सामग्री पहुँचाई तथा खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को टूटने नहीं दिया। उन्होंने इन प्रयासों को संकलित कर लिखित दस्तावेज तैयार करने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में प्रदेश या प्रदेश से बाहर यदि इस तरह की आपदा का सामना करना पड़े तो इन दस्तावेजों को देखकर खाद्य सामग्री को निर्बाध पहुचाना सुनिश्चित किया जा सके। समेकित बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग और स्कूलों को उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग जनहित में अधिक प्रभावी रूप से करने पर बल दिया गया। डॉ. कत्याल ने स्पष्ट किया कि बैठक का उद्देश्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ देना और पोषण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करना है।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी जमीनी स्तर पर निरीक्षण करेंगे। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार ने जिला प्रशासन की ओर से डॉ. कत्याल का स्वागत किया। जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ब्रिजेन्द्र सिंह पठानिया ने जिला में उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाई जा रही खाद्य सामग्री की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## न्यूज ब्रीफ

### अंब में सब्जी की दुकान से 10 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, अंब।** पुलिस ने अंब मुबारिकपुर रोड पर सब्जी की दुकान से 10 ग्राम चरस बरामद की है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, एसएचओ रूप सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार और कांस्टेबल रोहित कुमार दो होमगार्ड के साथ गश्त थे, इसी दौरान पुलिस को एक सब्जी विक्रेता द्वारा चरस बेचे जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने के बाद एसएचओ रुप सिंह अपनी टीम के साथ आरोपी की दुकान पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही आरोपी घबरा गया और उसने एक पॉलिथीन का लिफाफा अपनी दुकान से एक तरफ को फेंक दिया। पुलिस ने जब उस पैकेट को उठाया और उसकी तलाशी ली तो उसमें से पुलिस को 10.03 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एस एच ओ रूप सिंह ने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं और इसी के तहत यह धर पकड़ की गई है । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी।

### औद्योगिक क्षेत्र में कल बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-2 रविंद्र चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 दिसंबर को बिजली की लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते बिलासपुर शहर के साथ लगते कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति आंशिक रुप से बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र आईटीआई चौक तथा औद्योगिक क्षेत्र तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रुप से बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम पर निर्भर रहेगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### बिलासपुर में फसलों का हो रहा डिजिटल सर्वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपनिदेशक कृषि डॉ. प्रेम चंद ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग जिला बिलासपुर में फसलों का डिजिटल सर्वे कर रहा है। उन्होंने जिला के किसानों से अनुरोध किया है कि वह अपने-अपने लोकमित्र केंद्र में जाकर किसान पंजीकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि इस बारे अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के खंड स्तर के अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए किसान रतन लाल ठाकुर सदर (मो. 7018083042), बृजेश चंदेल, घुमारवीं (मो. 9418463891), किशोर कुमार झंडुता (मो. 9817488310), दीपक कुमार श्री नयना देवी जी (मो. 7018750761) से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वह इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपने नज़दीकी लोकमित्र केंद्र में अपना किसान पंजीकरण करवाएं।

### थौड़ू गांव में एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सदर ब्लॉक मारकंड की ओर से एड्स जागरूकता दिवस का आयोजन गांव थौड़ू में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश शर्मा ने की। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने एचआईवी एड्स पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि एड्स एचआईवी इंफेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है। इसे मेडिकल भाषा में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस यानि एचआईवी के नाम से जाना जाता है। वहीं लोग इसे आम बोलचाल में एड्स यानी एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम के नाम से जानते हैं। इसमें जानलेवा इंफेक्शन व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर हमला करता है जिसकी वजह से शरीर सामान्य बीमारियों से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाता।

### सर्वाधिक आरडी खोलने के लिए बरठीं की उमा सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डाकघरों में एक माह अभियान के तहत मात्र एक महीने में सबसे अधिक आरडी अकाउंट खोलने के लिए बरठीं क्षेत्र की उमा शर्मा को सम्मानित किया गया। हमीरपुर में आयोजित सम्मान समारोह में हमीरपुर डाक मंडल के प्रवर अधीक्षक कंचन सिंह ने उमा शर्मा को पुरस्कृत किया। अभियान के तहत डाकघर बरठीं में विभिन्न अभिकर्ताओं द्वारा मात्र एक माह में सबसे अधिक 2700 खाता खोले गए। जिसमें उमा शर्मा ने एक महीने में लोगों के सबसे अधिक 485 आरडी खाते खोले। बरठीं डाकघर के पोस्टमॉस्टर रविंदर राठौर ने कहा कि लोगों का डाकघरों के प्रति विश्वास बढ़ा है जिसका प्रमाण सामने है। वहीं डिजिटलाइजेशन के कारण डाकघरों में लेनदेन आसान हो चुका है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर मंडल की शाखा बरठीं क्षेत्र के तहत आने वाले विभिन्न डाकघरों में एक माह में सबसे अधिक खाते खोलने के लिए डाकघर शाखा बरठीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### खो-खो प्रतियोगिता में घुमारवीं कॉलेज थर्ड

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की खो-खो टीम ने हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय महिला खोखो प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल, शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू और महाविद्यालय परिवार ने उनकी वापसी पर उनका भव्य स्वागत किया। उनके लिए आयोजित किए गए सम्मान समारोह में बोलते हुए प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने खो-खो में जीतकर आई छात्राओं के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए उनकी हर एक आवश्यकता का ध्यान में रखा जाएगा और आगे वर्ष के लिए रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने टीम को सशक्त बनाने के लिए बेहतरीन कोच दिए जाने की भी बात कही। गौरतलब है कि ये प्रतियोगिता 9 दिसंबर से 10 दिसंबर तक बैजनाथ महाविद्यालय में हुई थी जिसमें कॉलेज की महिला टीम ने तीसरा प्राप्त किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### सरकार का जन संकल्प सम्मेलन फ्लॉप शोः राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर कड़ा प्रहार किया। मलांगड़ ने मंडी में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन को फ्लॉप शो करार देते हुए आरोप लगाया कि सरकार के नुमायंदों ने आपदा-पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद का झांसा देकर रैली में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के घर उजड़ गए, जिनके अपने लापता हैं, उन्हें राहत देने के बजाय सुक्खू सरकार रैली का जश्न मना रही है, जो पीड़ितों के साथ सीधा मजाक है। राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि मंडी में आई आपदा ने प्रदेश को हिला दिया। दर्जनों लोग लापता हैं, सैकड़ों लोग बेघर हो चुके हैं, लोग आज भी मदद का इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन ऐसे मुश्किल समय में सरकार शो ऑफ करने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के मद में चूर सुक्खू सरकार के नेता मंच से रात के अंधेरे में 'निपटने' जैसी शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि प्रदेश में किस तरह का माहौल पैदा किया जा रहा है।

### लोहारा में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहारा स्कूल के समीप सुमंत मेमोरियल ट्रस्ट लोहार द्वारा बस्ती छपरहिया में आंखों का निःशुल्क कैंप लगाया जा रहा है। यह कैंप मित्रा आइज हॉस्पिटल फगवाड़ा पंजाब की तरफ से लगाया जा रहा है, जिसमें आंखों के एक्सपर्ट डॉक्टरों द्वारा आए हुए लोगों की आंखों की गहनता से जांच की जाएगी और निरीक्षण व आवश्यकता पड़ने पर उनकी आंखों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

# गगरेट और दौलतपुर चौक बाजार में नो पार्किंग एंड नो वेंडिंग जोन अधिसूचित

## हैवी गुड्स व्हीकल के लिए कॉरिडोर की घोषणा, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट व दौलतपुर चौक बाजार की सड़कों पर न तो रेहड़ियां आधिपत्य जमा पाएंगी और न ही बाजार में मनमाफिक पार्किंग हो पाएगी। उपायुक्त जतिन लाल ने मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के सेक्शन 115 व 117 के तहत इन बाजारों के चिन्हित स्थानों को नो पार्किंग एंड नो वेंडिंग जोन अधिसूचित कर दिया है। इन बाजारों में यात्री बसें भी अब बस स्टैंड के साथ चिन्हित पार्किंग स्थल पर ही खड़ी हो सकेंगी। हैवी गुड्स व्हीकल के लिए भी कॉरिडोर तय किए गए हैं। इन आदेशों की अवहेलना करने वालों को अब कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

गगरेट कस्बे में होशियारपुर-गगरेट-मुबारकपुर रोड के बस स्टैंड से लेकर आर्मी ग्राउंड तक के करीब सात मीटर स्ट्रैच को नो पार्किंग एंड नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। यात्री बसें भी अब बस स्टैंड के अलावा आर्मी ग्राउंड के पास अधिसूचित स्टोपेज पर महज पांच मिनट के लिए यात्रियों को उतार व चढ़ा सकेंगी। एक समय में स्टॉपेज पर एक बस ही खड़ी हो सकेगी। दौलतपुर चौक-गगरेट-ऊना मार्ग पर हिमालयन मेडिकल स्टोर से लेकर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक तक का क्षेत्र नो पार्किंग व नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। यहां यात्री बसें सिविल अस्पताल के पास अधिसूचित बस स्टोपेज व केसीसीबी के पास अधिसूचित बस स्टोपेज पर महज पांच मिनट के लिए ही रुक सकेंगी। एक समय पर एक बस ही रुक पाएगी। अन्य बसें सीधे बस स्टैंड पर जाएंगी। इसके साथ ही हैवी गुड्स व्हीकल की एंट्री के लिए भी कॉरिडोर अधिसूचित किए हैं। होशियारपुर से ऊना की ओर जाने वाले हैवी गुड्स व्हीकल आशापुरी-गगरेट चौक-शिवबाड़ी चौक-बाईपास रोड से होकर पुलिस स्टेशन के आगे से कलोह होकर ऊना जा सकेंगे।

होशियारपुर से दौलतपुर चौक जाने वाले हैवी वाहन आशापुरी-गगरेट चौक से होकर दौलतपुर चौक जा सकेंगे। दौलतपुर चौक से ऊना जाने वाले हैवी गुड्स व्हीकल अंबोटा बाईपास से शिवबाड़ी चौक से बाईपास होकर पुलिस स्टेशन के आगे से कलोह होकर ऊना जा सकेंगे। ऊना से दौलतपुर चौक जाने वाले हैवी गुड्स व्हीकल कलोह-शिवबाड़ी बाईपास से अंबोटा होकर दौलतपुर चौक जा सकेंगे।

### पशु चिकित्सालय गगरेट की पार्किंग रहेगी निशुल्क

**गगरेट** कस्बे में अपने वाहनों के साथ आने वाले लोगों के लिए आर्मी ग्राउंड में फ्री पार्किंग की सुविधा के साथ बस स्टैंड पर फ्री पार्किंग की सुविधा रहेगी, जबकि पशु चिकित्सालय गगरेट की पार्किंग की निशुल्क उपलब्ध रहेगी और नगर पंचायत की पार्किंग नम्बर एक पेड उपलब्ध रहेगी। नगर पंचायत दौलतपुर चौक में बस स्टैंड से लेकर ढेलवा चौक तक का क्षेत्र नो पार्किंग व नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। यात्री बसें बस स्टैंड के साथ पांच मिनट के लिए ढेलवा चौक पर यात्रियों को उतार व चढ़ा सकेंगी। ढेलवा चौक पर एक समय में एक बस ही रुक पाएगी। नगर पंचायत दौलतपुर चौक के बाजार में वाहनों के साथ आने वाले लोगों के लिए नगर पंचायत की पार्किंग एक बस स्टैंड व नगर पंचायत की पार्किंग दो ढेलवा चौक निशुल्क रहेगी।

# सरकार की नीतियों से जनता ही नहीं, मंत्री भी नाखुश: भुट्टो



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने क्षेत्र में पार्टी की संगठनात्मक रणनीति को और मजबूत करने के लिए बैठक आयोजित की। बैठक में कुटलैहड़ मंडल के पदाधिकारी और विभिन्न बूथों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दविंदर भुट्टो ने बताया कि कुटलैहड़ मंडल के कुल 71 बूथों में से 55 बूथों पर यह अभियान पूरा हो चुका है, जबकि शेष बूथों पर कार्य को तेजी से पूर्ण करने के लिए नई रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर पर मजबूती देना आगामी चुनावों की दृष्टि से भाजपा की प्राथमिकता है और यह अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक के दौरान दविंदर कुमार भुट्टो ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से आम जनता ही नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ दल के मंत्री और विधायक भी नाखुश दिखाई दे रहे हैं। भुट्टो ने दावा किया कि हाल ही में एक सार्वजनिक मंच पर डिप्टी सीएम ने मुख्यमंत्री के निर्णयों पर ही सवाल उठाकर यह संकेत दे दिया कि सरकार के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के तीन वर्ष पूरे हो गए हैं लेकिन 'तीन वर्षों के तीन बड़े काम भी गिनाने की स्थिति में सरकार नहीं है।' बावजूद इसके सरकार ने जश्न मनाया, जिसे उन्होंने जनता की समस्याओं से विमुखता बताया।

# प्रवक्ताओं का अलग कैडर बनाकर उन्हें बांटने का हो रहा प्रयास: नरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ बिलासपुर इकाई ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में 100 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध करने की चल रही प्रक्रिया के बीच, शिक्षकों के लिए एक सब-कैडर बनाने के प्रस्तावित कदम का कड़ा विरोध किया है। प्रेस को जारी बयान में जिला प्रधान नरेश ठाकुर व समस्त कार्यकारिणी ने कहा है कि प्रवक्ताओं का अलग कैडर बनाकर उन्हें बांटने का प्रयास किया जा रहा है, जो बिलकुल गलत है। शिक्षा विभाग में सभी प्रवक्ता समान योग्यता और अनुभव रखते हैं और उन्हें किसी भी आधार पर विभाजित करना अनुचित है। महासचिव सुशील चंदेल ने छंटनी परीक्षा की की भी कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि आगामी फरवरी माह में सीबीएसई स्कूलों में प्रधानाचार्य व शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रस्तावित छंटनी परीक्षा की तैयारी पर भी गहरी आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह कदम वर्तमान में कार्यरत प्रवक्ताओं की योग्यता पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाता है। वर्तमान में कार्यरत सभी प्रवक्ता शिक्षा विभाग में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की सख्त प्रक्रिया से गुजर कर नियुक्त किए गए हैं। उनकी योग्यता को सिद्ध करने के लिए एक और छंटनी परीक्षा आयोजित करना अनावश्यक और अपमानजनक है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सीबीएसई स्कूलों में नियुक्त किए जाने वाले किसी भी प्रवक्ता के लिए कोई लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जानी चाहिए तथा जो प्रवक्ता पहले से ही उन स्कूलों में कार्यरत हैं या कार्यरत थे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वहीं रखा जाना चाहिए।

# धरोट के किसानों और बागवानों को नहीं मिल रहा सिंचाई योजना का पूरा फायदा

## जगह-जगह लीकेज होने से खेत-खलिहानों में नहीं पहुंच रहा पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत धरोट में किसान-बागवान पानी की समस्या से परेशान हैं।

इस दुर्गम चंगर क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए सिंचाई योजना शुरू की गई थी, जिसे चंगर क्षेत्र में किसानों-बागवानों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन आज उचित रखरखाव न होने के कारण यही सिंचाई योजना किसानों बागवान के लिए सिरदर्द बनती जा रही है और उनकी फसलों का भारी नुकसान हो रहा है। धरोट ग्राम पंचायत के किसानों का कहना है कि यहां पर सिंचाई के लिए अब पानी उपलब्ध



खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से परेशान धरोट के किसान-बागवान।

नहीं हो रहा, बल्कि जगह-जगह लीकेज होने के कारण पानी रास्ते में ही नष्ट हो जाता है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभाग अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का हल नहीं हो पाया है। उनकी गेहूं और नींबू की फसल सभी पानी न होने के कारण नष्ट होते जा रहे हैं। लोगों ने प्रदेश सरकार से विभाग से मांग की है कि कम से कम उनकी इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि उनकी फसल और फल नष्ट होने से बच सके और उन्हें मजबूरी में पंजाब के क्षेत्र में पलायन न करना पड़े।

### पेंशनर्स दिवस पर सीएम होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेशाध्यक्ष आत्मा राम शर्मा की अध्यक्षता में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ शिमला स्थित सचिवालय में हुई। इसमें पेंशनर्स की लंबित मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेशाध्यक्ष आत्मा राम शर्मा द्वारा मांगों का 19 सूत्रीय मांग पत्र सीएम को सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही पैंशनर्ज की लंबित समस्याओं का निपटारा कर दिया जाएगा, जबकि पैंशनर्स के लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी एक महीने के भीतर कर दी जाएगी। संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी 17 दिसंबर को जिला बिलासपुर के घुमारवीं में मनाए जाने वाले अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि आने का निमंत्रण दिया, जिसे सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सहर्ष स्वीकार किया है। इस समारोह में पूरे प्रदेश भर के पेंशनर्स शामिल होंगे।

# वीरेंद्र कंवर ने महिला टीम को दिए टिप्स

## 16 से 21 दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी टीम



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के देवराज मेमोरियम खेल मैदान लखरूंह में आयोजित अंडर-18 जूनियर महिला वॉलीबाल टीम के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कैंप का अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने निरीक्षण किया। उन्होंने न केवल कैंप की व्यवस्थाओं का जांची, बल्कि खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उन्हें खेल से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि बॉलीबॉल फेडरेशन का मुख्य उद्देश्य गांव से लेकर शहर तक उन सभी युवाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है जो खेलों के प्रति जुनून और प्रतिबद्धता रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज हमारी बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं और विश्व विजेता बनकर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

ऐसे में आवश्यकता है कि अधिक से अधिक युवा खेलों से जुड़ें और खेल भावना के साथ जीवन को सार्थक दिशा दें। वीरेंद्र कंवर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और अनुशासन सफलता की कुंजी है। उन्होंने प्रशिक्षकों और आयोजकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह कैंप खिलाड़ियों की तैयारी को और मजबूती देगा।

कैंप में प्रदेश भर से चयनित हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें विशेषज्ञ कोचों की देखरेख में उन्नत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन के राज्य महामंत्री मदन राणा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 16 से 21 दिसंबर तक राजस्थान के पिलानी में आयोजित की जाएगी। हिमाचल प्रदेश की अंडर-18 महिला वॉलीबाल टीम भी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी।

### व्यवस्था परिवर्तन के 3 वर्ष महज छलावा: सुभाष

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर भाजपा सदर उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार का तीन साल का जश्न मात्र नाकामियों को छुपाना रहा। गुटबाजी में फंसी कांग्रेस का अध्यक्ष नाम का पद साफ होने के बाद भी कई दिग्गज चेहरे इस कार्यक्रम से दूर रहे, चूंकि रैलियों में जुटाई गई भीड़ स्वयं अपनी हालत की गवाही दे रही थी, जबकि सरकारी कर्मचारियों, आउटसोर्स, एमटीडब्ल्यू, और सरकारी योजनाओं के लाभार्थी आदि संबंधित लोगों को जबरदस्ती रैली तक पहुंचाया गया था। झूठ की बुनियाद पर टिकी कांग्रेस सरकार के राम भरोसे तीन साल गुजार दिए हैं। इन सालों में सरकार की कोई भी ऐसी उपलब्धि नहीं रही है, जिससे वे अपनी पीठ थपथपा सकें। यह पहली ऐसी रैली थी, जिसमें शिक्षित एवं प्रशिक्षित बेरोजगारों सहित बेरोजगार नर्सों ने अपने हाथों में मांग लिखी तख्तियां लहराई और सामने ताल ठोककर अपनी मांग को सरकार के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा फजीहत और भला क्या हो सकती है। अन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवार्तन के तीन साल मात्र छलावा भर हैं।

# एकल गायन में आशा और एकल नृत्य में कुसुम प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एनटीपीसी कोलडैम ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत को ग्रामीण महिला लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता के चौथे संस्करण का सफल आयोजन किया। प्रतियोगिता में हिमाचल के चार जिलों से 350 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और अपने पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत तथा सांस्कृतिक कला का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी कोलडैम के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर व एसएस राव, महाप्रबंधक द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर विभाग से वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. अंजुला अग्रवाल तथा सहायक प्रबंधक पूरन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुल चार श्रेणियों समूह नृत्य, समूह गायन, एकल नृत्य और एकल गायन में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। मूल्यांकन के लिए विशेष रूप से आमंत्रित निर्णायक मंडल में डॉ. कश्मीर ठाकुर, एसोसिएट प्रोफेसर (म्यूजिक) राजकीय महाविद्यालय जुखालाय पूर्व संगीत शिक्षिका, राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्दरनगर प्रेमलता शर्मा तथा प्रोफेसर अंजना कुमारी, विभागाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं शामिल रहीं। जिन्होंने प्रतियोगिता का निष्पक्ष एवं उत्कृष्ट मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के समूह नृत्य में पहला पुरस्कार अटल महिला मंडल सेड़पा, दूसरा पुरस्कार, जालपा कालपा महिला मंडल हरनोड़ा और तीसरा पुरस्कार शंकर गौरी महिला मण्डल सिहारली को मिला। समूह गायन में प्रथम पुरस्कार महिला मंडल सोझा, दूसरा नव जागृति महिला मंडल दोघरी और तीसरा पुरस्कार जालपा महिला मण्डल देवला छाम्ब को प्राप्त हुआ। वहीं, एकल गायन में महिला मंडल सोझा की आशा कुमारी प्रथम, अटल महिला मंडल सेड़पा की कौशल्या देवी द्वितीय तथा महिला मंडल बाहोट कसोल की इंद्रा देवी तृतीय रहीं। एकल नृत्य में महिला मंडल पडियार से कुसुम देवी ने प्रथम महिला मंडल हवानी कोलकी पलमा देवी ने दूसरा व जय मां हिडिंबा खोर (देवला छांब) से भारती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पुनर्मतगणना में हारा हुआ प्रत्याशी जीता

## द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट के चुनावी नतीजे बदले

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

ऊना जिले की सबसे बड़ी द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट की प्रबंधक समिति के हाल ही में हुए चुनाव में शुक्रवार को हुए एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में वार्ड नंबर दो के चुनाव में बड़ा फेरबदल हुआ है। अतिरिक्त पंजीयक सहकारी सभाएं संदेश बाला ने इस वार्ड के चुनाव के लिए मतपत्रों की दोबारा की गई गणना में अब विनय कुमार के स्थान पर राजकुमार को विजेता घोषित किया है। हालांकि वार्ड नंबर छह के चुनाव के लिए भी मतपत्रों की दोबारा गणना हुई, लेकिन इसमें चुनाव परिणाम यथावत रहा है। इस अप्रत्यासित घटनाक्रम के बाद सतीश गोगी गुट का पलड़ा भारी हो गया है, जबकि विनय कुमार ने लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए अतिरिक्त पंजीयक के फैसले को न्यायालय में चुनौती देने का ऐलान किया है। द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के हाल ही में हुए प्रबंधन समिति के दिलचस्प चुनाव में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले थे। इस चुनाव में सतीश गोगी गुट के चार सदस्य जीतने में सफल रहे थे, जबकि संजय गुट तीन वार्डों में जीत दर्ज करने में सफल रहा था। सबसे रोमांचक मुकाबला वार्ड नंबर दो में देखने को मिला था। यहां कांटे की टक्कर में विनय कुमार दो मतों से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे थे। इस वार्ड के चुनाव नतीजे पर हार का सामना करने वाले राजकुमार व वार्ड नंबर छह से शशी पाल ने अतिरिक्त पंजीयक सहकारी सभाएं के पास पिटीशन दायर की थी। इसके चलते इस पिटीशन की सुनवाई के लिए अतिरिक्त पंजीयक संदेश बाला ने शुक्रवार को दोनों पक्षों को बुलाया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एआर ने दोनों वार्डों की मतगणना दोबारा करवाने का निर्णय लिया। वार्ड नंबर छह में तो चुनाव परिणाम यथावत रहा और यहां से चुने गए बलकार सिंह की चुनाव परिणाम पहले जैसा ही रहा जबकि वार्ड नंबर दो में अप्रत्याशित चुनाव परिणाम देखने को मिला।

### विनय कुमार की जगह राजकुमार विजेता घोषित

चुनाव के समय हुई मतगणना में विनय कुमार को कुल चालीस मतों में से 21 मत मिले थे, जबकि राजकुमार को 19 मत मिल पाए थे लेकिन दोबारा हुई मतगणना में राजकुमार के दो मत अवैध घोषित हुए जबकि विनय कुमार के आठ मत अवैध घोषित हुए। बताया जा रहा है कि अवैध घोषित किए गए मतों पर दोनों स्थानों पर मुहर लगी पाई गई, जिसके चलते इन्हें अवैध घोषित कर दिया। ऐसे में विनय कुमार के वैध मत तेरह रह गए और राजकुमार के वैध मत सत्रह रह गए। इसके चलते अब राजकुमार को विजेता घोषित किया गया है। राजकुमार का कहना है कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया था। अब सच्चाई सामने आ गई है।

**मुलाकात** कुटलैहड़ विधायक ने शिमला में सीएम से की मुलाकात, सफल कार्यकाल के लिए दी बधाई

# विवेक शर्मा ने जन संकल्प सम्मेलन को बताया ऐतिहासिक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार के तीन वर्ष के सफल एवं प्रभावी कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सरकार के मंडी में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन को ऐतिहासिक करार दिया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास, सामाजिक सुरक्षा तथा आपदा पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बेमिसाल प्रगति की है। विवेक शर्मा ने विशेष रूप से 'सुख आश्रय योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना ने प्रदेश के हजारों जरूरतमंद परिवारों को नई उम्मीद और मजबूती दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में उन सभी प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारा है जिनका लाभ सीधे जनता को मिला है। उनका कहना था कि सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में सरकार ने रिकॉर्ड काम किया है, जो कि प्रदेश के इतिहास में सराहनीय उपलब्धियों में गिना जाएगा। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 11 दिसंबर 2022 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, और पहले दिन सुख आश्रय योजना शुरू की,जो आज प्रदेश के छह हजार अनाथ बच्चों को पूरा लाभ मिल रहा है, वही ओपीएस को बहाल कर 1.35-1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ दिलाया गया,



### सरकार ने 23,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दीं

**विवेक** शर्मा ने कहा कि रोजगार और आर्थिक के साथ 23,000 से अधिक सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई गईं। 30,000 सरकारी नौकरियों जैसे रोजगार के अवसर भी बनाए जा रहे हैं। महिलाओं को 1,500 रुपए मासिक समर्थन देने का कार्यक्रम चलाया गया। राज्य ने दूध पर उच्चतम एमएसपी (दुग्ध की कीमत) तय की, ताकि ग्रामीण और किसान आय बेहतर हो। गाय के गोबर की खरीद जैसी पहलें ग्रामीण आय को सुदृढ़ करने के लिए शुरू की गईं। 680 करोड़ के राजीव गांधी स्टार्टप स्कीम की शुरुआत, युवा व्यवसाय को प्रोत्साहन दिया गया। 18 इलेक्ट्रिक टैक्सियों के लिए सहायता (लगभग 5.64 करोड़) और 79 युवाओं को सब्सिडी प्रदान की गई। 9,350 को डिजिटल डिवाइस के लिए ई-वाउचर दिए गए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि अंग्रेज़ी माध्यम शिक्षा को सरकारी स्कूलों में शुरुआती कक्षाओं से लागू किया गया। प्रदेश को 99.3% साक्षरता दर प्राप्त करके पूर्ण साक्षर राज्य का दर्जा मिला। चिकित्सकों के लिए इनसेंटिव पॉलिसी लागू, डॉक्टरों के स्टाइपेंड में वृद्धि और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में निवेश ₹3,000 करोड़ जैसी बड़ी घोषणाएँ हुईं। प्राकृतिक आपदाओं (जैसे 2023 और 2025 मॉनसून आपदा) के बाद ₹4,500 करोड़ से अधिक का राहत पैकेज राज्य-फंडेड रूप से दिया गया। अग्निशमन सेवाओं और हेल्प डेस्क को मजबूत किया गया, जिसमें नई अग्निशमन तेंदरें और स्टेशन शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी विद्युत बोर्ड ने 2024-25 में 315 करोड़ रुपए लाभ दर्ज किया, जो पहली बार हुआ।

राजीव गांधी प्राकृतिक खेती शुभारंभ योजना,36,000 से अधिक किसानों को जोड़ा गया, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और दरें निर्धारित की गईं। इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, शिक्षा सहायता कार्यक्रम में 5,145 लाभार्थियों को ₹1.38 करोड़ वितरित। 1,292 करोड़ का सबट्रॉपिकल होर्टिकल्चर इरिगेशन और मूल्य संवर्धन प्रोजेक्ट, 6,000 हेक्टेयर क्षेत्र और लगभग 15,000 किसान परिवारों को लाभ पहुंचाएगा।


# जलवायु परिवर्तन, पहाड़ों की कटिंग ने बढ़ाई घाटी की नाजुकता

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

तीर्थन। जिला कुल्लू में पिछले कई सालों से मनाली, मणिकर्ण, बंजार, सैंज, आनी और तीर्थन घाटी घाटी में बड़ी-बड़ी प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं, जिसने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सड़कें टूट रही हैं, मकान ढह रहे हैं और खेती-बाड़ी का भी बड़ा नुकसान हो रहा है। इन प्राकृतिक आपदाओं पर शोध करने वाली विशेषज्ञ डॉ. इरिना दास सरकार कहती हैं कि पहाड़ और नदियां बार-बार चेतावनी दे रही हैं, पर इंसान अब भी नहीं मान रहा।



हम पहाड़ों को जैसे चाहे काट रहे हैं, नदी के बिलकुल पास घर बना रहे हैं और जंगल भी खत्म कर रहे हैं। गत माह 10 नवंबर को तीर्थन घाटी के झनियार गांव में दिन के समय अचानक लगी आग ने बड़ी तबाही मचा दी। इस दुखद घटना में 16 रिहायशी मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। गांव के लोग अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाए थे कि उसी रात करीब 7 किलोमीटर दूर, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के कोर जोन उपरला बासु में एक और चिंताजनक घटना सामने आई। बिलकुल साफ मौसम होने के बावजूद पहाड़ी जंगल का एक बहुत बड़ा हिस्सा अचानक खिसक गया। इस भूस्खलन की चपेट में सैकड़ों पेड़ आ गए, जो आने वाले बरसात के मौसम में भारी तबाही का कारण बन सकते हैं। बिना आबादी वाले क्षेत्र में, वह भी सार्फ मौसम में, इस तरह पहाड़ और जंगल का खिसकना प्रकृति की ओर से किसी गंभीर चेतावनी जैसा प्रतीत होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे संकेतों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि इस घटना का समय रहते गंभीरता से अवलोकन करे, ताकि भविष्य में संभावित बड़े नुकसान और किसी भी जान-माल की हानि से बचा जा सके।



फाइल फोटो।

## गांव की कहानियां भी बनती हैं जोखिम का नक्शा

पुराने लोग जिस जगह को 'बाढ़ वाली जगह' कहते थे, आज विज्ञान भी यह साबित कर रहा है कि वही जगह सबसे ज्यादा खतरे वाली है। कुल्लू में 1846 से 2020 तक की 128 बाढ़ घटनाओं का एक बड़ा रिकॉर्ड मिला है। ये घटनाएं गांव की कहानियों से मेल खाती हैं। इससे पता चलता है कि लोक-ज्ञान कितना मजबूत है।डॉ. इरिना का कहना है कि अब कुल्लू के लोगों को तीन बातों पर ध्यान देना होगा कि गांवों का पुराना ज्ञान, मौखिक इतिहास और पारंपरिक अनुभव को भी सरकारी योजना में शामिल किया जाए। इसके साथ ही काठ कुनी घर, पवित्र वन और पहाड़ी खेती को सुरक्षित रखा जाए। इनका मानना है कि वैज्ञानिक चेतावनियों, मौसम पूर्वानुमान और गांव वालों के अनुभव को मिलाकर एक नई सुरक्षा व्यवस्था बन सकती है।

## गांव का पुराना ज्ञान आज भी सबसे सटीक

डॉ. इरिना कहती हैं कि आज मशीनें या टेक्निलोजी मौसम बताती हैं, लेकिन गांव वालों के पारंपरिक तरीके कई बार उससे भी ज्यादा सही साबित होते हैं। गांव के लोग नदी के बहाव को देखकर ही कह देते हैं कि बाढ़ आ सकती है। वे पहचान लेते हैं कि पानी का रंग बदलना, नदी में झाग उठना, कुत्तों और जानवरों का बेचैन होना, ऊपर पहाड़ों में अजीब तरह से बादल जमना, मेंढकों का मौसम से बाहर आवाज करना। ये सारी बातें आने वाली आपदा का संकेत देती हैं।

## पर्यटन के साथ-साथ खतरा भी बढ़ा

कुल्लू जिले की कमाई का बड़ा हिस्सा पर्यटन से आता है, पर तेजी से बन रहे होमस्टे, होटल व पार्किंग के कारण खेती वाली जमीन और ढलानों की मिट्टी पर बुरा असर पड़ा है। पहले जहां खेत थे, वहां अब पक्का निर्माण हो गया है। पानी मिट्टी में समाने के बजाय सीधे नीचे तेजी से बह जाता है, जिससे खेत खलियान और के गांव डूबने का खतरा बढ़ जाता है।

## 2025 की बाढ़ सबसे बड़ी चेतावनी

इस साल की बाढ़ में कुल्लू जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। इस आपदा में 200 से ज्यादा सड़कें टूट गई, हजारों रिहायशी मकान ढह गए, कई बिजली परियोजनाएं बंद हो गई और करोड़ों का नुकसान हुआ। डॉ. इरिना बताती हैं कि अब पहले की अपेक्षा बर्फ कम पड़ रही है, ग्लेशियर पीछे जा रहे हैं और ऊपरी घाटियों में बड़ी-बड़ी झीलें बन रही हैं, जिनसे अचानक बाढ़ आने का खतरा और बढ़ गया है।

## गलत तरीके से विकास ने बढ़ाया पहाड़ों का दर्द

डॉ. इरिना का कहना है कि हिमालय बहुत कोमल व युवा पहाड़ हैं। यहां पर ज्यादा कटाई-छंटाई सहन नहीं होती, लेकिन हाल ही के वर्षों में सड़कों को चौड़ा करने और नई सड़कें बनाने के लिए तेजी से पहाड़ काटे गए, घर और दुकानें नदी किनारे बनाई जा रही हैं। जिला कुल्लू में पर्यटन बढ़ने से पहाड़ों पर दबाव बहुत ज्यादा हो गया। बरसात होते ही कटे हुए ढलान नीचे खिसकने लगते हैं और बाढ़- भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। लोग समझते हैं कि पहाड़ मजबूत हैं पर इनका संतुलन बहुत नाजुक होता है।

## कौन हैं डॉ. इरिना दास सरकार?

डॉ. इरिना सरकार (पीएचडी) एक पारिस्थितिकी विशेषज्ञ हैं। यह पिछले 9 साल से ज्यादा समय से भारत के अलग-अलग इलाकों में जंगल, पहाड़, नदियों और वहां रहने वाले जीव-जंतुओं पर काम कर रही हैं। इनका काम यह समझना है कि प्रकृति कैसे काम करती है, मौसम और जलवायु में बदलाव का क्या असर पड़ता है और किस तरह गांवों व स्थानीय लोगों का पारंपरिक ज्ञान प्रकृति को बचाने में मदद कर सकता है। उन्होंने अपना डॉक्टरेट शोध हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की तीर्थन घाटी गुशेनी में किया, जहां उन्होंने पहाड़ों की पारिस्थितिकी, भूभाग, मौसम और लोगों के जीवन के बीच के गहरे संबंधों को समझा। डॉ. इरिना के काम की खासियत यह है कि वह वैज्ञानिक अध्ययन को स्थानीय लोगों के अनुभव व ज्ञान के साथ जोड़कर समाधान ढूंढती हैं। यही वजह है कि उनका शोध और सलाह दोनों ही पहाड़ी क्षेत्रों के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं।

# लाहौल के विक्टर ढिस्सा ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

**शिक्षा के दौरान ही छात्रों, वंचित वर्गों व आदिवासी समुदाय से जुड़े मुद्दों पर रहे हैं सक्रिय**

लाहौल-स्पीति के जाहलमा गांव से ताल्लुक रखने वाले युवा एडवोकेट विक्टर ढिस्सा को ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कांग्रेस अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।



एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची में देशभर के राष्ट्रीय समन्वयकों के साथ विक्टर ढिस्सा का नाम शामिल होना हिमाचल प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस से लॉ की डिग्री प्राप्त करने वाले विक्टर ढिस्सा छात्र जीवन से ही वंचित वर्गों, आदिवासी समुदाय और सामाजिक अन्याय से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने बार काउंसिल ऑफ दिल्ली में पंजीकरण कराया और दिल्ली में वकालत शुरू की। उनकी कानूनी समझ व सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव के कारण वे जल्द ही लोगों के बीच मजबूत सामाजिक आवाज के रूप में पहचाने जाने लगे।

लाहौल के ग्रामीण शाम, सुरेश और दीपक बताते हैं कि विक्टर ढिस्सा पिछले कई वर्षों से आदिवासी, दलित व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए निरंतर काम करते रहे हैं। सरकारी योजनाओं में आ रही दिक्कतें, विस्थापन, वन अधिकार, युवाओं के लिए शिक्षा व करियर मार्गदर्शन तथा महिलाओं और बच्चों के अधिकार जैसे मुद्दों पर उन्होंने सक्रिय पैरवी की है। दिल्ली व हिमाचल दोनों में वे जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाते रहे हैं। राष्ट्रीय समन्वयक बनने के बाद विक्टर ढिस्सा अब आदिवासी समुदाय की चिंताओं को नीति निर्धारण, संवाद और संगठनात्मक ढांचे तक सशक्त रूप में पहुंचाने की दिशा में कार्य करेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि उनकी यह उपलब्धि लाहौल-स्पीति के युवाओं के लिए प्रेरणा का नया स्रोत बनेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मनाली के क्लाथ में अज्ञात शव बरामद

अनंत ज्ञान, मनाली। मनाली पुलिस ने मनाली से आठ किमी क्लाथ में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि क्लाथ में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गर्म पानी के कुंड में एक पुरुष की लाश मुंह के बल पड़ी हुई पाई गई। पुलिस ने शव पानी से बाहर निकाला। लाश का बारिकी से निरीक्षण किया गया। शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं पाए गए। पुलिस की माने तो प्राथमिक जांच में व्यक्ति की मृत्यु गर्म पानी की गैस लगने के कारण प्रतीत होता पाया जा रहा है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस को क्लॉथ में अज्ञात शव बरामद हुआ है। शिनाख्त के लिए शव को शव गृह में रखा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि मृतक के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है तो पुलिस के साथ साझा करें।

### साडा क्षेत्र मणिकर्ण में संशोधित 'यूजर चार्जेज' लागू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के चेयरमैन व विधायक कुल्लू, सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि विशेष क्षेत्र मणिकर्ण एवं आसपास के क्षेत्रों में कूड़ा संग्रहण के लिए पूर्व आदेश के स्थान पर अब 'यूजर चार्जेज' के संशोधित दरों को लागू कर दिया गया है। उक्त निर्णय साडा मणिकर्ण की 20 नवंबर 2025 को आयोजित साधारण सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण, कचरा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था व अवसंरचना सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से संसाधन जुटाए जाने हैं। इस क्षेत्र में संशोधित मासिक यूजर चार्जेज प्रतिमाह निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं। हाउस/रेजिडेंसः 100 प्रति फ्लोर, रेस्टोरेंट/ढाबा/ईटरी/कॉटेज/वाइन शॉप/कैफे 1000, दुकान/स्टॉल 200, टैक्सी यूनियन 3000, गेस्ट हाउस/होटल/कैंपिंग साइट 2500, होमस्टे 1500, हॉस्टल 2500, बस स्टैंड 3000, बैंक 1000 उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शुल्क के उपयोग संबंधी नियम एवं शर्तें पूर्व आदेश संख्या 333-34 दिनांक 01.01.2025 के अनुरूप रहेंगी।

### सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से जागरूक करवाया

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सरसेई में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि रोटरी क्लब अध्यक्ष अमिता ठाकुर, कार्यक्रम अध्यक्ष जन जागरण कल्याण मंच सलाहकार लाल चंद कटोच , मुख्य वक्ता पूर्व प्रधानाचार्य देवी राम, हिमाचल एवं रेस्तरां महासंघ अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर, रोटरी कलब सदस्या यशोधा नेगी, पॉलोन देसाई, वर्षा ठाकुर, महामंत्री फलोत्पादक मंडल कुल्लू रिमन ठाकुर, प्रबंध समिति सदस्या मीना, लता, मोहिनी व मातृ भारती के पदाधिकारी और विभिन विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सर्वप्रथम मुख्यातिथि व आए हुए अन्य गणमान्यों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा पारिवारिक रिश्तों के महत्व को अपने नृत्य द्वारा प्रदर्शित किया। बच्चों ने नाटक के माध्यम से पर्यावरण बचाओ, बेटी बचाओ और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से जागरूक करवाया। संस्कृत भाषा में कुल्लवी नाटी और नृत्य कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। वार्षिक उत्सव के अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों व नृत्य के साथ-साथ कुल्लवी नाटी आदि का समावेश भी देखने को मिला।

### सर्च एंड रेस्क्यू प्रशिक्षण का समापन

अनंत ज्ञान, मनाली। युवा आपदा मित्र योजना के तहत 7 दिवसीय सर्च एंड रेस्क्यू प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण 6 से 12 दिसंबर तक अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण व संलग्न क्रीड़ा संस्थान (एबीवीआईएमएएस), मनाली में आयोजित किया गया। लाहौल-स्पीति जिले के कुक्मसेरी कॉलेज एवं कुल्लू के सरकारी डिग्री कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतिभागियों को रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, नदी पार करना, गांठ बांधना, स्ट्रेचर निर्माण व प्राथमिक उपचार जैसी आवश्यक कौशलों में गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह पहल जिले में आपदा लचीलापन मजबूत करने एवं स्थानीय प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### 70 लोगों ने किया रक्तदान, महादान का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, मनाली। 75 बार रक्तदान कर युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे मनाली के महान समाज सेवी शमशेर ठाकुर की याद में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। परिवार के सदस्यों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में मनाली के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 70 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। शमशेर ठाकुर एक ऐसे समाजसेवी थे, जो हर युवा को नशे से दूर रहने व रक्तदान करने को प्रेरित करते थे। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग सहित रोटरी क्लब व रोटरेक्ट मनाली सहित शहरवासियों ने अपना सहयोग दिया। मनाली के युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे शमशेर ठाकुर की पत्नी अमिता शमशेर सिंह ठाकुर ने रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है और प्रत्येक सेहतमंद व्यक्ति को रक्त दान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके पति शमशेर हमेशा युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित करते थे और स्वयं भी रक्तदान में पीछे नहीं रहते थे। उन्होंने बताया कि शमशेर ठाकुर ने स्वयं 75 बार रक्तदान किया था। उन्होंने इस शिविर को सफल बनाने के सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

### डीएवी मनाली ने नवाजे अपने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

अनंत ज्ञान, मनाली। डीएवी स्कूल मनाली ने अपने होनहार खिलाड़ियों के सम्मान में शुक्रवार को सम्मानित समारोह आयोजित किया। यह दोनों खिलाड़ी इटली में आयोजित फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज वर्ल्ड कप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय टीम में शामिल थे। इस सम्मान समारोह में होनहार खिलाड़ियों सहित अभिभावकों का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। स्वागत समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भाग लिया। स्कूल के दोनों होनहार विद्यार्थियों दीपिका व लक्ष्य ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर डीएवी स्कूल मनाली का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन ने खिलाड़ियों सहित परिजनों को भी सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनीता वर्मा ने कहा कि लक्ष्य और दीपिका ने स्कूल का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों ने इस बड़ी उपलब्धी के साथ सभी को गौरवान्मित किया है। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थी दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बने है। प्रधानाचार्य ने कहा कि रूकूल प्रबंधन पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों ने भाग लेकर प्रदेश व राष्ट्र स्तर पर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। लक्ष्य और दीपिका ने तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाया है। अमिता वर्मा ने खिलाड़ियों को अंतराष्ट्रीय मंच दिलाने व इनकी प्रतिभा निखारने के लिए भारतीत टीम के डेलीगेट उत्सव सोनी का भी स्कूल में पारंपरिक स्वागत किया।

# पेंशनभोगी संघ 17 दिसंबर को झीड़ी में मनाएगा राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस: एलआर गुलशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की कोर कमेटी की बैठक अटल सदन ढालपुर कुल्लू में प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे 'राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस' जिला मंडी की ग्राम पंचायत झिड़ी के 'सामुदायिक भवन' में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी सहित सभी जिला व खंडों के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। कोर कमेटी की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर को ही प्रदेशाध्यक्ष व पर्यवेक्षक एलआर गुलशन की देखरेख में पेंशनभोगी संघ खंड औट के त्रैवार्षिक चुनाव भी करवाये जाएंगे। पेंशनर दिवस व पेंशनभोगी संघ खंड औट के चुनाव के



बैठक के दौरान पेंशनभोगी संघ के पदाधिकारी।

सफल आयोजन के लिए जिला मंडी पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा को अधिकृत किया गया है। एलआर गुलशन ने औट खंड के सभी विभागों के महिला व पुरुष पेंशनरों और फैमिली पेंशनरों से अपील की है कि वे सभी बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि पेंशनभोगी संघ खंड औट की एक मजबूत कार्यकारिणी का लोकतांत्रिक व संवैधानिक प्रक्रिया से गठन किया जा सके। राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस पर वरिष्ठ पेंशनरों को पारंपरिक कुल्लवी टोपी मफलर से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही गत एक वर्ष में स्वर्ग सिधार चुके दिवंगत पेंशनधारकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का 'मौन' भी रखा जाएगा। इस दौरान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड इकाई के महासचिव खुशहाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा, औट खंड के वरिष्ठ पेंशनर (महिला विंग) प्रवीण कहोल, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, जिला मंडी पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा, शहरी कुल्लू इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला महासचिव खेम सिंह हांडा सहित कोर कमेटी के अनेक पेंशनर मौजूद रहे।

## चिन्हित संवेदनशील पंचायतों में चिट्टा/ड्रग के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू

# जिले में पूरे दिसंबर माह चलेगा व्यापक अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला की चिन्हित पंचायतों में चिट्टा/ड्रग के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू हो गया है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजौरा तथा जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जरड में दो विभिन कार्यक्रमों में उपस्थित होकर जिले में 'चिट्टा' (नशीले पदार्थों) के दुरुपयोग के खिलाफ एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया।

डीसी ने बताया कि जिले के 28 ग्राम पंचायतों और नगरपालिकाओं में दिसंबर माह के भीतर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान डीसी सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू की 28 पंचायतों/एमसी क्षेत्रों को ड्रग एक्सपोजर में उच्च संवेदनशील लाल क्षेत्र के रूप में दर्ज किया गया है, जिसके बाद जिला प्रशासन ने विशेष स्तर पर अभियान की योजना बनाई है,



जिसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ संदेश प्रभावी ढंग से प्रत्येक स्तर तक पहुंच सके।

इसके लिए प्रशासन ने जिले में नशा निवारण पर व्यापक जागरूकता व्याख्यानों के माध्यम से चिट्टे पर करारा प्रहार किया जाएगा। डीसी ने कहा कि ये अभियान चिन्हित संवेदनशील पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय को नशे के दुष्प्रभाव, सामाजिक-आर्थिक नुकसान तथा नशा-निवारण उपायों के बारे में जागरूक किया जा सके। डीसी ने सभी से इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. सत्यव्रत वैद्य ने चिट्टे जैसे नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव विड्रॉल सिम्पटम तथा नशे पर निर्भरता की समस्या जैसी स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सीय उपचार के बारे में जानकारी दी। एसएचओ भुंतर इशांत सेन ने मादक पदार्थों के उपयोग से निपटने के लिए पुलिस की भूमिका तथा संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा डाइट के प्रशिक्षुओं ने भी अपने विचार रखे। अभियान के अंतर्गत ये कार्यक्रम 12 से 30 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगे।

# सूत्रधार कला संगम ने मनाई स्व. लाल चंद प्रार्थी की 43वीं पुण्यतिथि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कला संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन सहित समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर रूप से कार्यरत हिमाचल की अग्रणी संस्था सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा स्व. लाल चंद प्रार्थी की 43वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम सूत्रधार भवन के नवनिर्मित सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम स्व. लाल चंद प्रार्थी को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में सूत्रधार संगीत अकादमी के प्राचार्य पं. विद्या सागर की अगुवाई में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें निशांत गौतम, अमित महंत, जीवन बुडाल, ट्विंकल, संजय पुजारी, धनवंती, विजय, दुर्गा, प्रिया के साथ-साथ लोक गायक धर्मेंद्र शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम में स्व. लाल चंद प्रार्थी के पौत्र अनुराग प्रार्थी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि लाल चंद प्रार्थी जी शेरे कुल्लू के नाम से विख्यात थे और एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ गीतकार, संगीतकार एवं उत्कृष्ट साहित्य विद के नाम से भी हिमाचल प्रदेश सहित पुरे देश में सुप्रसिद्ध थे। लाल चंद प्रार्थी ने हिमाचल प्रदेश की संस्कृति के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हिमाचल प्रदेश में भाषा-संस्कृति विभाग व अकादमी की स्थापना, कुल्लू के प्रसिद्ध दशहरा मेले को अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करना तथा कुल्लू में मुक्ताकाश कला केंद्र की स्थापना उनके ही प्रयास से हुई। लाल चंद प्राथी ने न केवल कुल्लू जिले के लिए, बल्कि पूरे हिमाचल के लिए बहुत से ऐसे कार्य किए हैं, जिन्हें भुला पाना मुश्किल है।

## सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

# सराहनीय कार्य करने वाले होनहार किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं का वार्षिक उत्सव शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में रिमन सिंह ठाकुर महामंत्री कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। पूर्व छात्र राजीव ठाकुर कार्यक्रम में विशिष्यातिथि शामिल हुए।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन शर्मा, प्रबंध समिति कोषाध्यक्ष व सेवानिवृत्त एसआई पुलिस विभाग ने की। वार्षिक उत्सव के शुभारंभ पर मुख्यातिथि रिमन सिंह ठाकुर ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर बच्चों को केवल शिक्षा ही प्रदान नहीं करते, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव रखते हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि वे बच्चे जो कटराईं में पढ़ रहे हैं, भविष्य में आगे बढ़कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति, क्लासिक, भजन, नृत्य, कराटे और



कार्यक्रम के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले होनहार किए सम्मानित।

गायन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। बच्चों की मनमोहक व प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि रिमन सिंह ठाकुर ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों भूविका, आरुषि, रिद्धि, अयांश, अयान, सारांश, पारुल, अरविका, लाक्षी, काव्यांश, अन्वी, तपस्या, विदित राज, वान्या कटोच, निवेदिता, सेजल, कृतिका, सानवी, जाविया, रिद्धिमा, आशना, नारीशा, स्नेह, नव्या, सृजा, वेदांशी, अर्णव, काव्या, शनाया, आदित्य, तनिष्का, रिद्धि, रिक्षित, शीनम, दिव्यांश, माधवी, वैष्णवी, शताक्षी, पावनिया, ईशानी, राजनंदनी, रौनक, समर्थ, देवांश, आश्वी, प्रिया, मानवी, सारिका, अनन्या सूद, शगुन, छीमेद, नव्या, दिशिता, अन्या, मीनल, सृष्टि, वंशिका, श्रेया को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके बाद पूरे वर्ष भर में आयोजित होने वाली भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाले अयान भारद्वाज, अमान्य, धक्षिता, नभ्या, प्रणवी, विदित राज, पावनिया, अंश, अर्पित, शुभम, अनुष्का, अदिति, नव्या, सायरा, रूबल, सार्थक, रिशित, गौरव, अश्विनी, आश्वी, सारिका, नव्या, समीक्षा, हुशैन, दिव्या, मीनल, मानवी, भुवनेश्वर, समर्थ, स्नेह, उत्कर्ष, पवनिया, बंधिता, शीनम, आश्वी, एंजेल, उत्कर्ष, मुग्धा, आरव, देवांश, मानवी, हव्या, यशिमता, दिव्या, खुश्बू, सूरज, शांभवी, आदया, अन्या, मान्यता, प्रियंका, सारिका, दीपशिखा, वरुण, हिमालवी, प्रियल, पवन्या, सौम्या, आश्वी, उत्कर्ष, प्रिया, मोहित, एंजेल, राघव, रौनक को भी सम्मानित किया गया।

फायरबॉल वर्ल्ड कप 2025 में देश का नाम रोशन करने वाले विद्यालय के पूर्व छात्र राघव ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि सहित सभी का कार्यक्रम में पधारने और सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया और अंत में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# चार साल से डेपुटेशन पर दो स्टाफ नर्सें

## आनी अस्पताल में बढ़ा स्टाफ संकट, 8 पद खाली, 4 भेज दी डेपुटेशन पर

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

आनी। कुल्लू जिले का सिविल अस्पताल आनी लगातार स्टाफ नर्सों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन इसके बावजूद यहां तैनात दो स्टाफ नर्सें पिछले चार वर्षों से डेपुटेशन पर सिविल अस्पताल मनाली और रीजनल अस्पताल कुल्लू में सेवाएं दे रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इन नर्सों का वेतन आज भी सिविल अस्पताल आनी से ही जारी हो रहा है, जबकि उनकी ड्यूटी अन्य स्थानों पर लगाई गई है।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य विभाग को बार-बार रिमाइंडर भेजे जाने के बावजूद इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। हाल ही में नवंबर माह के अंत में भी इन डेपुटेशन आदेशों को रद्द करने का अनुरोध किया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। जो व्यवस्था पूर्व भाजपा सरकार में थी उसमें इस कांग्रेस सरकार में भी व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो पाया। दोनों स्टाफ नर्सों के डेपुटेशन आदेश स्वास्थ्य निदेशालय शिमला द्वारा क्रमशः 26 अप्रैल, 2021 और 22 नवंबर, 2021 को जारी हुए थे, जिन्हें बाकायदा आगामी आदेशों तक डेपुटेशन पर भेजा गया है, जो हैरान करने वाले आदेश हैं।





फाइल फोटो।

### आनी अस्पताल में 20 स्टाफ नर्स पद स्वीकृत

आनी अस्पताल में कुल 20 स्टाफ नर्स पद स्वीकृत हैं। इनमें 4 आउटसोर्स शामिल हैं। वर्तमान में इनमें से 8 पद खाली पड़े हैं। तैनात 12 में से भी 4 नर्सें डेपुटेशन पर भेजी गई हैं, जिससे अस्पताल में कार्यरत नर्सों पर भारी दबाव बढ़ गया है। शेष नर्सों को सुबह, दोपहर और शाम तीनों पाली में ड्यूटी निभानी पड़ रही है। ट्रेनिंग, छुट्टियां, दुर्घटनाएं व आपात स्थितियों के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय सामाजिक सुधार एवं आरटीआई संगठन सचेत संस्था ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए सीएमओ कुल्लू से तत्काल डेपुटेशन आदेश रद्द करने और खाली पदों को जल्द भरने की मांग की है।

इस बारे में सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर ने बताया कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है और चार वर्षों से जारी इन डेपुटेशन आदेशों की जानकारी पाकर वे स्वयं भी आश्चर्य चकित हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई जल्द की जाएगी।

## ढालपुर में आज होगा अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-14 वर्ग का क्रिकेट ट्रायल शनिवार को आयोजित किया जा रहा है। यह ट्रायल सुबह 10 बजे ढालपुर क्रिकेट मैदान में होगा। कुल्लू जिला क्रिकेट संघ के महासचिव शिव कपूर ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को आधार कार्ड, हिमाचली प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड/पासपोर्ट साइज दो फोटो सहित सभी मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। महासचिव ने स्पष्ट किया कि ट्रायल के लिए खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 सितंबर, 2011 या उसके बाद की होनी चाहिए। ट्रायल में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है, जिसकी राशि ट्रायल शुरू होने से ठीक पहले ली जाएगी। शिव कपूर ने सभी क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित तारीख व समय पर उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**खिलाड़ियों को मूल दस्तावेज लाना अनिवार्य**

# ग्रीनमैन किशन लाल यूरेशिया अफ्रो ग्लोबल अवॉर्ड से सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

यूरेशिया अफ्रो ग्लोबल कॉन्क्लेव का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर देश की उन महान विभूतियों को यूरेशिया अफ्रो ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में बेहतरीन कार्य किया हो। इसी कड़ी में मनाली के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण विद (ग्रीनमैन) किशन लाल को भी इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यूरेशिया अफ्रो मानवाधिकार, हरित अर्थव्यवस्था व निवेश कूटनीति पर आधारित है। यूरेशिया अफ्रो चैंबर ऑफ कॉमर्स, नई दिल्ली, भारत की ओर से किशन लाल का चयन हुआ था। आयोजकों ने इस अवसर पर कहा कि हमें यूरेशिया अफ्रो ग्लोबल कॉन्क्लेव 2025 के सभी विशिष्ट पुरस्कार विजेताओं को यह पुरस्कार देते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है। यह प्रतिष्ठित आयोजन यूरेशिया व अफ्रीका में एक स्थायी और सहयोगात्मक भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक नेताओं, राजनयिकों, नवप्रवर्तकों व मानवाधिकार अधिवक्ताओं को एक साथ लाता है। वहीं, ग्रीन मेन किशन लाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा



कि यह पुरस्कार उन लोगों को मिलता है, जिन्होंने समाज में बेहतरीन कार्य जैसे पर्यावरण के क्षेत्र में, पौधरोपण, साहसिक कार्य और अन्य ऐसे कार्य किए हो, जिससे समाज को प्रेरणा मिली हो उन्हें मिलते हैं। उन्होंने सभी सामाजिक संस्थाओं का भी आभार प्रकट किया, जिनका उन्हें सहयोग मिला है। किशन लाल एक मशहूर पर्यावरण विद हैं और हमेशा पर्यावरण को बचाने में लगे रहते हैं। इसके अलावा पौधरोपण में इनका अतुल्य योगदान है। वहीं, स्कूलों में जाकर पर्यावरण के प्रति नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन की ओर से जागरूकता फैला रहे हैं। किशन को जहां अंतरराष्ट्रीय ग्रीन मेन का अवॉर्ड मिल चुका है। वहीं, कई राष्ट्रीय पुरस्कार से भी अलंकृत है। किशन लाल नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के ब्रेंड एंबेसडर भी हैं और इसके तहत कई सामाजिक कार्य कर रहे हैं।

बधाई संदेश



Congratulations to the Anant Gyaan Daily & Digital TV team on completing two amazing years Your hard work in delivering honest, reliable, and useful news has made a real difference. Wishing you many more years of success and growth.
(Manmohan Sharma) IAS,
D.C. Solan


## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग मंत्री 13 व 14 को सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 13 व 14 दिसंबर को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 13 दिसंबर को शिलाई और द्राबिल में जनसमस्याओं का निराकरण करेंगे। उद्योग मंत्री 14 दिसंबर को शिलाई व पश्मी में जनसमस्याओं का निराकरण करेंगे।

### नुक्कड़ नाटक से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। छात्रों ने नशे का सेवन, मोबाइल का गलत उपयोग, तेज रफ्तार, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व जैसे मुद्दों पर जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। क्लब संयोजक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्रस्तुति सड़क सुरक्षा अभियानों का हिस्सा है और आगे भी रैलियां, कार्यशालाएं व जन-जागरूकता गतिविधियां जारी रहेंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-छात्र उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में आधुनिक व व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणात्मक, आधुनिक, संस्कारयुक्त तथा व्यवसायिक शिक्षा उपलब्ध करवा रही है, जिसके तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को अन्य विषयों के अतिरिक्त व्यवसायिक विषय की भी शिक्षा दी जा रही है। प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाबल अजीत चौहान ने बताया कि विद्यालय में इस शैक्षणिक सत्र से कक्षा 9वीं तथा 11वीं के 19 विद्यार्थी टेलीकॉम विषय की भी पढ़ाई कर रहे हैं, जिन्हें अन्य विषयों के साथ-साथ व्यवसायिक विषय भी पढाया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों के कौशल को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विषय के विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) के तहत विशेष कोर्स करवाया जाता है।

### बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर मेकिंग कंपटीशन व निबंध लेखन, स्लोगन आदि के द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन करवाया गया। इस नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और समाज के लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। संस्थान के भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ. कमल कुमार कोहली ने अपने संबोधन में बच्चों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया और उन्होंने सभी बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाई। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग कंपीटिशन में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड फर्स्ट ईयर बादल प्रथम और कंप्यूटर ट्रेड से मुस्कान दूसरे स्थान पर तथा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से निखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में इलेक्ट्रीशियन सेकेंड ईयर सूर्यांश प्रथम और विवेक दूसरे स्थान पर रहे। स्लोगन कंपटीशन में रमन प्रथम और तुषार दूसरे स्थान पर रहा। संस्थान के प्रधानाचार्य अजय वर्मा ने बच्चों को संदेश दिया कि आजकल समाज के युवा वर्ग विभिन्न तरह के नशे जैसे बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, चिट्टा, शराब, गांजा आदि नशे की चपेट में आ रहे हैं और दिन-प्रतिदिन अपनी जान गवा रहे हैं, तो उन्होंने बच्चों को इस तरह के नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### नौणी में 15 से होगी पौधों की वार्षिक बिक्री

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी 15 दिसंबर से किसानों के लिए फलों के पौधों की रोपण सामग्री की वार्षिक बिक्री शुरू करेगा। यह बिक्री नौणी के मुख्य परिसर में विश्वविद्यालय की नर्सरियों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थित विश्वविद्यालय के अनुसंधान स्टेशनों पर पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, विश्वविद्यालय और अन्य स्टेशनों पर बिक्री के लिए उपलब्ध पौधों की कुल संख्या 1.80 लाख से अधिक है। इस बिक्री के दौरान किसानों को सेब, कीवी, अनार, खुमानी, आडू, नेक्टरीन, चेरी, अखरोट, नाशपाती, प्लम आदि की विभिन्न किस्में उपलब्ध करवाई जाएंगी। सीडलिंग के साथ सेब के क्लोनल रूट स्टॉक पर तैयार पौधे भी उपलब्ध होंगे। लाहौल और स्पीति और पांगी के किसानों की सुविधा के लिए, बजौरा में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन से पौधों की बिक्री पहले ही शुरू कर दी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट में भी फल पौधों की वार्षिक बिक्री की तिथियों को आने वाले दिनों में सूचित की जाएगी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थित विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और अनुसंधान स्टेशन भी 15 दिसंबर से पौधों की बिक्री आरंभ करेंगे। विवि की ओर से पौधों की रेट लिस्ट अपनी साइट पर अपलोड कर दी गई है।

### चिट्टे से बचाव को लेकर कार्यक्रम आयोजित करेगा क्लब

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर प्रेस क्लब की बैठक प्रेस क्लब भवन नाहन में अध्यक्ष धर्म सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे तथा क्लब की गतिविधियों व सामाजिक दायित्व को बढ़ाने पर बल दिया। इस दिशा में नशे खासकर चिट्टे से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 जनवरी को क्लब के स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान भव्य कार्यक्रम का आयोजन क्लब की तरफ से किया जाएगा। इसको लेकर रूप रेखा तैयार की जाएगी। इसके अलावा क्लब की सदस्यता शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। वर्ष 2026 से इस दिशा में काम किया जाएगा। इसके अलावा निर्णय लिया गया कि क्लब की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में क्लब के सदस्यों के पहचान पत्र जारी करने की लेकरभी निर्णय लिया गया। बैठक में क्लब के वरिष्ठ सलाहकार एसपी जैरथ, अरूण साथी, रमेश पहाड़िया, महासचिव सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, दलीप सिंह, सुभाष शर्मा, पंकज जस्वाल, चंद्र ठाकुर, पंकज तन्हा, संध्या कश्यप, प्रदीप कल्याण, विनोद चंदोला, संजय कुमार, हेमंत कंवर, राजीव सोढ़ा आदि मौजूद रहे।

# सोलन जिले में चिट्टा मुक्त अभियान सभी के सक्रिय सहयोग से होगा सफल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



नशा मुक्ति का संदेश देते विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन सोलन द्वारा मादक पदार्थ चिट्टे के विरूद्ध चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत 'चिट्टा मुक्त सोलन' अभियान कार्यान्वित जा रहा है। अभियान के तहत 15 अक्तूबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक विस्तृत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इन गतिविधियों का उद्देश्य जिले में जन-जन को मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूक करना, मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना और पीड़ितों का पुनर्वास सुनिश्चित बनाना है। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा सप्ताहवार गतिविधियों की विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसी कार्य योजना के अनुसार सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थाओं, ग्राम पंचायतों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित बनाई जा रही है। डीसी ने कहा कि अभियान के तहत जागरूकता रैलियां, वॉकाथॉन, साइक्लोथॉन सहित जनसंपर्क कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। विद्यालयों, महाविद्यालयों में पोस्टर, नारा लेखन, निबंध और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन कर दिया गया है और इनकी सक्रिय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दैनिक आधार पर नशा मुक्ति शिविर आयोजित कर परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं और लोगों को नशाखोरी के विरूद्ध जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा स्वंय सेवकों को नशे के खिलाफ प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पुलिस विभाग द्वारा नशीले पदार्थों के व्यापार में संलिप्त तत्वों की पहचान कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले के सभी उपमंडलाधिकारियों द्वारा अभियान के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, ताकि अभियान का संचालन सुव्यवस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं अभियान का प्रतिदिन अनुश्रवण सुनिश्चित बना रहे हैं, ताकि अभियान के परिणाम और प्रभावशीलता पर लगातार नज़र रखी जा सके। उन्होंने कहा कि 'चिट्टा हमारे समाज, विशेषकर युवाओं के भविष्य पर सबसे बड़ा प्रहार है। 'चिट्टा मुक्त सोलन' अभियान केवल प्रशासनिक प्रयास नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक संकल्प है। हम सभी विभागों, संस्थाओं, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों को इस पहल का अभिन्न हिस्सा मानते हैं। मैं सभी अभिभावकों, युवाओं, शिक्षकों और नागरिकों से आग्रह करता हूं कि नशे के विरुद्ध इस जंग में सक्रिय रूप से आगे आएं। आपकी छोटी-सी जागरूकता, एक घर, एक बच्चे, और अंततः पूरे समाज को बचा सकती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सोलन पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ इस अभियान को परिणामोन्मुख बनाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 'नशा मक्त और सुरक्षित सोलन' के निर्माण में सहभागी बने ताकि भावी पीढ़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## व्यक्तिगत व सामुदायिक स्तर पर मानकों के अनुसार श्रेष्ठ शौचालय की श्रेणी में सम्मान प्रदान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक राहुल जैन ने उन ग्राम पंचायतों व लाभार्थियों को सम्मानित किया, जिन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मानदंडों के अनुसार व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय की श्रेणी में श्रेष्ठ आंका गया है।

राहुल जैन ने इस अवसर पर कहा कि यह चयन 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक कार्यान्वित किए गए 'हमारा शौचालय हमारा भविष्य' अभियान के तहत किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जिले में व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक स्थलों पर शौचालयों की साफ-सफाई व मरम्मत के कार्य के लिए विशेष अभियान कार्यान्वित किया गया। उन्होंने कहा कि विजेता ग्राम पंचायतों एवं व्यक्तियों के माध्यम से अन्य भी इस दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। राहुल जैन ने कहा कि स्वच्छता, स्वस्थ रहने की दिशा में अत्यन्त महत्वपूर्ण है और हम सभी को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता की दिशा में सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक शौचालय की श्रेणी में सोलन विकास खंड की ग्राम पंचायत नेरी कलां के गांव कमलोग स्थित सामुदायिक शौचालय परिसर, कुनिहार विकास खंड की ग्राम पंचायत गनागुघाट स्थित सामुदायिक शौचालय परिसर और नालागढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत बहेड़ी के गुणाह गांव में बाबा हरिपुर चौकी टालगढ़ के समीप स्थित सामुदायिक शौचालय परिसर को मानकों के अनुसार सर्वश्रेष्ठ पाया गया।

सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय की श्रेणी में सोलन विकास खंड की ग्राम पंचायत सेर बनेड़ा के गांव बगोर की गीता शर्मा पत्नी महादेव राम, कुनिहार विकास खंड की ग्राम पंचायत दानोघाट के गांव सेर गलोटिया के राकेश कुमार सुपुत्र गोपाल सिंह, नालागढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत मलपुर के गांव कैंदुवाला के नूर मोहम्म्द सुपुत्र बालिया तथा धर्मपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत रौडी के गांव डंघियारी के हेम राज सुपुत्र मेहर सिंह और हरदेव सिंह सुपुत्र शिनुराम को सम्मानित किया गया। जिला विकास अधिकारी रमेश शर्मा सहित जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि एवं व्यक्तिगत विजेता इस अवसर पर उपस्थित थे।

## सुबाथू पुलिस ने 6 चिट्टा तस्करों को दबोचा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस थाना सुबाथू की टीम चौकी क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए रवाना थी तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि अमित गेस्ट हाउस रडीयाणा में 6 व्यक्ति रुके हैं, जो चिट्टा/हेरोइन बेचने का धंधा करते हैं तथा चिट्टा लेने के आदी भी हैं।

इनके पास भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन बरामद हो सकता है, जो इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए उक्त गेस्ट हाउस में दबिश दी तथा उक्त गेस्ट हाउस के एक कमरा में ठहरे 6 व्यक्तियों जिनके नाम व पता इंदरदेव उर्फ दानु पुत्र स्व. मदन लाल निवासी गांव व डाकखाना मनडोढघाट तहसील सुन्नी जिला शिमला उम्र 40 वर्ष, विक्की डोगरा पुत्र ज्ञान सिंह निवासी गांव मतोट डाकखाना बगैन तहसील ठेयोग जिला शिमला उम्र 36 वर्ष, करण गौतम पुत्र हरीश कुमार निवासी तहसील सुन्नी जिला शिमला उम्र 24 वर्ष, निखिल रंजन पुत्र सतपाल रंजन निवासी गांव बलोआ डाकखाना व तहसील ठियोग जिला शिमला उम्र 29 वर्ष, राजेंदर शर्मा पुत्र शंकर देव निवासी गांव सबोट डाकखाना तातापानी तहसील करसोग जिला मंडी उम्र 31 वर्ष तथा निशु शर्मा पुत्र कृष्ण दत्त शर्मा निवासी गांव उल्लवी दक्खन छैला तहसील ठियोग जिला शिमला उम्र 27 वर्ष मालूम हुए के कब्जे से 2.47 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान उक्त मामले में संलिप्त आरोपीगणों से गहनता से पूछताछ की गई तथा मामले में सभी संलिप्त आरोपियों को बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार धारा 35(3) बीएनएसएस के नोटिस के तहत पाबंद किया गया। इस मामले की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त मामले में संलिप्त आरोपी इंदर देव उर्फ दानू एक अपराधिक प्रवृत्ति व आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ जिला शिमला व अन्य जिलों तथा बाहरी राज्यों के विभिन थानों में कुल 51 अपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं, जिनमें 4 मामले मादक पदार्थ अधिनियम, 23 मामले आबकारी अधिनियम, 17 मामले चोरी व सेंधमारी, 4 मामले सड़क दुर्घटना, 3 मामले मारपीट व अन्य धाराओं में पंजीकृत हैं इसके अतिरिक्त मामले में संलिप्त 5 अन्य आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## एनएचबी टीम ने धौलाकुआं औद्यानिकी अनुसंधान केंद्र का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन**



नर्सरी मान्यता प्रक्रिया को परखने के लिए नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड की टीम ने धौलाकुआं स्थित औद्यानिकी अनुसंधान केंद्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने नर्सरी इकाइयों, पॉलीहाउस संरचनाओं और फलों की विभिन्न प्रजातियों वाले मदर ब्लॉकों की गुणवत्ता व व्यवस्था का गहन मूल्यांकन किया।

एनएचबी निरीक्षण दल का नेतृत्व कंसल्टेंट-कम-चेयरमैन डॉ. वाई.सी. गुप्ता ने किया। उनके साथ उप निदेशक डॉ. एसके चौरसिया, डॉ. राज कुमार, विषय विशेषज्ञ डॉ. शिवाली धीमान सहित एनएचबी प्रतिनिधि मौजूद रहे। टीम ने केंद्र द्वारा तैयार की जा रही पौध उत्पादन प्रणाली का तकनीकी मूल्यांकन किया। केंद्र की सह निदेशक डॉ. प्रियांका ठाकुर और सहायक प्रोफेसर डॉ. शिल्पा ने टीम को आम, लीची, अमरूद, नींबू, अंजीर, सपोटा, अनार, बेर, फालसा, करौंदा, लोकाट और जामुन सहित प्रमुख फलों के मदर ब्लॉकों का निरीक्षण करवाया। कुल 5.66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली नर्सरी इकाइयों में पॉलीहाउस, कार्य-शेड और विशेष लीची मदर ब्लॉक शामिल हैं। धौलाकुआं केंद्र वर्तमान में मिट्टी और पॉलीबैग दोनों तकनीकों से उच्च गुणवत्ता वाले पौध तैयार कर रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए कुल 23,102 पौध उत्पादनाधीन हैं। केंद्र में 23 सिट्रस, 15 आम, 5 लीची तथा अमरूद, अंजीर, अनार, जामुन और सपोटा की अनेक प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है। पिछले एक दशक में केंद्र ने हिमाचल प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के हजारों किसानों को प्रमाणित नर्सरी पौध उपलब्ध करवाए हैं।

## रोटरी क्लब ने 15 दिव्यांग व्यक्तियों को दिए कृत्रिम अंग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने नाहन में रोटरी क्लब नाहन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 15 दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग प्रदान किए। उन्होंने रोटरी क्लब नाहन की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस पुनीत कार्य से जरूरतमंद व्यक्तियों को आत्मनिर्भर जीवन जीने का अवसर प्रदान होगा। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा प्रदान किए गए कृत्रिम अंगों से लाभार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उन्होंने आशा व्यक्त कि की रोटरी क्लब द्वारा इस प्रकार के कार्य भविष्य में भी किए जाएंगे। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी नाहन राजीव सांख्यान, जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा, रोटरी क्लब नाहन के प्रधान मनीष जैन, रसीका प्रकाश सहित रोटरी क्लब नाहन के सदस्य उपस्थित थे।

## प्रिया गुप्ता को राष्ट्रपति से राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर कंडाघाट में सम्मान समारोह

**प्रेम कश्यप, अनंत ज्ञान**



**कंडाघाट।** जिला सोलन के कंडाघाट की प्रिया गुप्ता ने विगत दिनों देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए युवा कलाकार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार पाने वाली वह प्रदेश की पहली महिला युवा है। यह सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने गृह क्षेत्र पहुंचने पर नगर पंचायत कंडाघाट के उपाध्यक्ष मनीष सूद और सभी पार्षदों के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इसमें मुख्य तौर से एसडीएम कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा ने सभी की तरफ से उनका सम्मान किया। राष्ट्रीय अवार्डी का ताम्र पत्र के साथ स्थानीय नगर पंचायत पहुंचने पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद रैली के साथ स्थानीय मिनी सचिवालय कंडाघाट पहुंचे जहां एसडीएम ने सभी की तरफ से उन्हें सम्मान दिया। प्रिया गुप्ता ने बताया कि पहाड़ी लघु चित्रकला में कांगड़ा चित्रकला शैली की कलाकृति के लिए उन्हें यह सम्मान मिला है। इसमें उन्हें ताम्रपत्र और दो लाख का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता पिता, पति,परिजनों और गुरुओं को दिया। नगर पंचायत स्थानीय लोगों और एसडीएम का स्वागत के लिए आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि वह प्रदेश की इस प्राचीन विधा को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने और गुरु शिष्य परम्परा से इसे अन्य को भी इसकी शिक्षा देने का काम करेगी। एसडीएम ने अपने सम्बोधन में उन्हें बधाई देते हुए कहा कि प्रिया ने प्रदेश और कंडाघाट का नाम रोशन किया।

## राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए पुलिस क्लब के 24 निशानेबाज चयनित

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**



राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी।

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब, धौलाकुआं के लिए यह गर्व का क्षण है। क्लब के कुल 24 प्रतिभाशाली निशानेबाजों ने 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

यह चैंपियनशिप नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 11 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली (पिस्टल) और भोपाल शूटिंग रेंज (राइफल) में आयोजित की जाएगी। क्लब के ये शूटर विभिन्न राइफल व पिस्टल इवेंट्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जो क्लब की बढ़ती खेल उत्कृष्टता में एक और मील का पत्थर है। हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, उनकी ऊर्जा को अनुशासित खेल गतिविधियों में लगाना और नशा मुक्ति पैदा करना है। क्लब वर्षों से युवा एथलीटों को स्वस्थ जीवन शैली, मानसिक अनुशासन और राष्ट्रीय स्तर के खेल अवसरों की ओर मार्गदर्शन करने के लिए एक मजबूत मंच के रूप में उभरा है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्लब से 50 मीटर प्रोन राइफल (पुरुष) में शुभम कुंडलास अपनी चुनौती पेश करेंगे, जबकि 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल (पुरुष) वर्ग में देवांश चौहान, शिवम कपिल और वरुण अत्री का चयन हुआ है। राजेश कुमार 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के साथ-साथ 10 मीटर एयर पिस्टल और 50 मीटर फ्री पिस्टल, तीनों इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। स्वास्तिका चौहान 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल (महिला) वर्ग में क्लब का प्रतिनिधित्व करेंगी। 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष) इवेंट में सचिन पाल, प्रवीण कुंडलास और अंश चौधरी हिस्सा ले रहे हैं, जबकि सचिन पाल 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में भी दावेदारी करेंगे। 50 मीटर फ्री पिस्टल (पुरुष) में सिमरनजीत सिंह और 50 मीटर फ्री राइफल (पुरुष) में सुरेश कुमार चयनित हुए हैं।युवा वर्ग के प्रतिभागियों में 10 मीटर एयर राइफल (जूनियर पुरुष) के लिए प्रियांशु और 10 मीटर एयर राइफल (युवा) के लिए सूर्यांश कपूर शामिल हैं। महिला जूनियर वर्ग में मीनाक्षी शर्मा 10 मीटर एयर राइफल (जूनियर महिला) में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी।

उप-युवा वर्ग (सब-यूथ) में भी कई होनहार निशानेबाज शामिल हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल (उप-युवा महिला) में आराध्या राजपूत हैं, जबकि 10 मीटर एयर राइफल (उप-युवा पुरुष) में ऋषभ और शौर्यवीर चौहान का चयन हुआ है। 10 मीटर एयर राइफल (उप-युवा महिला) में परी थापा, ओजस्वानी सिंह और दिव्यांशि सिंह शामिल हैं। दिव्यांशि सिंह 50 मीटर फ्री राइफल (उप-युवा महिला) में भी हिस्सा लेंगी।अन्य प्रतिभागियों में 10 मीटर एयर पिस्टल (युवा महिला) में आराध्या शर्मा, और 10 मीटर एयर पिस्टल (पुरुष) में सरनजीत सिंह और तेज सिंह शामिल हैं। रीता देवी 50 मीटर फ्री राइफल (महिला) में क्लब का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## रामकुमार ने पट्टा और भावगुड्डी स्कूल के मेधावी नवाजे

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान**



वार्षिक समारोह में सम्मानित किए गए छात्र मुख्यातिथि के साथ।

**कसौली।** दून विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार चौधरी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पट्टा तथा राजकीय उच्च विद्यालय भावगुड्डी में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोहों में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'चिट्टा मुक्त प्रदेश अभियान' के अंतर्गत उपस्थित सभी छात्रों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों को नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और भविष्य को नष्ट करने वाला मार्ग है, इसलिए प्रत्येक परिवार, अभिभावक और शिक्षक का दायित्व है कि वे बच्चों को इस बुराई से बचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। विधायक ने वार्षिक पारितोषिक समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी निरंतर अनुशासन, परिश्रम और लगन के साथ आगे बढ़ते हैं, वहीं सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी आह्वान किया कि वे मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर अपने-अपने उद्देश्यों की ओर दृढ़ता से अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा छिपी होती है और उसे सही दिशा, सहयोग व आत्मविश्वास मिलने पर वह किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है। राम कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार नशा मुक्ति के प्रति बेहद गंभीर है और प्रदेश को चिट्टा एवं अन्य नशे की प्रवृत्तियों से मुक्त करने के लिए निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। पंचायत से लेकर जिला स्तर तक विशेष समितियों का गठन किया गया है, नशा कारोबार में लिप्त लोगों की संपत्तियों को जब्त करने का प्रावधान किया गया है, और सूचना देने वालों को प्रोत्साहन राशि भी देय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का उद्देश्य स्पष्ट है। देश की युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित कर सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करना। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार सजग और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डे-बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना, सीबीएसई पैटर्न का विस्तार, प्राथमिक स्तर से वैकल्पिक अंग्रेजी माध्यम, डिजिटल शिक्षा और आधुनिक शिक्षण सुविधाओं का विकास तेज गति से हो रहा है। उन्होंने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करना उनका संकल्प है और इसी उद्देश्य के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल सहित सभी क्षेत्रों में तेज गति से कार्य जारी हैं। विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत पट्टा में गत तीन वर्षों में लगभग 6 करोड़ 4 लाख रुपए की राशि विभिन्न विकासात्मक कार्यों में व्यय की जा चुकी है।

## सोलन में आवारा कुत्तों के लिए बनेगा शेल्टर होम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहरों में आवारा कुत्तों के बढ़ते मामलों और उनसे जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर पशुपालन विभाग सोलन ने विस्तृत जानकारी साझा की है।

विभाग का मानना है कि इन नए निर्देशों से कुत्तों के प्रबंधन, नसबंदी और शेल्टर संचालन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनेगी। पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विवेक लांबा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि डॉग शेल्टर का उपयोग केवल उन कुत्तों के लिए किया जाएगा जिन्हें स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील सार्वजनिक स्थानों से हटाया जाएगा। ऐसे कुत्तों को रेस्क्यू कर शेल्टर में सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं, बाजार क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों में रहने वाले कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस उनके मूल क्षेत्र में ही छोड़ा जाएगा, ताकि उनके प्राकृतिक क्षेत्र और व्यवहार में अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। नसबंदी अभियान के संबंध में डॉ. लांबा ने बताया कि बद्दी और अन्य पशु चिकित्सालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। धर्मपुर में भी नसबंदी कार्य नियमित रूप से जारी है, जहाँ प्रतिदिन 10-12 कुत्तों की नसबंदी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यावहारिक रूप से एक साथ 100 कुत्तों को पकड़ना संभव नहीं है, इसलिए अभियान चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के एबीसी सेंटर में पोस्ट-ऑपरेटिव केयर की वर्तमान क्षमता केवल 17 कुत्तों की है, जिससे अधिक संख्या में कुत्तों को भर्ती कर पाना संभव नहीं है। विभाग इस क्षमता को बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। जिम्मेदारियों के बंटवारे पर डॉ. लांबा ने स्पष्ट किया कि कुत्तों को पकड़ने की जिम्मेदारी शहरी स्थानीय निकायों की है, जबकि शेल्टर की देखरेख पशुपालन विभाग करता है। विभाग को डाइट चार्ट, पानी की व्यवस्था और देखभाल से संबंधित सभी गाइडलाइंस प्राप्त हो चुकी हैं, जिनके आधार पर शेल्टर संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## ठोडो ग्राउंड में 14 को होगा हिंदू सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के ऐतिहासिक ठोडो ग्राउंड में 14 दिसंबर को एक विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजक समिति ने कार्य तेज कर दिया है। यह जानकारी समिति के सचिव सुमन शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। शर्मा ने बताया कि सोलन और आसपास की लगभग 85 सामाजिक संस्थाएं इस बड़े आयोजन में हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा और आयोजकों को उम्मीद है कि हजारों लोग इसमें उस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज की एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक होगा। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय भावनाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास है। आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील भी की गई। सुमन शर्मा के अनुसार सम्मेलन पांच प्रमुख बिंदुओं पर आधारित होगा। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक जागरूकता, स्वदेशी को लेकर लोगों के बीच जा रहे है। इन्हीं पंच प्रयोजनों को इस महाअभियान की आधारशिला बताया गया है।

## सुक्खू सरकार ने जन संकल्प के बहाने निकाली भड़ास : ओम आर्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली विधानसभा के युवा नेता और समाजसेवी ओम आर्य ने प्रदेश सरकार के तीन साल के जश्न को लेकर कहा कि जहां आपदा में सबसे अधिक नुकसान हुआ, वहीं इस सरकार ने जश्न मनाया। इससे असंवेदनशील बात कोई और नहीं हो सकती कि इस सरकार ने आपदा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय नमक छिड़कने का काम किया हैं।

पड्डल के मैदान से पूरे प्रदेश ने देखा कि कैसे इनके मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने एक-दूसरे के खिलाफ आंखे दिखाते हुए भड़ास निकाल रहे थे। जनता, अधिकारी और कर्मचारी भी ये देख हैरान रह गए कि यह कोई मंच आपसी खुन्नस निकालने का नहीं बल्कि आपदा पीड़ितों की मदद करने और उनकी संवेदनाओं के साथ चलने का था। 3 साल के उत्सव के बाद अपना विजन रखने का मंच जिस कार्यक्रम को सरकार ने बताया वहां सिर्फ केंद्र सरकार को कोसने का काम किया गया। सुक्खू सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि आने वाले 2 साल भी इसी तरह से केंद्र सरकार और पूर्व की भाजपा सरकार को कोसकर ही चलेंगे। ओम ने कहा कि सरकार का विजन पूरी तरीके से ब्लर हैं यह बात मंडी के मंच से साबित हो गई।



ओम ने कहा कि करीब दस करोड़ रुपए सरकारी कोष से इस सरकार ने क्या इसलिए खर्च किया कि आपस की लड़ाई सरेआम लड़ी जाए। क्या ये पैसा आपदा पीड़ितों को नहीं बांटा जाना चाहिए था ? ओम ने कहा कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ही व्यवस्था परिवर्तन का नाम देने वाली इस सरकार को खुद ही नंबर दे डाले कि मुख्यमंत्री सुक्खू जी ऐसा नहीं चलेगा। आज तक हम पर्दे के पीछे सुनते आए थे लेकिन अब हमनें भी सरेआम मंच पर लड़ाई दिखी। एक और बात हमें देखने को मिली और पूरी कांग्रेस ने भी देखी कि जिस हॉली लॉज के सहारे यह सरकार सत्ता में आई उनका न तो कोई फोटो और पोस्टर दिखा और खुद भी पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उनका बेटा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य मौजूद नहीं थे। ये दिखाता है कि कांग्रेस में वीरभद्र सिंह कांग्रेस के लोगों को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके मित्र ही खत्म करने पर तुले हुए हैं।

# कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, प्रशासन में हड़कंप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अमृतसर के प्रतिष्ठित सीनियर स्टडी स्कूल को शुक्रवार सुबह एक संदिग्ध कॉल/मैसेज के माध्यम से बम धमाके की धमकी मिली।

इसके बाद प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन की ओर से जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी करवा दी गई है। सूचना मिलते ही बम डिस्पोजल स्क्वाड, डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और पूरे स्कूल परिसर को खाली करा दिया गया। बच्चों को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया। अचानक हुई इस घटना से अभिभावकों में भी डर और अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन पुलिस ने सबको स्थिति पर नियंत्रण होने का भरोसा दिलाया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सीनियर स्टडी स्कूल के साथ-साथ शहर और आसपास के कई अन्य स्कूलों को भी इसी तरह की धमकी मिली है। इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और बढ़ा दी गई है तथा सभी लोकेशनों पर सर्च ऑपरेशन जारी है।

### अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

**साइबर** सेल कॉल/मैसेज के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। हालांकि अब तक किसी भी स्कूल से विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और हर एंगल से जांच की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। पुलिस जल्द ही इस पूरे प्रकरण पर विस्तृत रिपोर्ट जारी करेगी।

# साहिबजादों के जीवन से छात्र सीखें सिद्धांत अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता की शुक्रवार को चंडीगढ़ से वर्चुअल शुरुआत की। यह प्रतियोगिता साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अमर शहादत, साहस और अद्वितीय बलिदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास है।




इस वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेशभर के स्कूलों से लाखों बच्चे ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने वीर साहिबज़ादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी को नमन करते हुए सभी बच्चों से कहा कि साहिबज़ादों के बलिदान से जुड़ी कहानी को आप जितनी बार पढ़ेंगे, सुनेंगे और जानेंगे, उतने ही आप अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट और दृढ़ निश्चयी होंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेशभर में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में चार भाषाओं - हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी और संस्कृत में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता में वीर साहिबज़ादों के जीवन पर सारगर्भित निबंध लिखकर बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। इस प्रतियोगिता के लिए उन्होंने बच्चों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों श्री जोरावर सिंह जी और श्री फतेह सिंह जी ने केवल नौ साल और छः साल की उम्र में अपने जीवन में हिम्मत और सच्चाई दिखाकर हम सबको प्रेरणा दी है।

हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 से प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया, ताकि पूरा देश इन शूरवीरों को हमेशा याद रखे। उन्होंने कहा कि छोटे साहिबज़ादों का बलिदान हमें सिखाता है कि छोटी उम्र में भी बड़ी जिम्मेदारी निभाई जा सकती है। इसलिए, हर विद्यार्थी हिम्मत और सत्यनिष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करे, अपने संस्कारों और मूल्यों को संरक्षित रखते हुए देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दे। सभी विद्यार्थी अपना जीवन निडर होकर, कठिनाइयों का सामना करते हुए जिएं क्योंकि साहस वही दिखाता है जो सच्चाई के लिए खड़ा होता है।

# जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स समर्थित हरियाणा स्टीलर्स अकादमी का हुआ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा समर्थित हरियाणा स्टीलर्स अकादमी का औपचारिक उद्घाटन कर दिया गया है। यह अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र पूरे देश से चुने गए युवा कबड्डी खिलाड़ियों को विश्व-स्तरीय प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

अकादमी में 17 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 30 उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा, जिन्हें देशभर में आयोजित विभिन्न ट्रायल्स और टूर्नामेंटों के माध्यम से चुना गया है। यह खिलाड़ी हरियाणा स्टीलर्स—जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की प्रोफेशनल कबड्डी टीम, जिसने 2024 में पीकेएल-11 का खिताब जीता था। उसके मार्गदर्शन में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह कार्यक्रम जेएसडब्ल्यू के New Young Player Program के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पीकेएल की फ्रेंचाइजी टीमों के युवा खिलाड़ियों को भी पेशेवर स्तर पर तैयार किया जाएगा। खिलाड़ियों को वैज्ञानिक एवं नवाचार-आधारित प्रशिक्षण, शारीरिक-मानसिक विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, विशेषज्ञ कोचिंग और स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों को ट्यूशन, हॉस्टल, पोषण और उन्नत खेल प्रशिक्षण सहित पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। सालभर हरियाणा स्टीलर्स के बैनर तले आयोजित ग्रासरूट टूर्नामेंटों में भागीदारी से खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव भी मिलेगा।



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की ओर से समर्थित हरियाणा स्टीलर्स अकादमी का किया गया उद्घाटन।

## न्यूज ब्रीफ

### लायंस क्लब चंडीगढ़ ने वस्त्र प्रदान किए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लायंस क्लब चंडीगढ़ होस्ट ने अपने सेवा प्रोजेक्ट के तहत 9 जरूरतमंद महिलाओं को यूनिफार्म, स्वेटर एवं जूते प्रदान किए। यह सभी महिलाएँ स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए खाना बनाने का कार्य करती हैं। इस परियोजना को लायन श्रीमती वीना कुमार द्वारा प्रायोजित किया गया। एमजेएफ लायन आनंद साहनी, अध्यक्ष लायन एचएस अटवाल और सचिव लायन जगदीश कुमार के अलावा लायन वीके गुप्ता, लायन ओपी कटारिया तथा क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### 20 वर्षीय छात्र ने 14वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** खेड़ीपुल थाना क्षेत्र की सेक्टर-75 स्थित पाम सोसाइटी में शुक्रवार को एक 20 वर्षीय छात्र ने 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय छात्र घर में अकेला था। सोसाइटी के निवासियों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके से छात्र का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतक की पहचान मानव जोशी के रूप में हुई है, जो अपने पिता समीर और मां के साथ पाम सोसाइटी में रहता था। मानव एक निजी संस्थान में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसके माता-पिता दिल्ली की निजी कंपनियों में कार्यरत हैं। पिता समीर के अनुसार, मानव पढ़ाई में अच्छा था और उसने कभी किसी तनाव की बात घर में नहीं की। गुरुवार को भी पिता-पुत्र की सामान्य बातचीत हुई थी, जिसमें किसी तरह की चिंता का संकेत नहीं मिला। सोसायटी निवासियों ने समीर को फोन कर बताया कि मानव ने बालकनी से छलांग लगा दी है और उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। समीर तत्काल अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मानव को मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार गहरे सदमे में है और आत्महत्या के पीछे का कारण समझ नहीं आ रहा। पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्र के मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटनाक्रम से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

# इंडियाज गॉट टैलेंट में शान और सिद्धू ने अनु मलिक की मजेदार नकल की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

इंडियाज गॉट टैलेंट के आगामी एपिसोड में दर्शकों की पसंदीदा जोड़ी दिव्यांश और ऋषभ एक बार फिर मंच पर धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ लौट रहे हैं। उन्होंने अनु मलिक के सुपरहिट गाने 'ये काली काली आँखें' पर बीटबॉक्सिंग, वोकल्स और रिदम का ऐसा ज़बरदस्त मिश्रण पेश किया कि जज अपनी सीटों से खड़े होकर तालियाँ बजाने लगे।

उनका ये शो-स्टॉपर एक्ट पूरी तरह छा गया। इसके बाद असली मज़ा तब शुरू हुआ जब शान और सिद्धू ने बिना किसी अतिरिक्त कोशिश के अनु मलिक की नकल उतारनी शुरू कर दी। क्लासिक अनु मलिक स्टाइल में शान माइक्रोफोन की ओर झुककर बोले, 'आपने कमाल कर दिया... आग लगा दी!' वहीं सिद्धू की अनु मलिक अंदाज में परफॉर्मेंस पर टिप्पणी ने मनोरंजन का स्तर और भी बढ़ा दिया। मलाइका अरोड़ा ने कहा, 'मैंने पहले कभी बीटबॉक्सिंग नहीं सुनी, यह पहली बार है कि मैं इसे सुन रही हूं।' बीटबॉक्सर दिव्यांश ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'जब मैं 2018 में पहली बार मुंबई आया था, तो शान सर ने ही मुझे पहला ब्रेक और मौका दिया था। आज मैं जो भी हूं, उनकी सपोर्ट, दुआओं और प्यार की वजह से हूं। शान ने तुरंत यादें ताज़ा करते हुए अपने अमर हिट गाने 'मैं ऐसा क्यूं हूं' को गाकर माहौल को और भी शानदार बना दिया। अद्भुत टैलेंट, नॉस्टैल्जिया, ह्यूमर और दिल छू लेने वाले पलों का यह अनोखा संगम इस एपिसोड को संगीत, मनोरंजन और आइकॉनिक ऑन-स्टेज मोमेंट्स के शौकीनों के लिए एक जरूर देखने वाला बना देता है।

# नायब सरकार ने ग्रामीण विकास को दी रफ्तारः अरविंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को निरंतर गति दे रही है। सड़कों के सुदृढ़ीकरण से लेकर किसानों के सामाजिक और आर्थिक संरक्षण तक किए जा रहे प्रयासों से किसान वर्ग में संतुष्टि का वातावरण है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनका मान सम्मान निरंतर बढ़ता रहे। डॉ. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को गोहाना मार्केट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण सैनी और उनकी टीम के पदभार ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

# नरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय अभियान 'अयोध्या से शिखर' धर्म ध्वज श्रद्धा यात्रा का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के हिसार जिले के गांव मिंगनी खेड़ा निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक विशेष प्रेस वार्ता में 'अयोध्या से शिखर' धर्म ध्वज श्रद्धा यात्रा नामक एक अद्वितीय आध्यात्मिक-राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार 'अयोध्या से शिखर' धर्म ध्वज श्रद्धा यात्रा नामक इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ करने वाले भारत के पहले पर्वतारोही है।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक शक्ति, सांस्कृतिक पहचान और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का संदेश विश्व के सर्वोच्च पर्वत शिखरों तक पहुंचाना है। अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 फुट लंबा धर्म दिवस फिर आया था उससे प्रेरित होकर उसकी प्रतिलिपि 21 दिसंबर से माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की यात्रा आरंभ कर रहे हैं और इस धर्म ध्वज की प्रतिलिपि माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में फहराएंगे, उसके बाद 2026 में हम दुनिया के सात महाद्वीप के शिखर पर जाकर धर्म ध्वज को फहराकर श्री राम के नाम का वर्णन करेंगे। 'अयोध्या से शिखर' धर्म ध्वज श्रद्धा यात्रा नामक राष्ट्रीय अभियान जिसके अंतर्गत श्रीराम धर्म ध्वज की पवित्र प्रतिकृति को विश्व के सभी सर्वोच्च शिखरों पर प्रतिष्ठित करने जा रहे नरेंद्र कुमार, जो फिट इंडिया एंबेसडर और इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन के संबद्ध सदस्य भी हैं, ने माउंट ल्होत्से, अन्नपूर्णा-1, मनासलु, किलिमंजारो और माउंट एल्ब्रस सहित कई अंतरराष्ट्रीय चोटियों का सफल आरोहण किया हुआ है। उन्होंने बताया कि यह अभियान भगवान श्रीराम मंदिर, अयोध्या के शिखर पर 22 फीट ऊंचे धर्म ध्वज के ऐतिहासिक ध्वजारोहण से प्रेरित है।



## देश-विदेश

# सेंसेक्स 449 अंक चढ़कर 85,267 पर बंद, निफ्टी में भी 148 का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 449 अंक चढ़कर 85,267 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 148 अंक चढ़ा, ये 26,046 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और 7 में गिरावट रही।




टाटा स्टील, जोमैटो और अल्ट्राटेक सीमेंट में 3% तक की तेजी रही। आईटीसी, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर में 2% तक की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में से 36 शेयरों में तेजी और 14 में गिरावट रही। एनएसई के मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.63% की तेजी रही। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी और बैंकिंग सेक्टर में भी तेजी देखने को मिली। एनएसई के मेटल, मीडिया, रियल्टी और बैंकिंग सेक्टर में तेजी देखने को मिल रही है। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत बिगड़ी

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष और देश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत और बिगड़ गई। किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। खालिदा का इलाज राजधानी ढाका के एवरकेयर अस्पताल में चल रहा है। बीएनपी नेत्री खालिदा लंबे समय से बीमार चल रही हैं। 23 नवंबर से इस अस्पताल में भर्ती 80 वर्षीय खालिदा जिया को इस वक्त इलेक्ट्रिव वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। वीरवार रात से खालिदा जिया की हालत कुछ ज्यादा गंभीर है। उनका सावधानी से इलाज चल रहा है। मेडिकल बोर्ड कहा कि उनकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम हिमंत बोले-1 लाख रुपए भी दूं तो मुस्लिम वोट नहीं देंगे, चाहे तो किडनी दे देंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम में वोट योजनाओं या पैसों से नहीं, बल्कि विचारधारा और सोच से तय होते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वे 10 हजार रुपए दें या 1 लाख, मुस्लिम वोटर उन्हें वोट नहीं देंगे। सरमा दिल्ली में एक निजी मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इस दौरान उनसे पूछा गया था कि क्या उनके पास बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह कोई योजना है, जिसमें महिलाओं को सीधे पैसे दिए जाते हैं, जैसे महिला रोजगार योजना में 21 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए मिलते हैं। सरमा ने उदाहरण देते हुए कहा- एक मुस्लिम वोटर ने मेरे काम की तारीफ की, जिन्हें हम मियां मुसलमान कहते हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ी तो किडनी भी दे देगा, लेकिन वोट नहीं देगा। असम में अवैध आबादी बढ़ रही है और मुस्लिम लोग बढ़ रहे हैं, जो राज्य के लिए समस्या है। 2021 में मुस्लिम आबादी 38% थी और 2027 में यह 40% तक पहुंच सकती है। 1961 से मुस्लिम आबादी हर दस साल में 4-5% बढ़ रही है। अगर यह 50% से ज्यादा हो गई, तो बाकी लोग मुश्किल में पड़ सकते हैं। इससे असम की पहचान खतरे में है। मियां मुसलमान और मुस्लिम महिलाएं हमसे अच्छे संबंध रखते हैं, लेकिन हमें वोट नहीं देंगे। अगर मुस्लिम वोटर सारे वोट कांग्रेस को भी दें, तो भी हमारी सरकार जीत जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# कफ सीरप मामले में ईडी ने की 25 ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी, रांची**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने जानलेवा कफ सीरप की खरीद-बिक्री से जुड़े 1000 करोड़ रुपए के अवैध कारोबार की जांच के तहत झारखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। रांची के तुपुदाना स्थित शैली ट्रेडर्स में भी सुबह से ही ईडी की कार्रवाई जारी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लखनऊ, बनारस, जौनपुर, सहारनपुर, अहमदाबाद और रांची सहित कई शहरों में एक साथ छापेमारी की जा रही है।

जांच के दायरे में कफ सीरप के अवैध व्यापार से जुड़े कारोबारी और चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं। झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित शैली ट्रेडर्स के संचालक भोला प्रसाद के प्रतिष्ठान और उनके फ्लैट में भी ईडी की टीम तलाशी ले रही है। भोला प्रसाद बनारस पुलिस में दर्ज एक प्राथमिकी में आरोपित हैं और अवैध कफ सीरप मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के रिश्तेदार बताए जाते हैं। शैली ट्रेडर्स का यह प्रतिष्ठान भोला प्रसाद ने भिलाई केमिकल के संचालक जगन्नाथ साहू से किराये पर लिया था। कुछ दिनों पहले बनारस पुलिस ने यहां छापेमारी की थी, लेकिन कफ सीरप की बरामदगी किसी अन्य स्थान से हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# गोवा अग्निकांड के आरोपी लूथरा भाइयों को भारत लाने की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**गोवा** के नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

थाईलैंड पुलिस ने वीरवार को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस हिरासत में लेगी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली की हवा फिर 'बहुत खराब' श्रेणी में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 332 पर पहुंच गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। 30 केंद्रों पर वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' थी, जबकि जहांगीरपुरी नामक एक केंद्र पर यह 'गंभीर' श्रेणी में थी, जहां एक्यूआई 405 दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, शून्य से 50 के बीच का एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'अत्यंत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।



दिल्ली की वायु गुणवत्ता शनिवार तक 'अत्यंत खराब' श्रेणी में रहने की संभावना है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) के अनुसार, अगले छह दिनों के पूर्वानुमान में भी वायु गुणवत्ता के बहुत खराब श्रेणी में रहने की आशंका जताई गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सापेक्षिक आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार, दिन के दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

# सोना 4,114 और चांदी 6,899 रुपए हुई महंगी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत शुक्रवार को ऑल टाइम पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सोने की कीमत 4,114 बढ़कर 1,32,710 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। वीरवार को इसकी कीमत 1,28,596 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इससे पहले 17 अक्तूबर को सोने की कीमत 1,30,874 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर थी। चांदी के दाम 6,899 बढ़कर 1,95,180 रुपए प्रति किलो हो गई है। ये लगातार तीसरे दिन अपने ऑल टाइम हाई पर है। इससे पहले वीरवार को चांदी 1,88,281/केजी और बुधवार को 1,86,350/केजी के ऑल टाइम हाई पर थी। यानी तीन दिन में ये 16,287 रुपए महंगी हुई है। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान ने नॉर्वे के राजदूत को भेजा समन

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नॉर्वे के राजदूत को तलब किया है और मानवाधिकार मामले में कोर्ट की कार्यवाही में 'बेवजह हाजिरी' को लेकर एक समन जारी किया है। राजदूत अल्बर्ट इल्सास वीरवार को मानवाधिकार कार्यकर्ता इमान जैनब मजारी-हाजिर और उनके पति हादी अली चट्ठा के विवादित सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़ी सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में शामिल हुए। उनकी मौजूदगी ने सोशल मीडिया पर सबका ध्यान खींचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि नॉर्वे के एम्बेसडर को एडिशनल विदेश सचिव (यूरोप) ने विदेश मंत्रालय में इस्लामाबाद में एक कोर्ट की कार्यवाही में उनकी बेवजह हाजिरी के संबंध में तलब किया। (अनंत ज्ञान)

# भारत के समुद्री बेड़े में 16 को शामिल होगा स्वदेशी गोताखोर जहाज 'डीएससी ए20'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** नौसेना के समुद्री बेड़े में 16 दिसंबर को गोताखोरी में सहायक स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित जहाज 'डीएससी ए20' को शामिल किया जाएगा। दक्षिणी कमान का हिस्सा बनने वाले इस जहाज का कमीशनिंग समारोह कोच्चि में होगा, जो नौसेना के लिए बड़ी उपलब्धि है।

इसके माध्यम से भारतीय नौसेना की गोताखोरी और जल के भीतर सहायता क्षमताओं में तेजी आएगी। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-



चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना की उपस्थिति में आयोजित होने वाला यह औपचारिक समारोह नौसेना की परिचालन क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रतीक होगा। डीएससी ए20 का निर्माण कोलकाता के टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) में किया गया है। गोताखोरी में सहायक पांच डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट श्रृंखला का यह पहला पोत है। इसको तटीय जलक्षेत्र में विभिन्न प्रकार के गोताखोरी और जलीय अभियानों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। यह पोत उन्नत एवं अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियों से सुसज्जित है, जो सुरक्षा, विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता के सर्वोच्च मानकों पर खरा उतरता है। नौसेना के मुताबिक, कैटामारन आधारित पतवार विन्यास वाले इस पोत में उत्कृष्ट स्थिरता, विस्तारित डेक क्षेत्र और बेहतर समुद्री योग्यता है। (अनंत ज्ञान)

## सरकार बोली- ग्लोबल एयर क्वालिटी रैंकिंग ऑफिशियल नहीं डब्ल्यूएचओ सिर्फ सलाह देता है

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत सरकार ने संसद में बताया कि दुनिया में कई संगठन जो एयर क्वालिटी (हवा की गुणवत्ता) की रैंकिंग देते हैं। यह कोई ऑफिशियल रैंकिंग नहीं होती। डब्ल्यूएचओ की एयर क्वालिटी गाइडलाइंस सिर्फ सलाह है। कोई देश उन नियमों को मानने के लिए बाध्य नहीं है। हर देश को अपनी जरूरत, भौगोलिक स्थिति और परिस्थिति के हिसाब से अपने मानक बनाने होते हैं। यह बात पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी तरह की बाहरी रिपोर्ट (ग्लोबल इंडेक्स) के आधार पर पॉलिसी नहीं बनाती। दरअसल पर्यावरण मंत्रालय से दुनियाभर में भारत की पॉल्यूशन, एयर क्वालिटी और वेदर मैनेजमेंट में गिरती रैंकिंग पर सवाल पूछा गया था। (अनंत ज्ञान)

# गुजरात के वलसाड में नदी पर बन रहा पुल गिरा, मजदूर घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**गुजरात** के वलसाड में औरंगा नदी पर बन रहे पुल के कंस्ट्रक्शन के दौरान, एक गर्डर डैमेज हो गया, जिससे पुल भरभराकर गिर गया। इस दौरान उस पर काम कर रहे करीब पांच मजदूर फंस गए। घटना के तुरंत बाद राहत बचाव का कार्य शुरू किया गया। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे की है। जब पुल के दो खंभों के बीच की स्लैब बनाने के लिए बनाई गई मचान का ढांचा भरभराकर ढह गया। इस हादसे में करीब पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए और मलबे के नीचे दब गए। (अनंत ज्ञान)

# थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने भंग की संसद, जल्द होंगे चुनाव

**एजेंसी, बैंकॉक।** थाईलैंड में प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने संसद भंग कर दी है और जल्दी चुनाव कराने का ऐलान किया है। चुनाव होने तक अनुतिन अस्थायी प्रधानमंत्री के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे 'जनता को सत्ता वापस लौटा रहे हैं'। राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने संसद भंग करने के आदेश को मंजूरी दे दी। अब कानून के अनुसार 45 से 60 दिन के अंदर चुनाव कराने होंगे। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सत्ता गठबंधन और सबसे बड़े विपक्षी दल पीपुल्स पार्टी के बीच झगड़ा हो गया था। विपक्ष संविधान बदलने और जनमत संग्रह की मांग कर रहा था, लेकिन सत्ता पक्ष ने वादा पूरा नहीं किया। इसलिए संसद में काम पूरी तरह रुक गया था। इस बीच थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर चार दिनों से संघर्ष जारी है। दोनों तरफ 20 लोग मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद भंग करने से सीमा पर सैन्य कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा, सेना अपना काम जारी रखेगी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### एमआई एमिरेट्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर आसान जीत

**एजेंसी, अबूधाबी।** फजलहक फारूकी की शानदार गेंदबाजी और जॉनी बेयरस्टो की उपयोगी पारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर सात विकेट से आसान जीत हासिल की। इस जीत से एमआई एमिरेट्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके अब चार अंक हो गए हैं और उसने अपने चार मैचों में से दो में जीत हासिल की है। नाइट राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। उसकी तरफ से अलीशान शराफू ने 38 और सुनील नारायण ने 26 रन बनाए। फारूकी ने 14 रन देकर चार जबकि कामिंडु मेंडिस ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। एमआई एमिरेट्स ने केवल 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। उसकी तरफ से मोहम्मद वसीम ने 12 गेंदों पर 27 रन, जॉनी बेयरस्टो ने 38 गेंदों पर नाबाद 49 रन और टॉम बैंटन 20 गेंदों में 29 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### भारत की 'बेखौफ' युवा हॉकी ब्रिगेड भविष्य लिखने को तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जूनियर विश्व कप में कांस्य जीतकर भारतीय हॉकी की नई पीढ़ी ने साबित कर दिया है कि छोटे कस्बों और साधारण पृष्ठभूमि से आए ये खिलाड़ी बड़े सपने पूरे करने की काबिलियत रखते हैं। हरियाणा के डाबरा के कप्तान रोहित, चोट से उबरकर लौटे तो डर भी साथ छोड़ दिया, अब उनका लक्ष्य ओलंपिक पदक है। ओडिशा के सुंदरगढ़ से आए अनमोल इक्का ने फुटबॉल से हॉकी की तरफ रुख किया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। वहीं साथी रोशन कुजूर ने घास के मैदानों से एस्ट्रो टर्फ तक की लंबी यात्रा तय की और मनप्रीत सिंह की तरह ओलंपिक में चमकने का सपना लिए आगे बढ़ रहे हैं। पंजाब के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने शूटआउट में बेहतरीन खेल दिखाकर वरिष्ठ खिलाड़ी श्रीजेश की जर्सी के योग्य खुद को साबित किया। मनमीत सिंह को हॉकी विरासत में मिली है और घरेलू डांट-फटकार ही उन्हें बेहतर बनने की प्रेरणा देती है। पंजाब के ही दिलराज के लिए हॉकी मां की कुर्बानियों से जन्मी जिम्मेदारी है, जबकि उत्तर प्रदेश के शारदानंद तिवारी फिर से बेल्जियम के खिलाफ निर्णायक गोल कर अपना पुराना अधूरा सपना पूरा कर चुके हैं। इन सभी की कहानियां बताती हैं–भारतीय हॉकी का भविष्य निडर, मेहनती और बेहद उम्मीदों से भरा है। (अनंत ज्ञान)

### पहलवान विनेश फोगाट का 2028 ओलंपिक में फिर दिखेगा दम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट ने ऐलान किया है कि वह संन्यास से लौटकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में एक बार फिर पदक की दावेदारी पेश करेंगी। 31 वर्षीय विनेश ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में मुकाबले से ठीक पहले वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक होने पर अयोग्य घोषित किए जाने के बाद गहरा झटका झेला था। फैसला न बदलने पर उन्होंने संन्यास लिया और राजनीति में कदम रखा, जहां वे हरियाणा के जुलाना से विधायक बनीं। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में विनेश ने कहा कि मैट, दबाव और उम्मीदों से दूर रहकर उन्हें अपने सफर का महत्व समझ आया। आत्मचिंतन ने उन्हें यह एहसास कराया कि खेल के प्रति उनका जुनून अब भी बरकरार है और वह दोबारा प्रतिस्पर्धा को तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में रेचल स्टलमैन

**सेंट लुइस।** सेंट लुइस की पूर्व टेनिस खिलाड़ी रेचल स्टलमैन को उनके खेल से ज्यादा उनकी खूबसूरती को लेकर जाना जाता है। उन्होंने कई सालों तक टेनिस खेला है। वह दिखने में काफी खूबसूरत और हॉट हैं। इंस्टाग्राम पर फैंस उनकी अदाओं के दीवानें हैं। इंस्टा पर रेचल के करीब 3 लाख से भी अधिक फॉलोवर्स हैं।



# धर्मशाला पहुंची टीम इंडिया व द. अफ्रीका, टी20 में होगी भिड़ंत

## कांगड़ा एयरपोर्ट पर हिमाचली संस्कृति से किया दोनों टीमों का भव्य स्वागत, खिलाड़ियों के दीदार को एयरपोर्ट पर प्रशंसकों का जमावड़ा

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**


कांगड़ा एयरपोर्ट से बाहर आते हुए टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी। फोटो : राज शर्मा

**धर्मशाला/गगल।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को खेले जाने वाले टी–20 मुकाबले के लिए दोनों टीमें धर्मशाला पहुंच चुकी हैं। टीम इंडिया टी–20 के कैप्टन सूर्या कुमार यादव के नेतृत्व में टीम इंडिया के शेर धर्मशाला में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दहाड़ने पहुंचे।

इसी के साथ साउथ अफ्रीकन खिलाड़ी भी धौलाधार के आंचल में बसे धर्मशाला में पहुंच चुके हैं। दोनों टीमों के शुक्रवार को आने की सूचना मिलते ही कई क्रिकेट प्रेमी अपने चहेते खिलाड़ियों के दीदार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे। चार्टर प्लेन से टीम इंडिया दोपहर एक बजकर पचास मिनट पर कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची, वहीं साउथ अफ्रीका टीम चार बजकर बीस मिनट पर पहुंची।

टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, अर्शदीप, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल कोच गौतम गंभीर के साथ, जबकि साउथ अफ्रीका टीम के कप्तान एडेन मार्कराम, हेंड्रिक्श, मार्करम, ब्रेबिश , डोनावन ,डेविड मिलर,क्विंटन डिकॉक सहित सभी खिलाड़ी धर्मशाला पहुंचे।

सबसे पहले कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों का हिमाचली संस्कृति के साथ जोरदार स्वागत किया गया एयरपोर्ट पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। टीम के पहुंचते ही एचपीसीए तथा जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध दिखाई दिए। पुलिस सुरक्षा के बीच टीम इंडिया को सीधे धर्मशाला स्थित उनके होटल ले जाया गया, जहां रहने की व्यवस्था की गई है।

#### क्रिकेट प्रेमियों में दिखा उत्साह

**कांगड़ा** एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के आगमन को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी प्रशंसकों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार किया धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी ने क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया है।

#### सर्द मौसम में गर्माहट लाएगा मुकाबला


**भारत**–साउथ अफ्रीका टी–20 सीरिज में दोनों ही टीमें एक–एक जीत के साथ बराबरी पर हैं। धर्मशाला की ठंडी फिजाओं में 14 दिसंबर का मुकाबला यहां के सर्द मौसम में गर्माहट लाने वाला होगा। दोनों ही टीमें एक–एक मैच जीत चुकी हैं, ऐसे में दोनों ही टीमें धर्मशाला में दूसरी जीत के मकसद से मैदान में उतरेंगी। 14 दिसंबर को मैच के उपरांत दोनों टीमें 15 दिसंबर को अपने अगले मुकाबले के लिए लखनऊ रवाना होंगी।

#### टीम इंडिया करेगी प्रेक्टिस साउथ अफ्रीका नहीं

**शनिवार** को टीम इंडिया के खिलाड़ी धर्मशाला में 14 दिसंबर के मुकाबले से पहले प्रेक्टिस करेंगे, जबकि साउथ अफ्रीका टीम के खिलाड़ी प्रेक्टिस नहीं करेंगे। दोनों ही टीमों की ओर से शनिवार को पत्रकार वार्ता की जाएंगी।

### टी20 विश्व कप से पहले टीम में अपनी जगह वापस पाने को बेताब शादाब

**एजेंसी, कराची।** टी20 विश्व कप से पहले टीम में अपनी जगह वापस पाने को बेताब पाकिस्तानी हरफनमौला शादाब खान अपनी फॉर्म और फिटनेस साबित करने के लिए बिग बैश लीग में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं । कंधे की चोट के कारण वह छह सप्ताह से टीम से दूर हैं । सिडनी थंडर्स के लिए खेलने वाले शादाब ने वर्चुअल बातचीत में कहा,''आस्ट्रेलिया में किसी भी स्तर पर क्रिकेट खेलना चुनौतीपूर्ण है और अगर मैं अपनी फॉर्म और फिटनेस साबित कर सका तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का दावा पुख्ता होगा।'' उन्होंने कहा कि पहली बार इतने पाकिस्तानी क्रिकेटर बिग बैश लीग खेल रहे हैं। उन्होंने कहा,''हम आस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप फाइनल हारे थे । इसके अलावा आस्ट्रेलिया में बड़ी तादाद में पाकिस्तानी और एशियाई समुदाय रहता है।'' बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान पहली बार बिग बैश खेल रहे हैं जबकि शादाब, हसन अली और हारिस रऊफ पहले खेल चुके हैं।




## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज से 9 विकेट से जीता दूसरा टेस्ट

### वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त, डफी ने मैच में लिए 6 विकेट

**एजेंसी, वेलिंगटन**




न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 9 विकेट से हरा दिया है। कीवी टीम ने इस जीत के साथ 3 मैच की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। पहला टेस्ट ड्रॉ हुआ था। दूसरा टेस्ट महज 3 दिन में खत्म हो गया। शुक्रवार को तीसरे दिन जैकब डबी की शानदार गेंदबाजी के सामने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी सिर्फ 128 रन पर सिमट गई। इस तरह न्यूजीलैंड को जीत के लिए 56 रन का टारगेट मिला। जिसे टीम ने सिर्फ एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। डफी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सीरीज का आखिरी और तीसरा टेस्ट गुरुवार से बे ओवल में शुरू होगा। वेस्टइंडीज दोनों पारियों में बड़ा स्कोर नहीं कर सकी वेलिंगटन टेस्ट में वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने 9 विकेट के नुकसान पर 278 बनाए। फील्डिंग के दौरान चोटिल हुए ब्लेयर टिकनर ने बल्लेबाजी नहीं की थी। ऐसे में टीम को 73 रन की बढ़त मिली। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी सिर्फ 128 रन पर सिमट गई और न्यूजीलैंड को 56 रन का टारगेट मिला। टारगेट का पीछा करने उतरी कीवी टीम के लिए डेवोन कॉनवे 28 और केन विलियमसन 16 रन बना कर नाबाद लौटे। कप्तान टॉम लैथम 28 बॉल पर 9 रन बनाए। उन्हें एंडरसन फिलिप ने हॉज के हाथों कैच कराया। (अनंत ज्ञान)

#### डफी ने 5 और माइकल ने लिए 3 विकेट

**वेस्टइंडीज** ने तीसरे दिन की शुरुआत 32/2 के स्कोर से की। टीम अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 128 रन बना सकी। केवेम हॉज ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। जस्टिन ग्रीव्स 25, ब्रेंडन किंग 22 और जॉन जॉन कैंपबेल 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे। बाकी 7 बैटर्स डबल डिजिट में भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के गेंदबाज जैकब डफी ने 5 विकेट लिए। माइकल रे ने 3 और जैक फोल्क्स ने 1 विकेट हासिल किया।

### मेस्सी का 'जीओएटी इंडिया टूर' आज से, कोलकाता में भव्य आगाज

**एजेंसी, कोलकाता**



अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी 2011 के बाद पहली बार भारत आ रहे हैं, लेकिन इस बार उनका दौरा पूरी तरह व्यावसायिक है और इसमें कोई फुटबॉल मैच शामिल नहीं होगा। 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' के तहत मेस्सी कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का 72 घंटे से कम समय में दौरा करेंगे।

कोलकाता में सॉल्ट लेक स्टेडियम में उनके 45 मिनट के कार्यक्रम के लिए 78,000 सीटें तय की गई हैं, जिनके टिकट 7,000 रुपए तक हैं। शहर ने 'मेस्सी लैंडमार्क' के रूप में 70 फीट ऊंची वर्चुअल रूप से अनावरण की जाने वाली प्रतिमा भी तैयार की है। मुंबई में मेस्सी फैशन शो में लुई सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ शिरकत करेंगे, जहां उनके वर्ल्ड कप अभियान से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी होगी। हैदराबाद में वह जीओएटी कप में भाग लेंगे, जिसमें प्रदर्शनी मैच, पेनल्टी शूटआउट और मास्टरक्लास शामिल हैं। दौरे का समापन दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ होगा। मेस्सी के आगमन को लेकर उत्साह के बीच कुछ पूर्व भारतीय खिलाड़ी आमंत्रित न किए जाने पर निराशा भी जता रहे हैं, जिनका कहना है कि यह आयोजन फुटबॉल विकास से अधिक प्रदर्शन आधारित है। (अनंत ज्ञान)

### एसए20 में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे केशव महाराज

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर स्पिनर केशव महाराज आगामी एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। महाराज सीमित ओवरों की क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 38 विकेट दर्ज हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने एसए20 में 33 मैचों में 7.3 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। एसए20 ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक महाराज खेल के विभिन्न प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक अनुभव रखते हैं। इसके साथ ही संयम, स्पष्टता और दृढ़ संकल्प के साथ टीमों का नेतृत्व करने का उनका शानदार रिकार्ड रहा है।''

विज्ञप्ति में कहा गया है,'' उनकी उपस्थिति से प्रिटोरिया कैपिटल्स की टीम को नए सत्र से पहले आवश्यक संतुलन और दिशा मिलती है।'' कैपिटल्स की नजरें एसए20 में अपने पहले खिताब पर टिकी हैं। वह 2023 में फाइनल में सनराइजर्स ईस्टर्न केप से हार गया था। (अनंत ज्ञान)

#### संन्यास से वापसी के फैसले पर डिकॉक बोले–

## किसी चीज को गंवाने पर ही पता चलती है उसकी असली कीमत

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले को पलटने के संबंध में कहा कि किसी चीज को गंवाने के बाद ही उसकी असली कीमत का एहसास होता है और अब उनकी रन बनाने की भूख पहले की तुलना में अधिक तेज हो गई है।

डिकॉक की भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 46 गेंदों पर खेली गई 90 रन की पारी देश के लिए दोबारा खेलने के प्रति उनके नए संकल्प का प्रमाण थी। पावर हिटिंग के इस दौर में डिकॉक पारंपरिक स्ट्रोकप्ले पर भरोसा करते हैं और बल्लेबाजी को सहज बनाते हैं। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था और 2024 में टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत से मिली हार के बाद से इस साल अक्तूबर तक उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला था। डिकॉक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के अपने फैसले के बारे में कहा, ''मुझे लगता है कि संन्यास लेने से पहले इस टीम के लिए मैच जीतने की मेरी भूख कम हो रही थी, लेकिन मैंने जो ब्रेक लिया उसने मेरी भूख को फिर से जगा दिया। मैं टीम के साथियों से कह रहा था कि मुझे नहीं लगता कि मैंने पहले कभी ऐसा महसूस किया है।'' उन्होंने कहा, ''जब आप युवा होते हैं तो आप सिर्फ रन बनाने और अपना प्रभाव छोड़ने के लिए खेलते हैं। मुझे अब एक नई ऊर्जा महसूस हो रही है, जहां मैं केवल खेल नहीं रहा हूं। मैं हर मैच को जीतने के लिए एक नई ऊर्जा के साथ खेल रहा हूं।''

डिकॉक ने कहा, ''पहले सुबह उठकर टीम के लिए दोबारा खेलना मुश्किल होता था। विशेषकर तब जबकि आपको लगातार क्रिकेट खेलनी पड़ रही हो। एक समय के बाद मैं इससे ऊबने लगा था। मैं नई चुनौती की तलाश में था और मुझे वह नहीं मिल रही थीं।'' उन्होंने कहा, ''संन्यास से वापसी के बाद अब मुझे ऐसा लग रहा है कि यही वो चीज है जिसकी मुझे सबसे ज्यादा कमी खल रही थी।'' (अनंत ज्ञान)

## स्पेन से हारकर दसवें स्थान पर रही भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम

**एजेंसी, सैंटियागो**



भारत को एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के अंतिम क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से 1–2 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से वह प्रतियोगिता में दसवें स्थान पर रहा। भारत की तरफ से एकमात्र गोल कनिका सिवाच ने 41वें मिनट में किया, जबकि स्पेन की तरफ से नतालिया विलनोवा (16वें) और एस्थर कैनालेस (36वें) ने एक–एक गोल किया।

पहले क्वार्टर में काफी रोमांचक खेल देखने को मिला। इस दौरान स्पेन एक समय गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था, लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने दो अवसरों पर शानदार बचाव करके गोल नहीं होने दिया। स्पेन को 14वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने एक बार फिर से बचा दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआती क्षणों में स्पेन ने जवाबी हमला किया और नतालिया विलनोवा ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने इसके बाद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने उसकी एक नहीं चलने दी। भारत का तरफ से सोनम ने 36वें मिनट में गोल कर दिया था लेकिन स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जिसके बाद यह गोल रद्द कर दिया गया। स्पेन ने इसके बाद दूसरा गोल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत को 41वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। सिवाच ने स्पेनिश गोलकीपर को छकाकर भारत का खाता खोला। भारत ने अंतिम क्वार्टर में बराबरी का गोल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने कुछ शानदार बचाव करके अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### पीटी उषा की मांग,'मेक इन इंडिया' से बने स्वदेशी डोप–टेस्ट किट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईओए अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पीटी उषा ने सदन में सरकार से 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी डोपिंगरोधी परीक्षण किटों के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की। उनका कहना है कि आयातित किटों पर निर्भरता से लागत बढ़ती है, परीक्षण में देरी होती है और पारदर्शिता प्रभावित होती है। वर्तमान में दो स्विस कंपनियां ही भारत को किट उपलब्ध करा रही हैं। उषा ने कहा कि डोपिंग भारतीय खेलों के लिए बड़ा खतरा है और 2036 ओलंपिक की बोली से पहले भारत को अपनी छवि सुधारने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी किट अनुसंधान, विनिर्माण और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा देंगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया पहले ही नाडा की परीक्षण क्षमता बढ़ाने का ऐलान कर चुके हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ सूत्र ने उषा की पहल का समर्थन करते हुए कहा कि किटें अत्यंत संवेदनशील होती हैं। (अनंत ज्ञान)

#### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड, भारत ने यूथ वनडे में बनाया सबसे बड़ा स्कोर

## वैभव सूर्यवंशी ने एक वनडे में लगाए 14 छक्के

**एजेंसी, दुबई**




भारतीय अंडर–19 टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ कमाल की पारी खेली। अंडर–19 एशिया कप के पहले मुकाबले में उनके बल्ले से 171 रन निकले। 95 गेंदों की पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके मारे। वह दोहरा शतक लगाने की तरफ बढ़ रहे थे लेकिन उदिश सूरी की गेंद पर बोल्ड हो गए। वैभव ने सिर्फ 56 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। जब वह आउट हुए तो भारत की पारी का 33वां ओवर ही चल रहा था।

अंडर–19 वनडे मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल के नाम था। 2008 में उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 12 छक्के मारे थे। 71 गेंदों में हिल ने 124 रन बनाए थे। अब वैभव सूर्यवंशी उनसे आगे निकल गए हैं। वैभव ने 95 गेंदों की अपनी पारी में 14 छक्के मारे। भारतीय बल्लेबाजों में यह रिकॉर्ड वैभव के ही नाम था। उन्होंने इसी साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ 143 रनों की पारी में 10 छक्के उड़ाए थे।

वैभव एशिया कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गए थे। हालांकि, उनका रिकॉर्ड कुछ ही समय में पाकिस्तान के समीर मिन्हास ने तोड़ दिया। पाकिस्तान का मुकाबला मलेशिया से हो रहा है। समीर ने उसमें 177 रनों की नाबाद पारी खेली। (अनंत ज्ञान)

#### अंबाती रायडू का रिकॉर्ड बाल–बाल बचा

**अंडर–19** वनडे मैच में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड अंबाती रायडू के नाम दर्ज था। 2022 में रायडू ने इंग्लैंड के किलाफ 177 रन ठोके थे। 114 गेंदों की पारी में उन्होंने 16 चौके और एक छक्का लगाया था। वैभव सिर्फ 6 रनों से उनसे पीछे रह गए। हालांकि, वह अंडर–19 एशिया कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज जरूरत बन गए। 2012 में उनमुक्त चंद ने पाकिस्तान के खिलाफ 121 रन बनाए थे। 2019 में अर्जुन आजाद के बल्ले से पाकिस्तान के खिलाफ ही 121 रन निकले थे।